वर्ष- 13 अंक - 257
लखनऊ, बुधवार 20 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बड़े मंगल पर सूरज अल्ट्रासाउंड पर हुआ भण्डारे का आयोजन 10

अशांति के दौर में भारत की सांस्कृतिक विरासत दुनिया के लिए प्रेरणा: जयवीर 03


# आतंकवाद पर 'नो कम्प्रोमाइज, नो डबल स्टैंडर्ड' का दिया संदेश : मोदी

## नॉर्डिक देश शत्रुता की शीघ्र समाप्ति व स्थायी शांति के प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे: प्रधानमंत्री

**एजेंसी, ओस्लो।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक तनाव और संघर्ष के मौजूदा दौर में भारत और नॉर्डिक देश नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूत करने तथा आतंकवाद के खिलाफ ''नो कम्प्रोमाइज, नो डबल स्टैंडर्ड'' की नीति पर एकजुट हैं। प्रधानमंत्री ने नॉर्डिक देशों के नेताओं के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि यूक्रेन, पश्चिम एशिया और अन्य क्षेत्रों में जारी संघर्षों के बीच भारत और नॉर्डिक देश शत्रुता की शीघ्र समाप्ति तथा स्थायी शांति के प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार आवश्यक भी है और अत्यंत जरूरी भी। मोदी ने कहा कि लोकतंत्र, कानून के शासन और



बहुपक्षवाद के प्रति साझा प्रतिबद्धता भारत और नॉर्डिक देशों को स्वाभाविक साझेदार बनाती है। प्रौद्योगिकी और स्थिरता के क्षेत्र में साझा प्राथमिकताएं दोनों पक्षों के बीच सहयोग के व्यापक अवसर पैदा कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आठ वर्ष पहले भारत-नॉर्डिक प्रारूप की स्थापना की गई थी और पिछले कुछ वर्षों में संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में भारत और नॉर्डिक देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग चार गुना बढ़ा है, जबकि नॉर्डिक देशों से भारत में निवेश में करीब 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि नॉर्डिक देशों के निवेश फंड भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भागीदार बन रहे हैं और तेज़ी से बढ़ते व्यापार तथा निवेश ने भारत के साथ-साथ नॉर्डिक देशों की अर्थव्यवस्थाओं में भी सकारात्मक योगदान दिया है तथा हजारों नई नौकरियां पैदा की हैं। मोदी ने कहा कि अक्टूबर 2025 से नॉर्वे, आइसलैंड और अन्य ईएफटीए देशों के साथ व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौता लागू किया गया है। इसके अलावा हाल ही में भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता भी हुआ है, जिसमें डेनमार्क, फिनलैंड और स्वीडन भागीदार हैं।

### भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन: हरित विकास, प्रौद्योगिकी और निवेश बढ़ाने पर बनी सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली।** तीसरे भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में देशों ने हरित विकास, प्रौद्योगिकी, रक्षा, शिक्षा और समुद्री अर्थव्यवस्था समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। सम्मेलन में भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) तथा भारत–ईएफटीए व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) का लाभ उठाकर व्यापार और निवेश बढ़ाने पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। इसमें पांचों नॉर्डिक देशों डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन, स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन, नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गार स्टोरे, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब और आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रून फ्रॉस्टाडॉटिर भी शामिल हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य भारत के विशाल दायरे और नॉर्डिक नवाचार के बीच सेतु बनाकर भविष्य को सशक्त बनाना रहा। प्रधानमंत्री मोदी तीसरे भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के लिए ओस्लो में अपने नॉर्डिक समकक्षों के साथ शामिल हुए। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच, भारत और नॉर्डिक देशों के बीच साझेदारी स्थिरता और सतत विकास की एक मज़बूत शक्ति बनी हुई है। नेताओं ने इन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए भारत–नॉर्डिक संबंधों को 'हरित प्रौद्योगिकी और नवाचार रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि भारत और नॉर्डिक देशों ने पिछले कुछ वर्षों में असाधारण प्रगति की है। व्यापारिक संबंध मजबूत हुए हैं और निवेश संबंध काफी गहरे हुए हैं। आज के भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि हमने अपने संबंधों को हरित प्रौद्योगिकी और नवाचार रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

## नक्सल मुक्त बस्तर को विकास और समृद्धि का मॉडल बनाएंगे: अमित शाह



**एजेंसी, जगदलपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद के खात्मे का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है और अगले पांच वर्षों में बस्तर को नक्सल मुक्त कर विकास, समृद्धि और संतृप्ति के मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब बस्तर में विश्वास और भविष्य के प्रति आशा का वातावरण दिखाई दे रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि बस्तर के विकास की कार्ययोजना में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार केवल सड़क, भवन और अन्य आधारभूत संरचना विकसित करने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि स्थानीय संसाधनों पर आधारित रोजगार सृजन, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आदिवासी समुदाय की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि अब सेवा डेरों के माध्यम से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बैंकिंग, डिजिटल सेवाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सरकारी सुविधाओं की पहुंच बढ़ने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर देश के अन्य हिस्सों की तुलना में विकास की दौड़ में 30-40 वर्ष पीछे रह गया है। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार यहां आधारभूत संरचना, सिंचाई परियोजनाएं, रेलवे कनेक्टिविटी और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर तेजी से काम कर रही है। उन्होंने बस्तरवासियों और विशेष रूप से आदिवासी समाज से अपील करते हुए कहा कि जो लोग दशकों तक बंदूक के साए में बस्तर को रोककर रखना चाहते थे, उनके बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि वे भेष बदलकर बहकाने के लिए आयेंगे, बहकावे में मत आना, बहकावे के लिए आने वालों से बस्तर की जनता बात करना चाहती है तो उनसे 50 साल का हिसाब मांगना, फिर बात करेंगें। उन्होंने कहा कि जनता को अपनी चुनी हुई पंचायत, जिला पंचायत, राज्य सरकार और भारत सरकार पर भरोसा रखना चाहिए, क्योंकि यही संस्थाएं बस्तर को विकास की नई दिशा दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में अब नए सूर्योदय की शुरुआत हो चुकी है और केंद्र व राज्य सरकार मिलकर यहां के युवाओं, महिलाओं और आदिवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**भारत सरकार ने बस्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सुरक्षा से विश्वास, विश्वास से विकास, विकास से समृद्धि और समृद्धि से संतृप्ति की कार्य योजना तैयार की है: केंद्रीय गृहमंत्री**

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने बस्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सुरक्षा से विश्वास, विश्वास से विकास, विकास से समृद्धि और समृद्धि से संतृप्ति की कार्य योजना तैयार की है, जिसमें युवाओं और महिलाओं के भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए वैज्ञानिक कार्यक्रम तैयार करना। जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले पांच वर्षों में बस्तर के नागरिकों की औसत आय 6 गुना तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से शुरू किए गए बस्तर पंडुम ने स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का काम किया है। बस्तर पंडुम में स्थानीय भाषा, व्यंजन, हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाओं को मंच दिया गया। उन्होंने बताया कि एक वर्ष पहले शुरू हुए इस आयोजन में पहले चरण में 45 हजार लोगों ने भाग लिया था, जबकि बाद में यह संख्या बढ़कर 3 लाख 54 हजार तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि गांव स्तर से शुरू होकर तहसील, जिला और संभाग स्तर तक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीडीए के अधिकारी-कर्मचारी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के सहायक सतर्कता अधिकारी दीपक यादव और बहु-कार्य कर्मचारी (एमटीएस) तरुण को 50 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दोनों पर एक सतर्कता मामले में अनुकूल जवाब भेजने के बदले रिश्वत मांगने और लेने का आरोप है। सीबीआई के अनुसार यह मामला 18 मई को डीडीए के पूर्व उपनिदेशक की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया। आरोप लगाया गया कि डीडीए के सहायक सतर्कता अधिकारी दीपक यादव ने शिकायतकर्ता के खिलाफ चल रहे सतर्कता मामले में उसके मूल विभाग को अनुकूल जवाब भेजने के बदले पांच लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। जांच एजेंसी ने बताया कि बातचीत के बाद आरोपित तीन लाख रुपये लेने पर सहमत हो गया। इसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाकर कार्रवाई की और 18 मई को दीपक यादव को डीडीए के बहु-कार्य कर्मचारी तरुण के माध्यम से 50 हजार रुपये रिश्वत की पहली किस्त लेते समय रंगे हाथों पकड़ लिया। यह राशि कुल तय तीन लाख रुपये का हिस्सा थी। मामले में आगे की जांच जारी है।

### एनएचआरसी का अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इस माह (मई) के लिए ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया है। एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमणियन ने मंगलवार को बताया कि दो सप्ताह का यह कार्यक्रम 29 मई 2026 को समाप्त होगा। विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमियों से 100 विश्वविद्यालय स्तरीय छात्रों को 1,417 आवेदकों में से चुना गया है। भारतीय धर्मग्रंथों में सबसे बड़ा धर्म माने जाने वाले 'दया' या सहानुभूति के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को समाज और मानवाधिकारों के मुद्दों के प्रति अधिक सहानुभूतिपूर्ण, निष्पक्ष और संवेदनशील बनाना है। एनएचआरसी के महासचिव भरत लाल ने दैनिक जीवन में संवेदनशीलता और करुणा की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रशिक्षुओं से जरूरतमंदों की सहायता करने का आग्रह किया। उन्होंने दो सप्ताह के इस कार्यक्रम के उद्देश्य को रेखांकित किया, जिसका लक्ष्य प्रशिक्षुओं के चरित्र निर्माण और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है।

# ऋषिकेश रेल हादसे में लापरवाही के संकेत

**एजेंसी, ऋषिकेश।** योगनगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन के समीप उज्जैनी एक्सप्रेस के तीन डिब्बों के पटरी से उतरने की घटना के बाद मंगलवार को भी रेलवे प्रशासन की ओर से राहत और मरम्मत कार्य जारी रहा। क्षतिग्रस्त डिब्बों को ट्रैक से हटाने, ओएचई लाइन दुरुस्त करने और रेलवे ट्रैक की मरम्मत का काम दिनभर चलता रहा। इस बीच रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी ली। घटना के बाद रेलवे मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनिता श्रीवास्तव तथा रेलवे के जीएम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में शंटिंग के दौरान गंभीर लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। रेलवे के अनुसार उज्जैन से चलकर आने वाली उज्जैनी एक्सप्रेस (14318) सोमवार शाम 5:26 बजे योगनगरी ऋषिकेश स्टेशन पहुंची थी। इसके बाद ट्रेन को वाशिंग लाइन की ओर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान



▸ 60 किमी की रफ्तार से दौड़ी थी उज्जैनी एक्सप्रेस

अचानक ट्रेन की गति तेज हो गई और वह शंटिंग लाइन से आगे बढ़ते हुए आपातकालीन लाइन पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि ट्रेन लगभग तीन किलोमीटर तक 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती रही। जानकारों की मानें तो यदि इस ट्रेन की गति 10 से 15 किमी प्रति घंटा होती तो डिब्बों को इतना नुकसान नहीं पहुंचता। हादसे में स्लीपर क्लास के तीन डिब्बे पटरी से उतरकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रारंभिक स्तर पर शंटिंग प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की बात सामने आ रही है। ट्रेन को खड़ा करने के बाद स्टॉपर और सुरक्षा चेन नहीं लगाए जाने की चर्चा है। वहीं यह भी संभावना जताई जा रही है कि इंजन में शंटिंग पायलट मौजूद नहीं था, जिसके कारण ढलान पर ट्रेन अनियंत्रित होकर तेज गति से नीचे की ओर बढ़ गई। मामले में शंटिंग मास्टर, स्टेशन मास्टर और लोको पायलट की भूमिका भी जांच के दायरे में बताई जा रही है। मंगलवार को रेलवे इंजीनियरिंग विभाग ने क्षतिग्रस्त तीनों डिब्बों को ऊंचे ट्रैक से नीचे उतारने का काम किया। इसके साथ ही प्रभावित ट्रैक को दुरुस्त करने का कार्य भी जारी रहा।

### रेलवे ट्रैक के ऊपर से गुजरने वाली बिजली लाइन की तारें टूट गई थीं

हादसे में ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) के पांच पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए थे, जबकि करीब 300 मीटर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के ऊपर से गुजरने वाली बिजली लाइन की तारें टूट गई थीं। रेलवे ने आज सुबह से बिजली लाइन की मरम्मत शुरू कर दी। इस दौरान शंटिंग यार्ड में डीजल इंजन की मदद से संचालन किया गया तथा एक ट्रेन को डीजल इंजन से हरिद्वार के लिए रवाना किया गया। दून एक्सप्रेस हरिद्वार में रद्द, यात्रियों रोडवेज बसों से ऋषिकेश भेजा–योगनगरी ऋषिकेश स्टेशन यार्ड में ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना के बाद रेलवे की ओर से गाड़ी संख्या 13009 (दून एक्सप्रेस) को हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर रद्द कर दिया गया है। यह गाड़ी हावड़ा से योगनगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर आती है। इस गाड़ी में सवार 200 यात्रियों को रोडवेज की बसों के माध्यम से योगनगरी रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया। यात्रियों को रेलवे की ओर से शीतलपेय, बिस्किट्स, नाश्ता की व्यवस्था की गई थी।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने बी. सी. खंडूरी के निधन पर शोक जताया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बी.सी. खंडूरी के निधन पर मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए सैन्य सेवा और राजनीतिक जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान को याद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने शोक संदेश में कहा कि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) बी.सी. खंडूरी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवा देने के बाद उन्होंने जन सेवा के क्षेत्र में ईमानदारी, सादगी, पारदर्शिता और विकास की राजनीति का उदाहरण प्रस्तुत किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश तथा उत्तराखंड के विकास, सुशासन और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव स्मरणीय रहेगी। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने संदेश में कहा कि बी.सी. खंडूरी के निधन से देश ने एक विशिष्ट सैनिक, सक्षम प्रशासक और दुर्लभ ईमानदारी वाले राजनेता को खो दिया है।

## आसमान से बरसी आग, बांदा 48.2 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म



▸ प्रदेश में अगले दो दिनों तक लू से भी भीषण लू का रेड अलर्ट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** यूपी के करीब सभी जिले मंगलवार को भीषण गर्मी की चपेट में रहे। लू के प्रकोप से बेहाल रहे बुंदेलखंड का बांदा जिला देश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार गर्मी से राहत की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। प्रदेश में अगले दो दिनों तक लू से भी भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि उसके बाद ऑरेंज अलर्ट जारी रहेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों तक उष्ण रातें रहेंगी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ है और तेज सतही हवाओं के साथ प्रदेश के कई जिलों में लू से लेकर भीषण लू चलने की स्थिति बनी हुई है। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई शहरों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है।

## उ.प्र. का कुख्यात गैंगस्टर 'शोले सिंह' सूरत से गिरफ्तार

▸ पुलिस ने उसे दो देसी पिस्टल और 6 जिंदा कारतूस के साथ दबोचा

**एजेंसी, सूरत।** गुजरात की सूरत क्राइम ब्रांच ने उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर आनंद सिंह उर्फ 'शोले सिंह' को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपित लंबे समय से यूपी पुलिस और एसटीएफ से बचने के लिए सूरत में छिपकर रह रहा था। पुलिस ने उसे पलसाणा इलाके से दो देसी पिस्टल और 6 जिंदा कारतूस के साथ दबोचा है। आरोपित पर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कुल 1.50 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि



आनंद सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के लखौंवा गांव का रहने वाला है। उसका असली नाम आनंद सिंह उर्फ सचिन सिंह अशोक सिंह ठाकुर है। वह जौनपुर और प्रतापगढ़ इलाके में अपना दबदबा कायम कर 'बाहुबली' बनना चाहता था। इसी उद्देश्य से उसने पिछले कई वर्षों में अपराधियों का गैंग तैयार किया, जिसका नाम 'शोलेसिंह जौनपुर वाला गैंग' रखा गया। बताया जा रहा है कि आरोपित बॉलीवुड फिल्म 'शोले' से बेहद प्रभावित था। उसने अपना नाम ही बदलकर 'शोले सिंह' रख लिया था। उसके सगे चाचा का नाम भी गब्बर सिंह बताया जा रहा है। फिल्म के पात्रों और डायलॉग से प्रेरित होकर उसने अपराध की दुनिया में अपना आतंक फैलाया। उसका गैंग जौनपुर और प्रतापगढ़ के व्यापारियों, बिल्डरों और प्रतिष्ठित लोगों को निशाना बनाती थी। आरोपित फोन पर करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगता था।

सूरत के एडिशनल पुलिस कमिश्नर करणसिंह वाघेला के अनुसार आरोपित शोले सिंह उत्तर प्रदेश के पांच गंभीर मामलों में वांछित था। इनमें चार हत्या के प्रयास और एक धमकी का मामला शामिल है। वर्ष 2025 में उसने अपने साथी नितेश तिवारी के भाई पर हुए हमले का बदला लेने के लिए सोनू उपाध्याय के घर जाकर तीन राउंड फायरिंग की थी। इसके अलावा बक्सा क्षेत्र में एक बंगाली डॉक्टर से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम नहीं मिलने पर डॉक्टर पर पांच राउंड फायरिंग कर उसके पैर में गंभीर चोट पहुंचाई थी।

### पेट्रोल-डीजल और सीएनजी कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ दिल्ली में आज प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ बुधवार को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय माकन के नेतृत्व में यह प्रदर्शन कोटला मुबारकपुर क्षेत्र के पिलिंजी गांव में आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस ने अपने अभियान को 'कमर तोड़ महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल' नाम दिया है। पार्टी की ओर से बताया गया कि लगातार बढ़ती ईंधन और रसोई गैस की कीमतों ने आम लोगों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग, श्रमिक, ऑटो चालक, टैक्सी चालक और निम्न आय वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

## अमेरिका ने भारत के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर सहायता सौदे को मंजूरी दी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश विभाग ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर, सपोर्ट सेवाएं और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) को मंजूरी दे दी है। इसकी अनुमानित लागत 198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। अमेरिकी विदेश विभाग के राजनीतिक-सैन्य मामलों के ब्यूरो की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, भारत सरकार ने एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टरों के रखरखाव और संचालन सहायता सेवाएं, अमेरिकी सरकार और ठेकेदारों की इंजीनियरिंग, तकनीकी एवं लॉजिस्टिक सहायता सेवाएं, तकनीकी डेटा एवं प्रकाशन, कर्मियों का प्रशिक्षण तथा अन्य संबंधित लॉजिस्टिक और प्रोग्राम सहायता सेवाओं की खरीद का अनुरोध किया है। अमेरिका ने कहा कि यह प्रस्तावित बिक्री भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों को और



▸ प्रस्तावित सौदे से भारत की वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने की क्षमता मजबूत होगी

मजबूत करने तथा एक प्रमुख रक्षा साझेदार की सुरक्षा क्षमता बढ़ाने में मदद करेगी। बयान में कहा गया कि भारत हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बना हुआ है। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, प्रस्तावित सौदे से भारत की वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने की क्षमता मजबूत होगी, उसकी घरेलू सुरक्षा बेहतर होगी और क्षेत्रीय खतरों के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। भारत को इन उपकरणों और सेवाओं को अपनी सेना में शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। बयान में यह भी कहा गया कि इस उपकरण और सहायता की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में मौजूदा सैन्य संतुलन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस सौदे के प्रमुख ठेकेदार बोइंग और लॉकहीड मार्टिन होंगे।

**अभियान** | केंद्र से मिली स्वच्छ भारत मिशन की मंजूरी

## पश्चिम बंगाल के 4 शहरों में शुरू होंगे स्वच्छ भारत मिशन के पायलट प्रोजेक्ट

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चार शहरों को केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। यह कदम राज्य में हालिया राजनीतिक परिवर्तन के बाद केंद्र की योजनाओं में राज्य की सक्रिय भागीदारी की दिशा में अहम बदलाव माना जा रहा है। नई दिल्ली में मंगलवार को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पश्चिम बंगाल की ओर से राज्य की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने भाग लिया, जो लगभग 10 वर्षों बाद पहली बार था जब राज्य का कोई मंत्री



इस तरह की केंद्रीय बैठक में शामिल हुआ। बैठक के बाद अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि पूर्ववर्ती राज्य सरकार के दौरान स्वच्छ भारत मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो सका। उन्होंने दावा किया कि अन्य राज्यों की तुलना में बंगाल में इस योजना के तहत आवंटित राशि का केवल लगभग 16 प्रतिशत ही उपयोग किया गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में राज्य के चार शहरी क्षेत्रों दुर्गापुर-आसनसोल, कालिम्पोंग और दार्जिलिंग में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। उनके अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन के तहत बंगाल को लगभग 200 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मिलने की संभावना है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि यदि राज्य प्रभावी परियोजनाएं प्रस्तुत करता है तो धन की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि चयनित शहरों में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और ठोस अपशिष्ट निपटान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रारंभिक चरण के लिए जिन शहरों का चयन किया गया है उनमें स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त अभियान पर भी जोर दिया जाएगा। अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि योजना केवल मुख्य सड़कों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि गलियों और आवासीय क्षेत्रों तक स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन और उसके पुनः उपयोग की दिशा में भी काम किया जाएगा।

# कांति कुबेर अस्पताल में निःशुल्क एचआईवी व सिफलिस जांच शिविर का आयोजन

- टीआई शरणम् संस्थान और आईसीटीसी के सहयोग से लगाया गया शिविर
- जिले के 18 हाई बर्डन निजी अस्पतालों व क्लीनिकों में 22 मई तक चलेगा अभियान




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) भारत सरकार के 'प्रथम 95' लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को गोंडा रोड स्थित कांति कुबेर अस्पताल में निशुल्क एचआईवी व सिफलिस जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। टीआई शरणम् संस्थान और आईसीटीसी टीम के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 29 लोगों की जांच की गई, राहत की बात यह रही कि सभी की रिपोर्ट सामान्य (नॉन-रिएक्टिव) आई। शिविर में टीआई शरणम् संस्थान के परियोजना प्रबंधक संदीप कुमार सिंह ने लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और सही इलाज से संक्रमण को पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सकता है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति भी नियमित दवाओं के सेवन और आवश्यक सावधानियों के साथ एक सामान्य व स्वस्थ जीवन जी सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे बिना किसी डर या संकोच के अपनी जांच अवश्य कराएं। इस दौरान आईसीटीसी पयागपुर की परामर्शदात्री संगीता पाठक ने लाभार्थियों को पूरी गोपनीयता के साथ व्यक्तिगत परामर्श दिया। उन्होंने संक्रमण के लक्षण, कारण और सुरक्षित व्यवहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, आईसीटीसी नानपारा की लैब टेक्नीशियन वैशाली मौर्या ने स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुरूप पूरी गोपनीयता बरतते हुए मरीजों के रक्त के नमूने लिए। शिविर में आए लोगों को यह भी बताया गया कि सभी सरकारी अस्पतालों और आईसीटीसी केंद्रों पर एचआईवी व सिफलिस की जांच, परामर्श और उपचार की सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क हैं।

**22 मई तक चलेगा जागरूकता व जांच अभियान**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि नाको के निर्देशानुसार जिले में चिन्हित निजी हाई बर्डन हॉस्पिटल एवं सेक्स क्लीनिकों में एचआईवी/सिफलिस जांच व जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। जिले में कुल 18 निजी हाई बर्डन अस्पताल चिन्हित किए गए हैं, जिनमें 2 सेक्स क्लीनिक भी शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने इसका माइक्रो प्लान तैयार कर लिया है, जिसके तहत 22 मई तक इन सभी संस्थानों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# दुबई में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

- ढाई वर्ष से दुबई में ड्राइवर का काम कर रहा था युवक
- निष्पक्ष जांच व शव भारत लाने की उठी मांग



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र कैसरगंज के ग्राम पंचायत कुड़ेनी निवासी एक युवक की दुबई में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर शव भारत लाने की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कुड़ेनी निवासी चौधरी पुत्र वारिस अली (लगभग 42 वर्ष) पिछले ढाई वर्षों से दुबई में रहकर ड्राइवर की नौकरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। बताया जा रहा है कि उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसकी सूचना वहां मौजूद परिचित लोगों ने परिजनों को दी।घटना की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे तीन नाबालिग बच्चों सहित परिवार को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता वारिस अली ने बताया कि उनका पुत्र पिछले ढाई वर्षों से एक ही कमरे में रह रहा था।

# लखनऊ लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

- वकीलों ने नारेबाजी कर राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला अधिवक्ता संघ ने लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया। यह लाठीचार्ज हाईकोर्ट के निर्देश पर चैंबर हटाने के दौरान हुए विवाद के बाद पुलिस द्वारा किया गया था। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वकीलों ने इस घटना के विरोध में नारेबाजी की। अध्यक्ष शुक्ला ने आरोप लगाया कि केवल 72 चैंबर ही अवैध थे, लेकिन पुलिस और नगर निगम के कर्मचारियों ने 200 से अधिक वैध चैंबरों को तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि इसका विरोध करने पर अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया। अधिवक्ताओं ने मामले की जांच कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के बाद, उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि लाठीचार्ज करने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो अधिवक्ता समाज पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगा।

## बहनोई ने साली पर किया चाकू से हमला

**घायल युवती लखनऊ रेफर, आरोपी गिरफ्तार**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रानीपुर थाना क्षेत्र में एक युवती पर उसके बहनोई ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। युवती अपनी बुआ के यहां मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। गंभीर हालत में उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। श्रावस्ती जनपद के टेंर्रे गांव की रहने वाली अमीना तीन दिन पहले बहराइच के रानीपुर थाना क्षेत्र स्थित चाकूजोत गांव में अपनी बुआ के घर एक मांगलिक कार्यक्रम में आई थी। सोमवार को उसका बहनोई ननके वहां पहुंचा। किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद ननके ने अमीना पर चाकू से हमला कर दिया।

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का सीडीओ ने किया निरीक्षण

## संबन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर 23 व 24 मई 2026 को आयोजित होने वाले विजय उत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मंच स्थल, स्टाल व वीआईपी गैलरी, पार्किंग, आवागमन के रास्ते तथा कार्यक्रम में लगने वाले विभिन्न स्टालों के लिए ब्लाकवार ले-आउट प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। सीडीओ ने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल की व्यापक स्तर पर साफ-सफाई कराये जाने के भी निर्देश दिये।

## खबरें एक नजर में

### पांच महीने से बंद पड़ी गांधी नगर पुलिस चौकी लाखों खर्च के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था ठप

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के उतरौला नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर के गांधी नगर क्षेत्र में स्थापित पुलिस चौकी पिछले लगभग पांच महीनों से बंद पड़ी है। हालात यह हैं कि चौकी का ताला तक नहीं खुल रहा, जबकि इस चौकी के संचालन और क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा लाखों रुपये खर्च कर यहां दो पक्के कमरों का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में यह चौकी पुलिस व्यवस्था का केंद्र बनने के बजाय स्थानीय लोगों के लिए वाहन खड़ा करने की जगह बनकर रह गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार चौकी परिसर में अब आसपास के लोग अपने ठेले, बाइक और अन्य सामान खड़े करते हैं। चौकी में न तो कोई पुलिसकर्मी नियमित रूप से दिखाई देता है और न ही वहां आमजन की समस्याओं की सुनवाई हो रही है। इससे क्षेत्र के लोगों में असुरक्षा की भावना लगातार बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार गांधी नगर पुलिस चौकी के अंतर्गत गांधी नगर के पांच वार्ड, आर्यनगर के पांच वार्डो के अलावा अल्लानगर, बंजारीबाग, राजाजोत, गोसाईंजोत, प्यालाजोत, अमया देवरिया तथा हरडीहवा जैसे क्षेत्र आते हैं। इन सभी इलाकों की कुल आबादी लगभग पंद्रह हजार बताई जा रही है। इतने बड़े क्षेत्र की सुरक्षा, निगरानी और छोटी-बड़ी घटनाओं की प्राथमिक सुनवाई की जिम्मेदारी इसी चौकी के दायरे में निर्धारित की गई थी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चौकी के सक्रिय रहने से क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बनी रहती थी, जिससे असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रहता था। लेकिन लंबे समय से चौकी बंद होने के कारण छोटी घटनाओं और विवादों में लोगों को सीधे कोतवाली का रुख करना पड़ता है। इससे समय और धन दोनों की परेशानी बढ़ रही है। लोगों का आरोप है कि एक तरफ पुलिस विभाग और प्रशासन नई-नई चौकियों के उद्घाटन और निर्माण को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पहले से स्थापित चौकियों की स्थिति बदहाल होती जा रही है। गांधी नगर पुलिस चौकी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बन चुकी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि केवल भवन निर्माण कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि वहां नियमित पुलिस बल की तैनाती और संचालन भी जरूरी है। नगरपालिका द्वारा कराए गए निर्माण कार्य पर खर्च हुए लाखों रुपये भी अब सवालों के घेरे में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि चौकी संचालित ही नहीं होनी थी तो सार्वजनिक धन खर्च कर भवन निर्माण का क्या औचित्य था। लोगों ने यह भी कहा कि बंद पड़ी चौकी प्रशासनिक लापरवाही और समन्वय की कमी को उजागर करती है। क्षेत्रीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि यदि चौकी नियमित रूप से संचालित हो तो क्षेत्र में चोरी, विवाद, अवैध गतिविधियों और आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। साथ ही महिलाओं, बुजुर्गों और आम नागरिकों को भी त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन और जिला अधिकारियों से गांधी नगर पुलिस चौकी को तत्काल सक्रिय करने, नियमित पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा चौकी को अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से मुक्त कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था केवल घोषणाओं और उद्घाटनों से मजबूत नहीं होती, बल्कि जमीनी स्तर पर चौकियों के संचालन और पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से आमजन का विश्वास कायम होता है।

### बाढ़ और दुर्घटनाओं से परेशान क्षेत्रवासी, लौकहवा डिप पर पुल निर्माण की मांग

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा क्षेत्र में स्थित लौकहवा डिप पर स्थायी पुल निर्माण की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। समाजसेवी एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिला अधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण सिंह को सौंपकर पुल निर्माण कार्य को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि 58 श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा में हरिहरगंज-ललिया-बनकटवा अन्य जिला मार्ग के किलोमीटर 11 पर स्थित लौकहवा डिप पर पुल निर्माण का प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2025-26 की लघु सेतु निर्माण कार्ययोजना में जिला प्रशासन द्वारा क्रमांक दो पर शामिल किया जा चुका है। हालांकि वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता न होने के कारण अब तक कार्य स्वीकृत नहीं हो सका है। युगल किशोर शुक्ल ने बताया कि बारिश और बाढ़ के दौरान इस मार्ग पर स्थित हेंगहा, डोरवा, गौरैय्या और चकैया जैसे जंगली एवं पहाड़ी नालों का पानी सड़क पर बहने लगता है, जिससे पूरा मार्ग जलमग्न हो जाता है। लौकहवा डिप पर सड़क का हिस्सा नीचे होने के कारण डबल रोड अचानक संकरा होकर सिंगल रोड जैसा हो जाता है, जिससे तेज गति से आने वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। कई बार यह दुर्घटनाएं जानलेवा साबित हुई हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मकुनहवा गांव के पूर्व प्रधान स्वर्गीय चेतराम वर्मा की इसी मार्ग पर बाढ़ के दौरान बहकर मृत्यु हो चुकी है। कई अन्य घटनाओं में स्थानीय तैराकों एवं सुरक्षा बलों को लोगों की जान बचाने के लिए विशेष प्रयास करने पड़े। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है।

# लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित हुई नैना

- राजा चार्ल्स तृतीय व महारानी एलिजाबेथ द्वितीय से नैना ने की भेंट
- आरती के बाद लंदन में सम्मानित होने वाली जिले की दूसरी महिला बनी नैना






**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गत सोमवार 11 मई को लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में आयोजित किंग्स ट्रस्ट समारोह में अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित होने वाली नैना ने कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट की। डीएम ने नैना को अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह जनपद के लिए गौरव की बात है। नैना को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। डीएम ने कहा कि उन्हें विश्वास है जिले की महिलाएं नैना व आरती से प्रेरणा लेकर अपने लिए स्वावलम्बन की राह चुनकर नई इबारत लिखने का संकल्प लेंगी।उल्लेखनीय है कि लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में सितारों से सजे किंग्स ट्रस्ट समारोह के दौरान, किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल द्वारा विकास खण्ड रिसिया की ग्राम पटेल नगर निवासिनी 23 वर्षीय युवती नैना को अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार किंग्स ट्रस्ट की वैश्विक राजदूत शार्लोट टिलबरी एमबीई द्वारा प्रायोजित किया गया था। वेल्स के पूर्व राजकुमार राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा स्थापित किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल, रोजगार, शिक्षा और उद्यम कार्यक्रमों के माध्यम से दुनिया भर के युवाओं का समर्थन करता है। दस वर्ष पूर्व स्थापना के बाद से, किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल ने वैश्विक स्तर पर 130,000 से अधिक युवाओं का समर्थन किया है। इस समारोह में अमल और जॉर्ज क्लूनी, शार्लोट टिलबरी, जूल्स हॉलैंड, सर रॉड स्टीवर्ट, रॉनी वुड और रीटा ओरा समेत कई अन्य अतिथि उपस्थित थे। समारोह के दौरान नैना को राजा चार्ल्स तृतीय व महारानी एलिजाबेथ द्वितीय से भेंट करने का अवसर भी मिला। सिर्फ 23 वर्ष की उम्र में नैना लड़कियों और महिलाओं के अधिकारों की एक सशक्त समर्थक बन चुकी हैं। अपने जीवन के अनुभवों से प्रेरणा लेते हुए वे हर वर्ष सैकड़ों युवा लड़कियों को प्रेरित और सशक्त बना रही हैं। नैना ने अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना किया। आगा खान फाउंडेशन द्वारा किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल के सहयोग से संचालित प्रोजेक्ट लहर ने सहारा देकर नैना को दोबारा स्कूल में नामांकन कराने में सहायता की। नैना ने अपनी शिक्षा यात्रा के महत्वपूर्ण चरणों में छात्रवृत्तियाँ प्राप्त कीं। स्कूल के अंतिम वर्षों में उन्हें राज्य मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत सहायता मिली, जिसके बाद स्नातक शिक्षा के लिए भारत सरकार की प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ की गई योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। छात्रवृत्ति के सहयोग के साथ-साथ नैना ने खेतों में मजदूरी की और अपने गाँव के छोटे बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाया। आज नैना अन्य युवा लड़कियों को जीवन कौशल प्रशिक्षक और कोच के रूप में सहयोग प्रदान करती हैं। किशोरियों और उनके परिवारों के साथ अपने कार्य के माध्यम से नैना सोच में बदलाव लाने, बाल विवाह रोकने और लड़कियों को शिक्षा तथा आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने का कार्य कर रही हैं। पुरस्कार जीतने पर नैना ने कहा कि जीवन के संघर्षों से ही उन्हें ऊर्जा मिली।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक



- बैंकर्स अधिकारियों को लंबित आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (DLCC) एवं बैंकर्स अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई तथा उनके त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण हेतु अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बैंकर्स से कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्टैंड-अप इंडिया, डीडीयूजीवाई, किसान फसल बीमा, एवं अन्य स्वरोजगार योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों की समयबद्ध जांच एवं निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त होना चाहिए, जिससे कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक लोगों को रोजगार और आर्थिक सहायता मिल सके। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसुनवाई पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों व आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब की स्थिति कतई स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे बैंकर्स के साथ समन्वय बनाते हुए लाभार्थियों को समय से सहायता उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं की प्रभावशीलता तभी सिद्ध होगी जब उनका लाभ वास्तव में पात्र लोगों तक पहुंचे।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में संचालित सभी योजनाओं की मासिक समीक्षा की जाएगी और कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में लीड बैंक मैनेजर जिला अग्रणी बैंक अधिकारी विनोद तिवारी, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, उपनिदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, जिला उद्योग अधिकारी बाबूराम, डीडीएम नाबार्ड सहित विभिन्न बैंक शाखाओं के अधिकारीगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कर्नलगंज नगर पालिका में सफाई व्यवस्था की शिकायत करना पड़ा भारी

- नगर पालिका कार्यालय में युवक को बंधक बनाकर मारपीट व जातिसूचक गाली देने का आरोप

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**





कर्नलगंज नगर पालिका परिषद में मंगलवार को शिकायत लेकर पहुंचे युवक को कथित तौर पर कार्यालय में बंधक बनाकर मारपीट करने और जातिसूचक गालियां देने का गंभीर आरोप लगा है। मोहल्ला गांधीनगर के निवासी पीड़ित घनश्याम कनौजिया की पत्नी रजनी कख कहना है कि शिकायत से नाराज़ दबंगों ने नगर पालिका का गेट बंद कर उनके पति को बंधक बना लिया और जाति सूचक गालियां देते हुऐ मारा पीटा, इसकी सूचना डायल 112 को दी गई लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित को ही हिरासत में ले लिया। यदि नगर पालिका में भ्रष्टाचार, गंदगी और अव्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने वालों के साथ ऐसा व्यवहार होगा, तो आम जनता न्याय की उम्मीद किससे करे? पीड़ित परिवार ने आरोपियों पर SC/ST एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। अब बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन पीड़ित को न्याय देगा या फिर शिकायतकर्ता को ही कार्रवाई का शिकार बनाया जाएगा?

# भारतीय स्टेट बैंक गोंडा के रीजनल मैनेजर ज्ञान प्रकाश को भावभीनी विदाई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



State Bank of India के गोंडा क्षेत्रीय कार्यालय में रीजनल मैनेजर ज्ञान प्रकाश जी के सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में बताया गया कि ज्ञान प्रकाश जी का तबादला महाराजगंज, गोरखपुर जोन में किया गया है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बैंकिंग सेवाओं को बेहतर बनाने, ग्राहकों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सरल स्वभाव एवं कुशल नेतृत्व की सभी ने प्रशंसा की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ज्ञान प्रकाश जी ने गोंडा क्षेत्र में बैंक की कार्यप्रणाली को नई दिशा देने का कार्य किया और अपने अनुभव एवं नेतृत्व क्षमता से बैंक को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वहीं, गोंडा में नए रीजनल मैनेजर के रूप में जय प्रकाश ओझा जी ने पदभार ग्रहण किया है। ओझा जी इससे पूर्व लखनऊ में रीजनल मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। बैंक अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में गोंडा क्षेत्र में बैंकिंग सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी। विदाई समारोह के दौरान अजय सिंह, डब्बू सिंह, अखिलेंद्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह, पंकज दुबे एवं अरुण शुक्ला ने ज्ञान प्रकाश जी को माला पहनाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नए कार्यक्षेत्र में सफलता की शुभकामनाएं दीं। समारोह का माहौल भावुक एवं सम्मानपूर्ण बना रहा, जहां उपस्थित सभी लोगों ने उनके योगदान की सराहना की।

## छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक और छात्र के मध्य भावनात्मक संबंध स्थापित करना आवश्यक : प्रोफेसर जितेंद्र सिंह

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा बी.एस-सी. सेकंड सेमेस्टर में अध्यनरत छात्र-छात्राओं हेतु मेंटर -मेंटी प्रोग्राम के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो जितेंद्र सिंह ने कही । वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर रेखा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया आज के टेक्नोलॉजी युग में हमारे युवा पीढ़ी की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं सोशल मीडिया पर निर्भरता आवश्यकता से अधिक बढ़ गई है जिसका स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है साथ ही संवेदनशीलता और मानवता कम होती जा रही है इसलिए उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं हेतु के व्यक्तित्व निर्माण एवं उन्हें जीवन जीने का कौशल सिखाने हेतु मैटर का दायित्व बढ़ गया है।

# योगी सरकार पारंपरिक व्यंजनों को बनाएगी एक्सपोर्ट रेडी और रोजगारपरक

## 'एक जनपद-एक व्यंजन' से वैश्विक पहचान की ओर बढ़ेगा यूपी का पारंपरिक स्वाद

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** योगी सरकार अब प्रदेश की समृद्ध पाक परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाने जा रही है। 'एक जनपद एक व्यंजन' ओडीओसी योजना के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का चिन्हांकन कर उन्हें संगठित, सुरक्षित, ब्रांडेड और बाजारोन्मुख बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य केवल स्वाद और परंपरा को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, रोजगार और निर्यात को भी बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में योगी कैबिनेट ने योजना को स्वीकृति दी है। जिलाधिकारियों, विभागों, प्रतिष्ठित



संस्थानों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और जिला उद्योग केंद्रों से प्राप्त सुझावों के आधार पर जनपदवार व्यंजनों की पहचान की गई है। सरकार व्यंजनों को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। पारंपरिक व्यंजनों की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान और राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से जनपदवार और व्यंजनवार 'स्टैंडर्ड रेसिपी मैन्युअल' तैयार किए जाएंगे। इससे व्यंजनों का स्वाद और गुणवत्ता एक समान बनी रहेगी तथा उनकी शेल्फलाइफबढ़ाने में भी मदद मिलेगी। योगी सरकार व्यंजनों को एक्सपोर्ट रेडी बनाने के लिए आधुनिक पैकेजिंग और ब्रांडिंग पर भी फोकस कर रही है। भारतीय पैकेजिंग संस्थान जैसे संस्थानों के सहयोग से स्मार्ट पैकेजिंग, इको-फ्रेंडली पैक, क्यूआर कोड, बारकोड और न्यूट्रीशन लेबलिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### जिलों के पारंपरिक व्यंजनों की होगी ब्रांडिंग

उपभोक्ताओं को उत्पाद की गुणवत्ता और पोषण संबंधी पूरी जानकारी मिल सकेगी तथा प्रदेश के पारंपरिक व्यंजन बड़े बाजारों तक पहुंच पाएंगे। योजना के तहत स्थानीय उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पैकेजिंग, डिजाइनिंग, गुणवत्ता सुधार और फूड प्रोसेसिंग के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से निरूशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। इससे ग्रामीण और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा पारंपरिक व्यंजन स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देंगे। योगी सरकार 'एक जनपद एक व्यंजन' की अवधारणा का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांड निर्माण भी करेगी। प्रदेश के प्रमुख आयोजनों में 'स्वाद यूपी का' थीम के अंतर्गत व्यंजनों की विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही लघु फिल्मों, डिजिटल प्रचार और ब्रांडिंग अभियानों के माध्यम से लोगों को उत्तर प्रदेश के पारंपरिक स्वाद से जोड़ने की रणनीति तैयार की जा रही है। योगी सरकार की यह पहल केवल खानपान तक सीमित नहीं मानी जा रही, बल्कि इसे सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन, रोजगार और निर्यात से जोड़कर देखा जा रहा है।

# 2027 में यूपी में रचेंगे इतिहासः केशव प्रसाद मौर्य

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने देश और प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों और चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से अपनी बात रखी उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने विकास के कीर्तिमान स्थापित किए हैं, परिणाम है कि आज देश के 80 प्रतिशत हिस्से पर भाजपा और एनडीए गठबंधन की सरकारें हैं। आगामी चुनावों के बाद देश के शेष 20 प्रतिशत भूभाग पर भी भाजपा और एनडीए की सरकारें होंगी। देश का विभाजन करने की मानसिकता रखने वालों को देश की जनता अब कभी सत्ता का सुख नहीं लेने देगी। 2024 के बाद से अब तक देश के



▸ विकास के दम पर देश के 80 फीसदी हिस्से में एनडीए की सरकार

15 राज्यों में विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, जिनमें से 10 राज्यों में जनता ने भाजपा और सहयोगी दलों की सरकार बनाकर हमारे सुशासन पर मुहर लगाई है।बीजेपी उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों में तीसरी बार भव्य और ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। उपमुख्यमंत्री से सवाल किया गया कि क्या आप मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि ष्भारतीय जनता पार्टी अनुशासित और लोकतांत्रिक पार्टी है। कौन किस भूमिका में रहेगा, यह भाजपा का शीर्ष नेतृत्व तय करता है। योगी आदित्यनाथ एक सच्चे संत, कुशल नेता और अत्यंत सफल मुख्यमंत्री हैं, जिनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। नरेंद्र मोदी हमारे प्रेरणास्रोत और आदर्श हैं , अमित शाह राजनीति के आज की श्चाणक्यश् हैं। हमको उनसे कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निजी क्षेत्रों में सामाजिक और जनहित के कार्य करने वाले शैक्षणिक व स्वास्थ्य संस्थान एवं अन्य प्रमुखों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## खबरें एक नजर में

### पर्यावरण संरक्षण व जन-जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** रेलवे बोर्ड के निर्देशों पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजनके अनुपालन में 'विश्व पर्यावरण दिवस अभियान' के अंतर्गत आज मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम/फ्रेट महेंद्र सिंह के नेतृत्व में लखनऊ मंडल में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर अभियान के उपलक्ष्य में 'पुनः उपयोग होने वाली बोतल, थैली एवं कंटेनर' थीम के अंतर्गत यात्रियों को पुनः उपयोग योग्य बोतलों का वितरण किया गया तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उसके प्रयोग से बचने की सलाह दी गई। इस अवसर पर कपड़े के थैलों का भी वितरण किया गया। साथ ही यात्रियों एवं रेलवेकर्मियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक, लखनऊ जंक्शन द्वारा रेलवे यात्रियों, निविदा स्वच्छता कर्मचारियों, आरपीएफ एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। यात्रियों में जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्टेशन परिसर में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ 'प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे' तथा 'ऊर्जा बचाएं' जैसे जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया।

### पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने ऐशबाग कोचिंग डिपो का गहनता से किया निरीक्षण

**सुरक्षा व सुविधाओं पर दिया विशेष जोर**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य चल स्टॉक इंजीनियर जावेद अहमद, मंडल रेल प्रबंधक, लखनऊ गौरव अग्रवाल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ऐशबाग कोचिंग डिपो का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने डिपो में महिला एवं पुरुष लंच रूम को और बेहतर बनाने, शौचालय, चेंजिंग रूम तथा स्टाफ कैंटीन की साफ-सफाई और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने एसी कोचों में सफाई, कूलिंग व्यवस्था तथा फायर एवं स्मोक डिटेक्शन सिस्टम की कार्यप्रणाली की जांच की। श्री बोरवणकर ने पावर कार, पिट लाइन पर चल रहे सुरक्षा कार्यों की गुणवत्ता, साफ-सफाई तथा क्रेन के संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने सिक लाइन पर डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और कियोस्क लगाने, डिपो प्रशिक्षण केंद्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में इंटरएक्टिव स्क्रीन स्थापित करने तथा डिपो में विद्युत एवं जल उपयोग को 10 प्रतिशत कम करने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर सुरक्षा एवं संरक्षा विषय पर वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरेज एंड वैगन) नीलेश सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर मनीष गंगवार तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।

### अखिलेश यादव पर टिप्पणी को लेकर, महिलाओं व किन्नरों ने ओपी राजभर का पुतला फूंका

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को समाजवादी महिला सभा और किन्नर सभा के कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उन पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। नाराज कार्यकर्ताओं ने सपा कार्यालय के बाहर राजभर का पुतला फूंका। इसके बाद विधानसभा की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोक लिया, जिस पर करीब 20 मिनट तक तीखी नोकझोंक हुई। बाद में पुलिस सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई। सपा की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर ने कहा कि हम लोग अपने नेता का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा सरकार और इसके मंत्रिमंडल के लोग लगातार दूसरे के नेताओं का अपमान करते हैं। ओम प्रकाश राजभर को अपने विभाग और विकास से कोई मतलब नहीं। यह पूरा दिन सिर्फ अनर्गल बयानबाजी करते हैं और माहौल खराब करते हैं। हमारी मांग है कि ओपी राजभर तत्काल हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष से माफी मांगें। आज हमने सिर्फएक पुतला फूंका है। यदि माफी नहीं मांगेंगे तो पूरे प्रदेश में उनके पुतले फूंके जाएंगे। प्रदर्शन में शामिल पायल किन्नर ने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए समाज के नेता हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा समय में सांसद हैं। संवैधानिक पदों पर रहने वाले व्यक्ति के खिलाफकिसी भी प्रकार का बयान सोच समझकर देना चाहिए। ओम प्रकाश राजभर की भाषा बेहद खराब और निंदनीय है।

# कांग्रेस के साथ हमारा गठबंधन आगे भी चलेगा : अखिलेश यादव

▸ लोकसभा में सवाल सीट का नहीं, जीत का था, वही फॉर्मूला होगा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा- 2027 विधानसभा चुनाव में हम आज के गठबंधन के साथ ही उतरेंगे। हमारे पास गठबंधन करने और चलाने का लंबा अनुभव है। समाजवादियों ने हमेशा दूसरों को लाभ दिया है, कभी धोखा नहीं दिया। मंगलवार को अखिलेश यादव एम समाचार पत्र के कार्यक्रम में सवालों का जवाब दे रहे थे। कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में कितनी सीटें देंगे? इस सवाल पर कहा कि लोकसभा में भी सवाल सीट का नहीं जीत का था। वही फॉर्मूला विधानसभा में भी जारी रहेगा। अखिलेश यादव ने कहा गठबंधन सीटों की संख्या के



आधार पर नहीं होगा। विधानसभा में हमारी क्या रणनीति होगी, इसका खुलासा नहीं करूंगा। हमारा विरोधी बहुत ताकतवर है। पीएम की विदेश यात्रा टालने की अपील पर भी तंज कसा। कहा कि हम विपक्ष के लोग हैं। प्रधानमंत्री जी ने विदेश जाने के लिए मना किया है, तो हम विदेश ही घूमेंगे। अखिलेश ने कहा कि आज विपक्ष को किसी एक चेहरे की जरूरत है क्या? महंगाई सबसे बड़ा चेहरा है। नीट की परीक्षा देने वाले छात्र चेहरा हैं। पेट्रोल-डीजल, गैस का लाल सिलेंडर इस बार विपक्ष है। अग्निवीर के जवान इस बार विपक्ष हैं। विपक्ष वह मजदूर है, जिसने लाठी खाई। विपक्ष इस बार वह भी है, जो लखनऊ में 69 हजार भर्तियों को लेकर बार-बार आए हैं। विपक्ष इस बार शिक्षा मित्र भी हैं। विपक्ष इसके बाद वो लोग भी हैं, जिनके साथ अन्याय हुआ है। अखिलेश ने कहा बीजेपी की सोच जहां खत्म हो जाती है, वहां से पीडीए शुरू होता है। उनके लिए पी का मतलब पार्टी है। हमारे लिए पी का मतलब है पीड़ित। जहां बहस महंगाई पर होनी चाहिए, चर्चा इस बात की हो रही है कि लोग साइकिल पर चल रहे हैं। गाड़ियों का काफिला कम हो गया है। यह संकेत है कि आने वाले समय में साइकिल ही जरूरी है। अखिलेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह बिना परमिशन के पाकिस्तान में उतर गए थे, अगर वो ईरान में उतर गए होते, तो युद्ध नहीं होता। अगर भारत के प्रधानमंत्री ईरान के साथ खड़े हो गए होते तो युद्ध नहीं होता। यह बात आज नहीं, कल-परसों दुनिया के विशेषज्ञ जरूर मानेंगे। उन्होंने कहा कि 10 साल आपने जो सोना इकट्ठा किया, उस वजह से यह महंगा हुआ है। एक साल में सारे सुनारों की दुकानें बंद हो जाएंगी। अखिलेश यादव ने सीएम योगी के बयान पर कहा कि, सड़कों पर क्या होना चाहिए, क्या नहीं होना चाहिए, इसके नियम हैं। पॉलिटिकल स्कोरिंग नहीं होनी चाहिए। सबसे अधर्मी पार्टी कोई है, तो भाजपा है। कल ही हमारे अधिवक्ता संघ के लोग विरोध करने निकले थे। उन पर लाठी चलाई। उन्हें पिटा गया, जबकि उनके हाथ में रामचरित मानस थी। अगर वे खुद को सनातनी कहते हैं तो वसुधैव कुटुंबकम होना चाहिए। हम तो सभी को अपनाते हैं। इनसे स्मार्ट सिटी तो बनी नहीं। स्मार्ट मीटर तक हटाने पड़ गए।

# आर्थिक तूफान आ रहा है, बड़े झटके के लिए तैयार रहे जनताः राहुल गांधी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण दुनियाभर में गहराते आर्थिक संकट को लेकर एक बार फिर सरकार को घेरा है। लखनऊ पहुंचे राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि, अब आर्थिक तूफान आ रहा है। उन्होंने (प्रधानमंत्री मोदी) अदाणी और अंबानी वाला जो ढांचा बनाया है, वह खड़ा नहीं रहेगा बल्कि पूरा का पूरा टूटेगा। राहुल गांधी ने कहा कि, बड़ी दुख की बात है कि इसका नुकसान आम जनता को होगा। यूपी की जनता को शॉक लगेगा। आर्थिक शॉक आ रहा है। वह अदाणी, अंबाणी या प्रधानमंत्री मोदी को नहीं लगेगा। वह यूपी के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों को लगेगा। बहुत कठिन समय आ रहा



है। एक्शन लेने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं कि विदेश यात्रा पर नहीं जाइए जबकि प्रधानमंत्री खुद दुनिया के चक्कर कांट रहे हैं। राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे हैं। मंगलवार को वह दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट से रायबरेली के लिए रवाना होते वक्त पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी ने आर्थिक संकट को लेकर सरकार को घेरा है।

# अशांति के दौर में भारत की सांस्कृतिक विरासत दुनिया के लिए प्रेरणाः जयवीर

▸ युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना जरूरी : जयवीर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि संग्रहालय केवल प्राचीन वस्तुओं को संरक्षित रखने का केंद्र नहीं है, देश की सभ्यता, संस्कृति और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी है। आधुनिक दौर में युवाओं का अपनी जड़ों और विरासत से जोड़ना बेहद जरूरी है। पर्यटन मंत्री आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर राज्य संग्रहालय एवं निदेशालय में उपस्थित समुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। जयवीर सिंह ने बताया कि छुट्टी के दिनों में संग्रहालयों में निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी संस्कृति को करीब से जान सकें। पर्यटन मंत्री ने इस अवसर पर विजिट माय स्टेट अभियान का भी उल्लेख किया। उन्होंने प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार संगीता गुप्ता ने आदियोगी शिव ए जर्नी इन कॉस्मिक इंडिगो प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नील यानी इंडिगो का भारतीय इतिहास और महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन से गहरा संबंध रहा है। अपर निदेशक सृष्टि धवन ने कहा कि इस वर्ष अब तक 85 हजार विद्यार्थियों ने राज्य संग्रहालय का भ्रमण किया है, जो



युवाओं में संग्रहालयों और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। राज्य संग्रहालय और लोक कला संग्रहालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्यालय निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और विश्वविद्यालय स्तरीय कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज, लखनऊ की नेहा रावत ने प्रथम, अम्बुज ने द्वितीय और वैष्णवी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में बाल निकुंज इंटर कॉलेज, मड़ियांव के वीरेंद्र प्रथम, भूमि वर्मा द्वितीय और दिव्या वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ आर्ट, लखनऊ के हर्षित शाक्य ने प्रथम, गोयल इंस्टीट्यूट की इशिका यादव ने द्वितीय और टेक्नो ग्रुप ऑफ हायर स्टडीज के सर्वजीत ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# डीपीएस एल्डेको में 'कूल कैंपर्स 2026' समर कैंप का भव्य शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** डीपीएस एल्डेको में बहुप्रतीक्षित समर कैंप 'कूल कैंपर्स 2026' का शुभारंभ अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की ऊर्जा, उत्सुकता और रचनात्मक गतिविधियों से जीवंत हो उठा, जहाँ विद्यार्थियों ने सीखने, सृजन और मनोरंजन से भरपूर इस विशेष यात्रा की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ की। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या गुंजन साहनी ने विद्यार्थियों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने, नई प्रतिभाओं को पहचानने, आत्मविश्वास विकसित करने तथा इस सुनहरे अवसर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अनुभवात्मक शिक्षा एवं समग्र विकास





के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह समर कैंप विभिन्न आयु वर्गों एवं रुचियों को ध्यान में रखते हुए मनोरंजक एवं कौशल-आधारित गतिविधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रहा है। विद्यार्थी खेलकूद, तैराकी, क्ले पॉटरी, लोकनृत्य, संगीत, रंगमंच, वेब डिजाइनिंग तथा एआई टूल्स वर्कशॉप जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। खेल एवं तैराकी जहाँ शारीरिक क्षमता, अनुशासन, टीमवर्क और सहनशक्ति को बढ़ावा देते हैं, वहीं पॉटरी, थिएटर, नृत्य एवं संगीत जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों की कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति क्षमता, समन्वय एवं संप्रेषण कौशल को विकसित कर रही हैं। तकनीक-आधारित सत्र विद्यार्थियों को नवाचार, डिजिटल रचनात्मकता और भविष्य के कौशलों से परिचित करा रहे हैं। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विशेष वेलनेस एवं ब्यूटी सेशंस को भी शामिल किया गया है।

## ईद-दल अज़हा के लिए अच्छी सी अच्छी व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएः खालिद रशीद

▸ ईद-उल-अज़हा की नमाज 28 मई को ईदगाह में सुबह दस बजे होगी

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** ईदगाह लखनऊ में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तत्वाधान में ईदुल अज़्हा की तैय्यारियों के सिलसिले में एक अहम बैठक ईदगाह कमेटी, जिला प्रशासन, पुलिस कमिश्नरेट और नगर निगम की हुई जिस में उलामाक्राम और सम्मानित शहरियों ने शिरकत की। इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया ने मीटिंग को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस साल बकरईद 28 मई 2026 को मनाई जायेगी इस मौके पर मुसलमान बड़ी संख्या में ईदगाह और विभिन्न



मस्जिदों में ईद की नमाज़ अदा करते है। इसलिए इस अवसर पर जिला प्रशासन व नगर निगम की जिम्मेदारी है कि ईदगाह और तमाम मस्जिदों के आस पास उचित सफाई कराऐ और बिजली व पानी की सप्लाई यक़ीनी बनाए। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अज़्हा के मुबारक दिनों में शहर का अमन व अमान और सलामती बनाये रखने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के जानवरों की आने जाने में किसी प्रकार की रूकावट न लगाई जाए। कुर्बानी जो कि 28, 29 और 30 मई 2026 को की जायेगी, इन दिनों में भी सफाई के विशेष प्रबन्ध सुनिश्चित किये जायें। मौलाना ने मुसलमानों से यह भी अपील की कि कुर्बानी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर न डालें। मौलाना फरंगी महली ने कहा कि ईद-उल-अज़्हा की नमाज़ अदा करने वालों को ज़्यादा से ज़्यादा सहूलतें पहुँचाई जायें और ईदगाह मैदान और उसके आस पास में सफाई-सुथ्राई पर ख़ास ध्यान दिया जाऐ। आवारा जानवरों को नमाज़ के समय में बन्द रखा जाऐ और वुज़ू करने वालों के लिए पानी के टैंकर का इन्तिज़ाम किया जाऐ।

### यूपी में बनेगा एक और एक्सप्रेस-वे 742 किलोमीटर लंबा होगा एक्सप्रेसवे

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** सड़क संपर्क और बुनियादी ढांचे को नई रफ्तार के लिए एक और बड़ा एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट सामने आया है। राज्य में अब तक के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे के रूप में शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

परियोजना के पूरा होने के बाद पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक यात्रा और व्यापार की तस्वीर पूरी तरह बदलने की उम्मीद है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस 742 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**सराहनीय** | आयुष्मान योजना, गरीबों की स्वास्थ्य सुरक्षा

# अकेले बरेली में आयुष्मान मरीजों के इलाज पर 682 करोड़ का सर्वाधिक भुगतान

▸ गोरखपुर दूसरे और मुरादाबाद तीसरे स्थान पर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

योगी सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में अब तक 50 लाख 40 हजार 937 आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों ने कुल 91 लाख 87 हजार 418 बार इलाज कराया है। इन मरीजों के इलाज के लिए 15 हजार 140 करोड़ रुपये से अधिक का क्लेम किया गया, जिनमें से अब तक 13 हजार 315 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़े बताते हैं कि योगी सरकार गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है।साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत सबसे अधिक भुगतान बरेली जिले के लाभार्थियों के इलाज पर किया गया है। बरेली जिले में 1 लाख 83 हजार 714 आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों ने योजना का लाभ लिया। यहां 3 लाख 72 हजार 319 उपचार क्लेम दर्ज किए गए। इसके लिए 682 करोड़ 99 लाख 77 हजार 778 रुपये का क्लेम किया गया, जबकि 620 करोड़ 81 लाख 64 हजार 359 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। बरेली पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है। गोरखपुर दूसरे स्थान पर है। यहां 1 लाख 71 हजार 492 लाभार्थियों ने योजना के तहत इलाज कराया और कुल 3 लाख 59 हजार 529 क्लेम दर्ज किए गए। इन क्लेमों के लिए 591 करोड़ 25 लाख 5 हजार 428 रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई, जबकि 539 करोड़ 56 लाख 47 हजार 285 रुपये का भुगतान किया गया। मुरादाबाद तीसरे स्थान पर रहा। जिले में 1 लाख 29 हजार 1 लाभार्थियों ने आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराया। यहां 2 लाख 57 हजार 480 क्लेम दर्ज हुए, जिनके लिए 519 करोड़ 60 लाख 94 हजार 301 रुपये का क्लेम किया गया और 459 करोड़ 91 लाख 43 हजार 815 रुपये का भुगतान किया गया। बिजनौर, सहारनपुर, वाराणसी, बुलंदशहर, मेरठ, लखनऊ और कानपुर नगर के आयुष्मान कार्ड धारकों ने योजना का प्रमुखता से लाभ उठाया। बिजनौर में 486 करोड़ रुपये से अधिक, सहारनपुर में 463 करोड़ रुपये से अधिक और वाराणसी में 449 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम दर्ज किए गए। लखनऊ और कानपुर नगर जैसे बड़े शहरों में भी करोड़ों रुपये का भुगतान कर मरीजों को राहत दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने, जिला अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल बनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रदेश के गरीबों को बड़े अस्पतालों में भी मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है।

# 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज के लिए 31 मई तक आवेदन करें किसानः शाही

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ के अंतर्गत किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की आपूर्ति के लिए सामान्य, प्रदर्शन और मिनीकिट योजना के तहत 1,99,910 कुंतल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को सही समय पर और उचित मात्रा में बीज उपलब्ध कराए जाएं। प्रत्येक दशा में 31 मई तक सभी विक्रय केंद्रों तक बीज पहुंच जाने चाहिए। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से 75,429 कुंतल बीज उपलब्ध कराए जा चुके हैं और अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के किसानों को 2,636 कुंतल प्रमाणित बीजों का वितरण



▸ खरीफ-2026 के लिए प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य 1.99 लाख कुंतल

भी किया जा चुका है।खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों के लिए निर्धारित लक्ष्यों के तहत धान के लिए 80,000 कुंतल का लक्ष्य तय किया गया है, जिसमें से 64,228 कुंतल उपलब्ध हो गया है और सर्वाधिक 2,634 कुंतल इसी फसल के बीजों का वितरण हुआ है।

तिलहन और दलहन फसलों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, जिसके तहत मूंगफली का लक्ष्य 57,446 कुंतल, उर्द का 23,958 कुंतल, अरहर का 21,225 कुंतल, मूंग का 3,946 कुंतल, तिल का 3,827 कुंतल और सोयाबीन का 2,999 कुंतल निर्धारित किया गया है। मोटे अनाजों श्री अन्न में ज्वार, बाजरा, सावा, कोदो, मड्डुआ रागी, काकुन और कुटकी के लिए भी बीजों का लक्ष्य तय किया गया है, जिसमें बाजरा के लिए 1,972 कुंतल और रागी के लिए 1,500 कुंतल का प्रमुख लक्ष्य शामिल है।सर्वाधिक 1,89,990 कुंतल बीज वितरण का लक्ष्य अकेले कृषि विभाग का है, जिसके सापेक्ष विभाग ने 74,204 कुंतल बीज उपलब्ध कराकर 2,636 कुंतल का वितरण कर दिया है। यह सभी प्रमाणित बीज किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### जन कार्यों को प्राथमिकता: मो. अवेश

**कानपुर से आए नवागत एडीएम न्यायिक ने विधिवत कार्यभार संभाला**



**शाहजहांपुर।** सरकार की मंशानुरूप व डीएम के मार्गदर्शन में सभी कार्य किए जाएगें। जो भी जनता से जुड़े मामले, वाद होगे। उनको ससमय निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उक्त बातें नवागत एडीएम न्यायिक मो. अवेश ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में कार्यभार ग्रहण करने के बाद कही। उन्होंने आगे कहा कि जनता को किसी तरह की समस्या न आए, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। एडीएम न्यायिक ने बताया कि इससे पहले वो कानपुर नगर निगम में अपर नगर आयुक्त के पद पर सेवाएं दे रहे थे। गृह जनपद लखनऊ है। 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी है।

### मंगलवार को नहीं चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर पालिका द्वारा घोषित अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार को एसडीएम के मौजूद न होने के कारण स्थगित कर दिया गया। एसडीएम जीत सिंह राय द्वारा नगर क्षेत्र में नासूर बन चुके अतिक्रमण से लगने वाले जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अतिक्रमण हटाने का निर्देश स्थानीय नगर पालिका प्रशासन को दिया गया था। जिसके बाद 19 मई को अतिक्रमण हटाने की शुरुआत करने की बात कही गई थी। मंगलवार को नगर वासियों को लग रहा था कि अतिक्रमण हटाने का कार्यक्रम शुरू होगा । जिसके बाद नगर की सड़के भले ही कुछ समय के लिए लेकिन साफ और चैड़ी दिखाई देगी। परंतु एसडीएम जीत सिंह राय के जनपद मुख्यालय पर एक बैठक में शामिल होने के चलते नगर पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू नहीं हो सका। हालांकि अतिक्रमण शुरू होने की भनक लगने पर कुछ व्यापारी स्वयं अतिक्रमण हटाते नजर आए। ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि एसडीएम साहब के मुख्यालय पर मीटिंग होने के चलते मंगलवार को अभियान शुरू नहीं हो सका है। जल्द ही कार्यक्रम तयकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### तीसरे बड़े मंगल पर नगर में जगह-जगह आयोजित किए गए भंडारे

**पुवायां, शाहजहांपुर।** ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार को नगर में जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राहगीरों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद का आनंद लिया। श्रीरतन सिंह मेमोरियल डिग्री कालेज के प्रबंधक राकेश यादव व उनके पुत्र आदित्य यादव ने अपनी शाहजहांपुर रोड़ स्थित गन हाउस के निकट बंड़े मंगलवार को पूड़ी, सब्जी का भंडारा किया। इससे पूर्व उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद भंडारा का शुभारंभ किया, जोकि शाम तक चलता रहा। राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा राजीव चैक पर शरबत, कैब्रिज कान्वेंट स्कूल की तरफ से स्कूल के गेट के बाहर राहगीरों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इसके अलावा चैराहा बाजार, तिराहा बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण कर पुण्य कमाया। श्रद्धालुओं ने बताया कि ज्येष्ठ मास हनुमान जी को समर्पित है। सुख समृद्धि की कामना के साथ बड़े मंगलवार को हनुमानजी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। जिससे उनकी कृपा प्राप्त होती है। इसलिए सनातनी इस माह के मंगलवार को बड़े उत्साह एवं पर्व के रूप में मनाते हैं।

### पिता की डांट पर पुत्री ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**पुवायां, शाहजहांपुर।** सोमवार को पिता के द्वारा पुत्री को डांटने पर पुत्री ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब परिजनों को जानकारी हुई तो वह आनन फानन सीएचसी लेकर पहुँचे जहां डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन उसकी अगली सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर के मोहल्ला छावनी निवासी राजेश मिश्रा की 28 वर्षीय पुत्री कंचन मिश्रा ने सोमवार की सुबह जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब परिजनों को जानकारी हुई तो उसको लेकर समुदायिक स्वस्थ केंद्र पहुँचे। कंचन की तबियत बिगड़ती देख डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मंगलवार की सुबह कंचन मिश्रा की मौत हो गई है। जब पुलिस को इस मामले की जानकारी हुई तो मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर पुलिस ने बताया है कि पिता के डांटने पर लड़की ने जहरीला पदार्थ खा लिया है।

### पत्रकार के बेटे को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, दाहिने पैर के दोनों गट्टे टूटे, रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** भांजे की बारात में गए एक पत्रकार के बेटे को कार की टक्कर से गंभीर घायल होने के मामले में पीड़ित पिता ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कटरा थाना क्षेत्र के गांव खिरिया सकटू निवासी पत्रकार कुलदेव मिश्रा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 25 अप्रैल को को उनके भांजे की बारात पुवायां क्षेत्र में कमला मैरिज लान मे गई थी। जिसमें वह परिवार के साथ शामिल होने गए थे। वह व उनका बेटा सार्थक देव मिश्रा मैरिज लान के बाहर रोड के किनारे रात करीव 12 वजे खड़े थे। इसी दौरान सफेद रंग की स्कार्पियो संख्या यूपी27एइ7636 के चालक संजय दीक्षित पुत्र नामालूम निवासी कस्वा सिंधौली ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए सार्थक देव मिश्रा को टक्कर मार दी। जिससे उसके दाहिने पैर के गटटे की दोनो हडिड्या टूट गई। जिसका ईलाज बरेली के सिद्धी विनायक अस्पताल मे चला और दो बार ओपरेसन किया गया। पुवायां कोतवाली पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला एवं बाल सुरक्षा के हित में रेड क्रॉस से सहयोग की अपेक्षा



**शाहजहांपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने अपने कार्यालय में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी को आमंत्रित कर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर, नवादा इंदेपुर की व्यवस्थाओं एवं वहां आने वाली महिलाओं, बच्चों तथा आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के संबंध में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि वन स्टॉप सेंटर में किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को शून्य से पांच दिवस तक अल्पकालीन आश्रय उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। सेंटर में लगातार आवासीय पीड़िताओं एवं राहगीरों का आवागमन बना रहता है। साथ ही वन स्टॉप सेंटर भवन में चाइल्ड हेल्पलाइन, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन तथा जिला बाल सुरक्षा इकाई के कार्यालय भी संचालित होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में आमजन का आना-जाना रहता है। उन्होंने सेंटर में आने वाली महिलाओं, बच्चों एवं अन्य जरूरतमंद लोगों के हितार्थ इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी से मानवीय सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने रेड क्रॉस की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि रेड क्रॉस सदैव मानव सेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में डॉ. विजय जौहरी ने पत्र के क्रम संख्या 1 में अंकित सामग्रियों के क्रय हेतु भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप के कारण जनहित में प्राथमिकता के आधार पर संस्तुति कार्यवाही गतिमान करते हुए जिलाधिकारी, अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसाइटी को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित कर दिया है।

# सरकारी स्कूल में व्यवस्थाएं परखने पहुंचे सीडीओ, अव्यवस्था पर भड़के

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के सरकारी स्कूलों में शिक्षण कार्यों व बच्चों को दी जा रही, शिक्षा गुणवत्ता को लेकर डीएम के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने विकास खण्ड भावलखेड़ा के कम्पोजिट विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग का औचक निरीक्षण किया, जिसमें प्रधानाध्यापक एवं अन्य शिक्षक उपस्थित पाए गए, जबकि दो शिक्षिकाएं आकस्मिक अवकाश पर थी। विद्यालय में गणित शिक्षक का अभाव पाया गया। इस पर गणित



शिक्षक की शीघ्र तैनाती एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को मूल विद्यालय में भेजने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शौचालयों एवं नालियों में गंदगी तथा डस्टबिन की कमी पाई गई, जिस पर पर्याप्त डस्टबिन की व्यवस्था एवं नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संकरे स्थान पर स्थापित वाटर कूलर को विद्यार्थियों, विशेषकर दिव्यांगों की सुविधा हेतु खुले स्थान पर स्थापित करने को कहा गया। रसोई घर में गंदगी, जाले एवं खाद्य सामग्री अव्यवस्थित पाई गई, जिसके सुधार हेतु साफ-सफाई एवं ब्रांडेड खाद्य सामग्री के उपयोग के निर्देश दिए गए। मिड-डे मील के अंतर्गत मेन्यू के अनुसार भोजन तैयार बताया गया तथा विद्यार्थियों को समय पर रोटी-सब्जी प्रदान की गई। सीडीओ ने निर्देश दिए कि जल्द से जल्द व्यवस्थाएं दुरस्त कर रिपोर्ट दे।

## प्रांतीय आह्वान पर संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने काली पट्टी बांध किया विरोध-प्रदर्शन



**वेतन न मिलने पर तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार आंदोलन शुरू**

**तिलहर - शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर सीएचसी पर कर्मचारियों ने काली वाहों में पट्टी बांधकर तीन दिवसीय सांकेतिक कार्य बहिष्कार का प्रदर्शन किया। मंगलवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे संघ इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद वर्मा एवं जिला संगठन मंत्री सचिन गुप्ता के नेतृत्व में सभी संविदा स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी गण सीएचसी परिसर में एकत्र हुए और वेतन न मिलने के चलते नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान डॉ अभिषेक जौहरी, डॉ अनवर, डॉ प्रियंका यादव , डॉ अक्षिता, डॉ बसर, मीनू, संगीता, मोनिका, प्रशांत, शुभम, वर्षा राठौर, शिवानी, अनुभव, रोहित समेत समस्त स्टाफ के लोग शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

## तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर घायल

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मेन मार्केट चैराहे पर सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार मोहम्मद उमर पुत्र सिद्दार निवासी मोहल्ला नयागंज, खुदागंज पेंट का काम करके साइकिल से अपने घर वापस जा रहे थे। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहम्मद उमर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को संभाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए चैराहे पर यातायात भी प्रभावित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो काफी तेज गति में था, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि तेज रफ्तार ऑटो ने साइकिल चालक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार ऑटो चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा तथा हादसे को अंजाम देने वाले ऑटो को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## नए कक्ष से बच्चों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं मिलेंगी

**प्रधान ने किया एक अतिरिक्त कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ**

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय बारापुर में मंगलवार को ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने एक अतिरिक्त कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस नए कक्ष से बच्चों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएँ मिलेंगी और विद्यालय का वातावरण भी सुधरेगा। उद्घाटन समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित करके की गई। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक गीत और स्वागत गीत प्रस्तुत किए, जिनकी उपस्थित लोगों ने



सराहना की।

ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने इस अवसर पर कहा कि विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का होना शिक्षा के बेहतर माहौल के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त कक्ष के निर्माण से बच्चों को पढ़ाई में सुविधा होगी और विद्यालय का शैक्षिक वातावरण और बेहतर बनेगा। प्रधान ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता ने विद्यालय में चल रहे शैक्षिक और विकास कार्यों की जानकारी दी और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भी इस अतिरिक्त कक्ष के निर्माण को एक सराहनीय कदम बताया, जिससे विद्यालय में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। इस अवसर पर सहायक अध्यापक पूनम सिंह, शिक्षामित्र दुर्गा बाजपेई, शिवरानी, पुष्पा देवी, किरण देवी, संजय कुमार, ईश्वरवाती, कृष्णावती, कंचन देवी, अनिल कुमार, रूपेश पांडे, अभिषेक सिंह सहित विद्यालय स्टाफ और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## लखनऊ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**बार एसोसिएशन की दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

**तिलहर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ में अधिवक्ताओं के गलत ढंग से तोड़े गए चैम्बर व अधिवक्ताओ पर किये गये सामूहिक लाठी चार्ज की तिलहर वार ऐसोसियेशन ने घोर निंदा करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है ।

मंगलवार को बार एसोसिएशन के महासचिव राहुलदेव सागर ने अधिवक्ता साथियों के साथ एसडीएम जीत सिंह राय को सौंपे ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की है कि बीती 17



मई को निर्दोष व निहत्थे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियो पर रिपोर्ट दर्ज कराकर तत्काल उनके दायित्वो से उनको मुक्त किया जावे। और चैम्बर विहीन हुये अधिवक्ता साथियो के वैठने के लिए वैकल्पिक चैम्वर की तत्काल व्यवस्था की जावे। ज्ञापन में अधिवक्ताओ पर आये दिन हो रहे अत्याचार व उत्पीडन को दृष्टिगत रखकर उनकी सुरक्षा व संरक्षण के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन अधिनियम शीघ्र लागू किए जाने की भी पुरजोर मांग की गई है।

## मदनापुर में पूरी रात गरजा बुलडोजर, हुआ अवैध खनन

**मदनापुर, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के मदनापुर क्षेत्र में अवैध खनन का काला कारोबार इस कदर बेखौफ हो चुका है कि खनन माफिया अब खुलेआम पुलिस-प्रशासन को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। बीती रात धर्मगदपुर से फाजिलपुर क्षेत्र तक पूरी रात जेसीबी मशीनें गरजती रहीं और दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मिट्टी से भरकर सड़कों पर दौड़ती रहीं। ग्रामीणों के मुताबिक रात भर अवैध खनन चलता रहा, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े स्तर पर हो रहे इस खेल को रोकने के लिए कहीं भी प्रशासन की सख्ती नजर नहीं आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में यह कोई पहली घटना नहीं है। काफी समय से रात के अंधेरे में इसी तरह मिट्टी का अवैध खनन किया जाता है और सुबह होने



से पहले ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मिट्टी खपाकर वापस लौट जाती हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या खनन माफियाओं को किसी का संरक्षण प्राप्त है। आखिर इतनी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और जेसीबी मशीनें पूरी रात चलती रहें और प्रशासन को भनक तक न लगे, यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही। अवैध खनन से जहां सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं पर्यावरण और किसानों की जमीन भी लगातार नुकसान झेल रही है।

## पत्नी के साथ शक के चलते बाइक सवार को जमकर पीटा, बाइक भी तोड़ी

**तिलहर-शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी कासिम पुत्र निसार ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह 16 मई की शाम करीब छह बजे बारह पत्थर से मोटर साईकिल से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान मोहल्ला विरिया गंज स्थित अम्बेडकर पार्क के पास मोहल्ले के ही रवि पुत्र चांदबाबू ने रोका और उसने अपनी पत्नी के साथ शक करते हुये गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुये लात-घूसों से बुरी तरह मारा पीटा । जिससे उसकी आंख व चेहरे पर काफी चोटे आयी और मोटर साईकिल भी तोड़ दी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## छात्र हित एवं शैक्षिक उत्कृष्टता रहेगा सर्वोपरि ध्येय: पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह

**स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए जाएंगे**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने विश्वविद्यालय के भावी शैक्षिक स्वरूप और आगामी कार्ययोजना के बारे में बताते हुए कहा कि ÷छात्र हित प्रत्येक परिस्थिति में सर्वोपरि रहेगा।÷ उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय को एक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित संस्थान के रूप में स्थापित



करने के लिए व्यापक संरचनात्मक एवं प्रशासनिक परिवर्तन किये जाएंगे।

कुलपति बनने के बाद पहली बार जिले के पत्रकारों से वार्ता करते हुए कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गति को तीव्र बनाने के लिए प्रवेश, परीक्षा, शिक्षण एवं परिणाम जैसी समस्त प्रक्रियाओं को नियमित, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकता के अनुरूप नवीन शिक्षकीय पदों का सृजन कर योग्य एवं दक्ष शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा का वातावरण विकसित हो सके। उन्होंने विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार एवं अकादमिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि आसपास के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें करियर संबंधी समुचित मार्गदर्शन प्रदान करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य केवल क्षेत्रीय स्तर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक परिदृश्य पर प्रतिष्ठित पहचान दिलाना है। उन्होंने इस उद्देश्य को पूर्ण करने में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं मीडिया जगत के समन्वित सहयोग को आवश्यक बताया। उन्होंने जानकारी दी कि नवीन शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों को अपने ही नगर में गुणवत्तापूर्ण विश्वविद्यालयीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध होगा। इसके लिए समर्थ पोर्टल, शैक्षणिक कैलेंडर, विश्वविद्यालय वेबसाइट तथा अन्य प्रशासनिक एवं तकनीकी व्यवस्थाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को रेखांकित करते हुए कुलपति श्री सिंह ने एक महत्त्वपूर्ण योजना का उल्लेख किया, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय आसपास के कुछ ग्रामों को गोद लेकर वहाँ के बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षण एवं सामाजिक चेतना के संवर्धन हेतु कार्य करेगा। प्रेस वार्ता से पूर्व कुलपति का परिचय वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने दिया। वार्ता का संचालन डॉ. शिशिर शुक्ला ने किया, तथा सभी का आभार विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा ने व्यक्त किया। वार्ता के दौरान कुलसचिव वीरेंद्र कुमार मौर्य, वित्त अधिकारी दीपक कुमार रस्तोगी, पूर्व प्राचार्य डॉ. अवनीश मिश्र, सुयश सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## जैविक खेती अपनाने का किसानों से आह्वान

**एकदिवसीय कृषि संगोष्ठी एवं मेले में दी गई जानकारियां**

**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मिर्जापुर स्थित आरबीएल लॉन में कार्यकारी संस्था यूपी डास्प एवं सहयोगी संस्था फ्यूचर फूड्स के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय जैविक कृषि संगोष्ठी एवं मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर जैविक खेती की नवीन तकनीकों, उर्वरक प्रबंधन और प्राकृतिक कीटनाशकों की जानकारी प्राप्त की। संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने किसानों को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से



अवगत कराते हुए जैविक खेती को भविष्य की आवश्यकता बताया। शाहजहांपुर कृषि विज्ञान केंद्र से आए वैज्ञानिक डॉ. एन.पी. गुप्ता, डॉ. विमल कुमार, डॉ. एम. खान, डॉ. महेश कुमार, इंजीनियर गौरव कुमार तथा गन्ना शोध संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. जी.एन. गुप्ता ने किसानों को जैविक खेती के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने किसानों से समय-समय पर मृदा परीक्षण कराने का आग्रह करते हुए बताया कि इससे भूमि की उर्वरता बनाए रखने में मदद मिलती है। इसके साथ ही उन्होंने जीवामृत, बीजामृत, पंचगव्य, वर्मी कंपोस्ट तथा जैविक कीटनाशकों जैसे सप्तपर्णी, दशपर्णी और नीमास्त्र के निर्माण एवं उपयोग की विधि भी समझाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिर्जापुर ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने किसानों से जैविक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ किसानों को अवश्य लेना चाहिए। मेले में कृषि विभाग एवं एफपीओ द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जहां जैविक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। किसानों ने इन स्टॉलों पर पहुंचकर जैविक उत्पादों और तकनीकों की जानकारी ली। जिला परियोजना समन्वयक यूपी डास्प डॉ. आशीष सिंह ने नमामि गंगे ईओएफसी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए किसानों को योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में फ्यूचर फूड्स संस्था के कर्मचारी अश्वनीय देशवाल ने सभी अतिथियों एवं किसानों का आभार व्यक्त करते हुए जैविक खेती को अपनाने पर जोर दिया। संगोष्ठी में जिला प्रभारी, एलआरपी, कृषि सखी, कृषि विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## चाणक्य डिफेंस एकेडमी ने किया शर्बत वितरण, दिया स्वच्छता का संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बड़े मंगल के अवसर पर हथौड़ा चैराहा स्थित प्राचीन लंगोटी बाबा ब्रह्मदेव स्थान पर चाणक्य डिफेंस एकेडमी के संचालक वैभव सिंह के नेतृत्व में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए शर्बत वितरण एवं जलपान सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एकेडमी के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राहगीरों को शर्बत पिलाया और सेवा भाव का परिचय दिया। छात्रों ने अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी एवं मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। सेवा कार्य के साथ-साथ स्वच्छता



अभियान पर भी विशेष ध्यान दिया गया। आयोजन समाप्त होने के बाद छात्रों ने आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा समाज को स्वच्छता का संदेश दिया।कार्यक्रम के संयोजक कोच वैभव सिंह एवं रोबिन सर रहे। इस अवसर पर समाजसेवी सुदेश सिंह, दीपेन्द्र, टार्जन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने चाणक्य डिफेंस एकेडमी द्वारा किए गए इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, मानवता एवं सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं।

# मछली पकड़ने गए युवक की डूबकर मौत, परिवार में मचा कोहराम

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के भुंडी घाट पर मंगलवार को मछली पकड़ने गए एक युवक की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, वहीं सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम मीरपुर मुसैली निवासी सलमान पुत्र रफ्फन, अरबाज, हासिम पुत्र रफ्फन तथा अशोक पुत्र शिवदयाल भुंडी घाट पर मछली पकड़ने आए थे। बताया जा रहा है कि अशोक पहले एक बार नदी में मछली पकड़ने के लिए अंदर गया और सुरक्षित बाहर आ गया। इसके बाद वह दोबारा नदी में उतरा, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। साथियों ने उसकी तलाश शुरू की, जिसके बाद उसका शव पानी में मिला। अशोक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि अशोक के पिता शिवदयाल की लगभग 10 वर्ष पूर्व ही मृत्यु हो चुकी है। अशोक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। सबसे बड़ा भाई अजुद्दी लगभग 35 वर्ष का है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। दूसरे भाई संतोष की उम्र करीब 28 वर्ष है, जबकि सबसे छोटा भाई यशपाल है। अशोक की तीन बहनें भी हैं, जिनमें बड़ी बहन यशोदा की शादी जनपद पीलीभीत में हो चुकी है, जबकि छोटी बहनें मानसी (20 वर्ष) और नैना (15 वर्ष) हैं। घटना की सूचना मिलते ही मां बदहवास हालत में घाट पर पहुंची और रोते-बिलखते हुए कहने लगी कि आज सुबह तुम जल्दी नहाकर तैयार हो गए थे, हमने मना किया था कि आज शिकार पर मत जाओ, लेकिन तुम नहीं माने। मां अपने बेटे को याद कर बार-बार बेसुध हो रही थी। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि युवक की मछली पकड़ते समय पानी में डूबने से मृत्यु हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ता

**शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी में जहां बिजली की खपत अधिक हो जाती हैं तो वहीं बिजली कटौती से लोग परेशान हो उठे है। शहर के कई मोहल्ला के लोगों ने बताया रात्रि में बिजली कटौती होने से जीना दुश्वार हो गया है। बिद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन लगाया जाता है लेकिन वह रिसीव ही नही करते है। शहर के मोहल्ला आवास विकास कालोनी, लाला तेली बजरिया, सुभाष नगर में बीती रात्रि बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हो गए। रात्रि में कई बार लाइट जाने से लोगों को भीषण गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में जहां पंखा, कूलर ही एक सहारा है ऐसे में बिजली कटौती लोगों को काफी परेशान कर रही है। पूरी रात्रि लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। आरोप है कि जब वह अधिकारियों और बिजली कर्मचारियों के फोन लगाते है तो कोई फोन रिसीव नही करता है। फोन रखकर कर्मचारी गायब हो जाते है और फोन उठाना मुनासिब नही समझते हैं, जिससे वह अपनी समस्या रख सके। उन्होंने प्रशासन से मांग कि ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए, जो आम जनता का फोन उठाना जरूरी नही समझते हैं।

# 13 शिकायतों में निस्तारण शून्य

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में सम्भव के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 13 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### खनन माफियों ने रोडों की हालत कर दी खस्ता, विभागीय अधिकारी जता रहे अनभिज्ञता, धडल्ले से हो रहा खनन

**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुवायां क्षेत्र के गांव भरतापुर में इस समय जारों से खनन हो रहा हैं। खनन माफियों के हौंसले इतने बुलंद हैं, कि उन्हें प्रशासन का डर बिल्कुल नजर नही आ रहा है। सरेआम वह कृषि योग्य जमीन को तालाब में तब्दील कर रहे है और रोडों की हालत खस्ता कर दी हैं। मिट्टी भरी ट्रालियों रोडों से निकलने पर रोड़ बिल्कुल खराब हो गए हैं, जिससे ग्रमीणों को काफी दिक्कत हो रही हैं। भरतापुर गांव के पूर्व प्रधान बलकार सिंह ने बताया खनन इस समय जोरों से हो रहा है। खनन माफियां इतने बेखौफ हैं कि उन्हें कार्रवाई कर डर भी नही सता रहा है। बताया कृषि योग्य जमीन को लगभग साढे तीन फुट तक खोदकर डाल दिया, जोकि तालाब में तब्दील हो गयी है। परमीशन का हवाला देकर यह लोग कृषि योग्य जमीनों को बर्बाद कर रहे हैं, लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान देने की जरूतर नही समझ रहा है। उनका कहना है कि जो पक्की रोड़ है उस पर ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी भरकर निकल रहे हैं, जिससे रोड पूरी तरह से उखड़ गयी, इसके अलावा कच्ची सड़क को खोदकर डाल दिया, जिससे पैदल निकलना तो दूर बाइक से निकलने पर बाइक सवार लोग गिर चोटिल हो रहे हैं लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देने की जरूरत नही समझ रहा है। जब इस सबंध में खनन अधिकारी से बात की गयी है कि तो उन्होंने बताया कि उन्हें खनन की जानकारी नही हैं, यदि खनन हो रहा है तो उसे तत्काल रूकवाया जाएगा।

### ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु 20 से 3 जून तक कर सकते है ऑनलाइन आवेदन

**शाहजहांपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने जानकारी देते हुए बताया है कि निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण के पत्र संख्या 285 15 मई द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराये जाने के दृष्टिगत कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में प्रशिक्षणदायी संस्थाओं के चयन के लिए विभाग द्वारा समय-सारिणी जारी की गयी है। सूच्य है कि नीलिट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षणदायी संस्थाओं द्वारा 20 मई से 03 जून 2026 तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किये जाने एवं सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढांचे तथा दिये गये प्रारूप पर नोटरी शपथ-पत्र का विवरण अपलोड करने के साथ हार्डकापी कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शाहजहॉपुर में संलग्नकों सहित उपलब्ध कराये जाने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है। उपरोक्तानुसार मानक के अनुरूप योग्य कम्प्यूटर संस्थाऐं निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन करते हुए प्रक्रियात्मक कार्यवाही कर सकते हैं। उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट अथवा जनपद कार्यालय कक्ष संख्या 307 विकास भवन से प्राप्त कर सकते हैं।

### धनाराघाट पर शारदा नदी में नहाने की जिद, बब्लू मांझी ने लाउडस्पीकर से दी चेतावनी

**पूरनपुर।** धनाराघाट पर शारदा नदी में नहाने वाले लोगों की लगातार लापरवाही को देखते हुए सुरक्षा बलों द्वारा सख्ती बरती जा रही है। धनाराघाट पर तैनात बब्लू मांझी ने लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बार-बार अपील की कि शारदा नदी में नहाने से बचें क्योंकि नदी में तेज बहाव और गहरे गड्ढों के कारण जानमाल का खतरा बना रहता है।बब्लू मांझी ने कहा, ऽलोग बार-बार समझाने के बावजूद नदी में नहाने जा रहे हैं। हमारी टीम लगातार माइकिंग कर रही है और लोगों से आग्रह कर रही है कि बच्चों और युवाओं को भी नदी से दूर रखें। प्रशासन ने पहले भी इस क्षेत्र में नहाने पर पाबंदी लगाई हुई है, लेकिन कुछ लोग सुरक्षा की अनदेखी करते हुए नदी में उतर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम जल्द ही इस मामले में और सख्त कदम उठा सकती है।नदी किनारे घूमने और तैराकी के शौकीनों से भी अपील की गई है कि वह सुरक्षित स्थानों का ही उपयोग करें और प्रशासन की चेतावनी को गंभीरता से लें।

# अचानक लगी आग में दस छप्परदार घर स्वाहा

> आग में लाइसेंसी दुनाली बंदूक और कारतूसों के जलकर दगने से ग्रामीणों में मची भगदड़, फायर ब्रिगेड ने जैसे-तैसे किया आग पर काबू

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे से लगभग एक किलोमीटर आगे जलालाबाद रोड पर तारापुर नर्सरी के निकट ग्राम टेढ़ा/पहरुआ की नई बस्ती में मंगलवार दुपहर तेज हवा के बीच अचानक लगी आग में दस छप्परदार घर जलकर राख हो गए। इस अचानक लगी आग में भारत कुशवाहा की लाइसेंसी दुनाली बंदूक कारतूस सहित सभी घरों में गृहस्थी के सामान सहित राजीव के घर में रखी बीस हजार की नकदी भी जल गई। आग में कारतूसों के जलकर दगने से आसपास के ग्रामीणों की आग बुझाने के लिए आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं हुई। जिससे आग ने उग्र रूप धारण कर भारत कुशवाहा के पुत्र राजीव कुमार,गिरीश,महावीर, आर्येंद्र और आदेश के छप्परदार घरों को भी अपने आगोश में छिपा लिया। अग्नि दुर्घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। जबतक दमकल कर्मी आग बुझाने के उपकरणों सहित मौके पर पहुंचे,तबतक आग ने पड़ोसी रामलाल राठौर के परिवार के छप्परदार घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे रामलाल के पुत्र झुन्नूलाल, पुरुषोत्तम व विपिन के घर भी जलकर राख हो गए। दमकल कर्मियों ने मौके पर आकर तेज हवा के बीच धू धू कर जल रही आग को जैसे तैसे काबू किया। अन्यथा पूरी बस्ती ही रख के ढेर में तब्दील हो जाती। ग्रामीणों का कहना है कि आग में कारतूसों के जलकर दगने से आसपास के ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। शस्त्र लाइसेंसी भारत कुशवाहा और रामलाल के घर के पुरुष घर में नहीं होने से महिलाएं सिर्फ अपने बच्चों को ही आग से सुरक्षित बचा सकीं। जिससे इन परिवारों की पूरी गृहस्थी के साथ ही साल भर खाने के लिए रखे बिस्तर,चारपाई, गेहूं, चावल, बर्तन, कपड़े, सोना,चांदी आदि सबकुछ आग की भेंट चढ़ गया है। अग्निकांड के बाद सभी परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। ग्राम प्रधान ने अग्निकांड की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी है। समाचार लिखे जाने तक तहसील से कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर आग से हुए नुकसान का आंकलन करने नहीं आया है। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

## ट्रैक्टर एजेंसी स्वामी व ग्राहक के बीच हुई नोकझोंक

> मोबिल की पिपिया पर रेट नहीं होने पर ग्राहक से दोगुना रुपए वसूलने का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** ट्रैक्टर की सर्विस करवाने गए ग्राहक से एजेंसी स्वामी की नोकझोंक हो गई। ग्राहक का कहना है कि सर्विस में लगभग 25 लीटर मोबिल डलवाया। लेकिन जब पिपिया देखी तो उसने न ही मूल्य लिखे थे और न ही बैच नम्बर था। आरोप है कि ट्रैक्टर स्वामी ग्राहकों से दोगने रुपये वसूल कर रहा है। जिसकी शिकायत ग्राहक ने 1076 पर की। मंगलवार को पुवायां निवासी रजनीश शर्मा अपने ट्रैक्टर की सर्विस करवाने के लिए बण्डा रोड़ स्थित एक ट्रैक्टर एंजेसी पर गए थे जहां उन्होंने ट्रैक्टर की सर्विस करवाई। सर्विस में लगभग 25 लीटर मोबिल पड़ा है लेकिन मोबिल की पिपिया में न ही मूल्य लिखे थे ओर न ही उत्पादन की अवधि व बैच नम्बर नही लिखा था उनका कहना है इस पिपिया पर मूल्य मिटवा दिए गए है। जब वह एजेंसी स्वामी को यह जानकारी दी तो वह आगबबूला हो गए उसी बीच ग्राहक रजनीश शर्मा व एजेंसी स्वामी के बीच काफी देर नोकझोंक हुई। एजेंसी स्वामी का कहना है कि इस एजेंसी पर किसी भी चीज में मूल्य नही लिखे होते है लेकिन अन्य मोबिल की पिपिया पर मूल्य, अवधि व बेंच नम्बर सभी लिखा था। जिसके बाद रजनीश शर्मा ने ट्रैक्टर सर्विस का भुगतान करने के बाद उन्होंने 1076 पर एजेंसी स्वामी की शिकायत की साथ ही कहा इनके खिलाफ एक नोटिस देंगे ताकि ग्राहकों से दोगुना भुगतान न वसूले।

## होमगार्ड्स विभाग ने पिलाया शर्बत



**शाहजहांपुर।** ज्येष्ठ के पावन माह में बड़े मंगलवार को होमगार्ड्स विभाग की ओर से चिनौर में अवंतीबाई पार्क मोड़ पर प्रसाद वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान हनुमानजी की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात रहगीरों को प्रसाद शर्बत का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कमांडेंट होमगार्डस लाल साहब यदुवंशी, जिला कमांडेंट के सहायक कृष्ण वर्मा, निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, बीओ विष्णु पाल, कमलेश कुमार, उमेश कुमार एवं विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# धरना-प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष हाउस अरेस्ट

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष लखपत सिंह को मंगलवार को लखनऊ में प्रस्तावित धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले खुदागंज पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, लखपत सिंह लखनऊ में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान इंस्पेक्टर खुदागंज के नेतृत्व में पुलिस टीम उनके आवास पहुंची और उन्हें घर से बाहर न निकलने की हिदायत देते हुए नजरबंद कर दिया। बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया। लखपत सिंह ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के अधिकार का हनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर संगठन द्वारा लखनऊ में प्रदर्शन किया जाना था, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें जाने से रोक दिया। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन कार्रवाई की गई है। मामले को लेकर प्रधान संगठन के पदाधिकारियों और समर्थकों में नाराजगी देखी जा रही है।

## डीएम के आदेश पर हुई पैमाईश

> पालिका आराजी पर सोहेल अख्तर के मकान की हुई पुष्टि, एसडीएम ने डीएम को भेजी जांच रिपोर्ट, हो सकती है ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर पालिका की की आराजी पर घर बनाए जाने की शिकायत मामले में डीएम के निर्देश पर हुई पैमाईश में मकान पालिका भूमि पर बने होने की पुष्टि हो गई है । एसडीएम ने जांच रिपोर्ट डीएम को भेज दी है । जिसके ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्यवाही हो सकती है । बता दें कि नगर के मोहल्ला बहीदुल्लागंज निवासी उम्मीद अली अंसारी ने बीती नौ जनवरी को नगर पालिका की जमीन पर सोहेल अख्तर द्वारा अवैध रूप से मकान बनाने की शिकायत की थी । जिसकी डीएम ने एसडीएम , सीओ व ईओ की संयुक्त टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए थे । एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि टीम द्वारा पुराने बस अड्डे तिराहे से पीरगैब तालाब की तरफ तथा सरकारी अस्पताल वाले तिराहे से पीरगैब तालाब की तरफ नाप कराई गई । जिसमें आरोपी सोहेल का मकान पूरी तरह से नगर पालिका की जमीन पर बना पाया गया है। जांच रिपोर्ट बनाकर एसडीएम कार्यालय से डीएम कार्यालय अग्रिम कार्रवाई के आदेशों के लिए भेज दी गई है। डीएम का आदेश आते ही उक्त अवैध मकान के द्वितीकरण की कार्यवाही की जा सकती है।

# एसडीएम ने बैठक कर जनगणना प्रगणकों को दिए निर्देश

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसडीएम जीत सिंह राय ने जनगणना कार्य में लगे सुपरवाइजरों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को तहसील सभागार में एसडीएम जीत सिंह राय ने कहा कि जनगणना भारत सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है । इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनगणना कार्य में लगे कर्मचारी सही से कार्य करें और किसी प्रकार का दस्तावेज या फिर ओटीपी न मांगी जाए। एसडीएम ने कहा कि जनगणना करने के दौरान कुछ लोगों द्वारा जानकारी साझा करने में संकोच भी किया जा सकता है। इसको देखते हुए वहां के जनप्रतिनिधि एवं संभ्रांत व्यक्ति का भी सहयोग लेकर ऐसे लोगों का डाटा ले और जनगणना कार्य पूरा करें। बैठक में नायब तहसीलदार मनु माथुर, निवेदिता ठाकुर, अमित कुमार भी शामिल रहे।

# कथा के विश्राम के बाद हुआ भंडारा



**कांट, शाहजहांपुर।** रमापुर गांव की मोड़ स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर पर आयोजित भागवत कथा के विश्राम के बाद मंगलवार को हवन भंडारा हुआ। आचार्य आशीष वाजपेई ने यज्ञ वेदी बनाकर नवग्रह पूजन के बाद हवन करवाया। जिसमें यजमानों ने परिवार सहित पूर्णाहुति दी। यजमान शारदा शंकर शुक्ला ने कन्याभोज कराकर उन्हें दान दक्षिणा दी।भंडारे में राहगीरों, ग्रामीणों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। जिसके बाद पूर्व सदस्य जिला पंचायत नीरज मिश्रा ने बाल व्यास शिवांश कृष्ण को अंगवस्त्र पहनाकर एवं यजमान ने उन्हें यथोचित दान दक्षिणा देकर विदाई दी।भंडारे में शिवराम दुबे, शिवम गुप्ता, सूर्यकांत शुक्ला, कुणाल, कन्हैया, रामभैया आदि लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ ने बच्चों के साथ पंगत में बैठकर किया भोजन

> कंपोजिट विद्यालय अटसलिया निरीक्षण में मिड डे मील की गुणवत्ता परखी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के स्कूलों की शिक्षा व मिड डे मील गुणवत्ता को परखने के लिए सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी निरंतर निरीक्षण कर धरातल पर व्यवस्थाएं परख रहे हैं। इसी क्रम में सीडीओ ने कंपोजिट विद्यालय अटसलिया का निरीक्षण कर उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों से संवाद व उनको मिलने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता चैक की। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर दोपहर उनको मिलने वाले भोजन को खाकर गुणवत्ता देखी। साथ ही सीडीओ ने विद्यालय की उपस्थिति पंजिका देखी, जिसमें पाया कि निकहत परवीन, इन्चार्ज प्रधानाध्यापक, जिला स्काउट मास्टर एवं अन्य अध्यापक उपस्थित थे। पंजीकृत छात्र संख्या में 173 के सापेक्ष 126 छात्र-छात्राए उपस्थित थे। निकहत परवीन इन्चार्ज प्रधानाध्यापक, जिला स्काउट मास्टर, दपिन्दर कौर, सहायक अध्यापक मीरा सिंह, सहायक अध्यापक, साइमा तरन्नुम, सहायक अध्यापक, शालिनी मिश्रा, सहायक अध्यापक, नम्रता मिश्र, शिक्षामित्र, वर्षा मिश्र, शिक्षामित्र उपस्थित थे। हर्षित दीक्षित सेवक के बारे में बताया गया कि वह जिला मुख्यालय पर सम्बद्ध है। विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शौचालयों एवं पानी के निकास हेतु बनी नालियों की सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक पाई। परिसर में फुलवारी एवं अन्य पेड़ पौधे लगे पाये गये। इससे विद्यालय परिसर हरा-भरा एवं सुन्दर दिख रहा था। विद्यालय के छात्र एवं छात्राए भी अनुशासित पाये गये।सीडीओ ने कहा कि स्कूल में हरियाली के रख-रखाव व स्कूली बच्चों के अनुशासन के लिए विद्यालय की ईन्चार्ज प्रधानाध्यापक एवं अन्य समस्त अध्यापक प्रशंसा के पात्र है। विद्यालय में कम्प्यूटर रखे पाये गये परन्तु विद्यालय में कोई कम्प्यूटर टीचर नियुक्त नहीं है।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं में कम्प्यूटर ज्ञान विकसित करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विद्यालय में नियमानुसार कम्प्यूटर टीचर की नियुक्ति सुनिश्चित कराने को कहा। निरीक्षण में सीडीओ ने छात्र-छात्राओं द्वारा गिनती, पहाड़ा एवं अन्य पाठ्य सामग्री निर्वाद्ध रूप से पढ़वाकर देखा। बच्चे स्कूल की यूनिफार्म में साफ-सुथरे एवं अनुशासित पाये। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सन्तोषजनक एवं विद्यालय का वातावरण अच्छा है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सामान्य ज्ञानार्जन के लिए एक हिन्दी एवं एक अग्रेजी, समाचार पत्र विद्यालय में प्रतिदिन मगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। रसोई घर के निरीक्षण के समय रसोई घर में काफी साफ-सुथरी पाई गई। रसोई घर में खाद्य सामग्री व्यवस्थित ढंग से रखी पाई गयी। रसोईयों से पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि मीनू के अनुसार दाल बावल बने है।

निकहत परवीन इन्चार्ज प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि मध्यान्ह भोजन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री ब्राण्डेड ही प्रयुक्त की जाये। इन्चार्ज प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए शीतल जल की व्यवस्था को वॉटरकूलर लगवाये जाने की मॉग। मौके पर उपस्थित प्रज्ञ शुक्ला प्रोग्राम कोआर्डिनेटर सार्थक फाउन्डेशन को विद्यालय में वॉटरकूलर स्थापित कराने के निर्देश दिये।

## पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने कई थाना-चौकी प्रभारियों का किया स्थानांतरण

**पीलीभीत।** बेहतर पॉलिसिंग और व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है।इस क्रम में राजीव कुमार को पूरनपुर चौकी प्रभारी से घुंघचाई थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं घुंघचाई थाना प्रभारी जयशंकर प्रसाद को जहानाबाद थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये स्थानांतरण विभागीय आवश्यकता और कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं। नए प्रभारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और जनसेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।नए पदभार ग्रहण करने वाले अधिकारियों को शीघ्र ही अपने-अपने थानों पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

## उर्वरक उपयोग में कमी से आएगा व्यापक बदलाव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले दिनों देशवासियों से किये गए सात आग्रहों में से एक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कमी लाने का है। इसमें दो राय नहीं कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग के दुष्परिणामों को लेकर गत कई सालों से गंभीर आग्रह किये जा रहे हैं। प्रति हेक्टेयर कृषि उत्पादन सेचुरेशन स्तर पर पहुंच गया है तो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंच रहा है, मिट्टी और जल प्रदूषण उच्च स्तर पर पहुंच गया है तो रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से कैंसर जैसी बीमारियों का दायरा बहुत अधिक बढ़ गया है। यहां तक कि अत्यधिक खाद्यान्न उत्पादन वाले किसान और प्रदेश अपने दैनिक उपभोग के लिए जैविक खाद्यान्न या अन्य प्रदेशों के खाद्यान्न के उपयोग पर जोर देने लगे हैं। यह भी तथ्य है कि देश में लाख प्रयासों के बावजूद रासायनिक उर्वरकों का आयात लगातार बढ़ रहा है। विदेशों से 979 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात में से ईंधन के बाद बहुत अधिक आयात राशि उर्वरकों पर भी व्यय होती है। देश में करीब 600 लाख टन उर्वरकों की खपत है जिसके साल 2030 तक 700 से 800 लाख टन तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह है कि रासायनिक उर्वरकों में देश की मांग के शत-प्रतिशत पोटाश की विदेशों से आयात पर निर्भरता है तो फास्फेट के तकरीबन 90 प्रतिशत और यूरिया के करीब 25 प्रतिशत तक आयात पर निर्भरता है। यूरिया की आयात निर्भरता करीब 25 प्रतिशत तक है पर यूरिया उत्पादन के लिए काम में आने वाली प्राकृतिक गैस की जरुरत करीब 80 प्रतिशत तक विदेशों से आयात से ही संभव हो पाती है। एक मोटे अनुमान के अनुसार रासायनिक उर्वरकों पर दो लाख करोड़ के आसपास अनुदान राशि दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कटौती का आग्रह किया है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने के लिए जहां एक ओर जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है वहीं पीएम प्रणाम योजना में राज्यों को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री का आग्रह है कि 10 प्रतिशत फर्मेंटेड खाद का उपयोग बढ़ाकर किसान बड़ा सहयोग दे सकते हैं। जून 2023 में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र सरकार ने प्रोत्साहन योजना लागू की है। योजना के अनुसार रासायनिक उर्वरकों के तीन साल के औसत उपयोग से खपत कम करने पर अनुदान के रुप में बचाई गई राशि की 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकारों को प्रोत्साहन के रुप में देने की व्यवस्था की गई है। इसमें से 70 प्रतिशत राशि गांवों में वैकल्पिक उर्वरक यानी जैविक खाद उत्पादन व तकनीक के विस्तार पर व्यय करने पर जोर दिया जा रहा है वहीं, 30 प्रतिशत राशि रासायनिक उर्वरकों की खपत करने के लिए काश्तकारों को जागरुक करने, अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने आदि पर व्यय करने का प्रावधान है। विशेषज्ञों का मानना है कि फर्मेंटेड खाद के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों की खपत में अच्छी खासा कमी लाई जा सकती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फर्मेंटेड खाद मिलाने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री बीजेयूआर कार्यक्रम के तहत मिट्टी की जांच का जो व्यापक कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसका उद्देश्य भी यही है कि खेत की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का उपयोग किया जाए।

# ईरान और इजरायल के बीच है, असली अदावत

*विवेकानंद माथने*

ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष विचारधारा, साम्राज्यवाद-विरोध, धार्मिक मान्यताओं और क्षेत्रीय वर्चस्व की लंबी ऐतिहासिक प्रक्रिया का परिणाम है। सवाल है कि 1979 के बाद ईरान इस संघर्ष में कैसे सक्रिय हुआ, उसकी वैचारिक दिशा क्या रही और किस प्रकार यह संघर्ष समय के साथ गहराता हुआ आज व्यापक क्षेत्रीय टकराव का रूप ले चुका है? 1948 में फिलिस्तीन की भूमि पर इजरायल की स्थापना के बाद, फिलिस्तीनियों द्वारा अपनी जमीन और अधिकारों को पुनरू प्राप्त करने के प्रयासों के साथ संघर्ष के एक नए दौर की शुरुआत हुई। इस संघर्ष के दौरान इजरायल अपनी सैन्य शक्ति के बल पर लगातार सीमाओं का विस्तार करता गया और फिलिस्तीनियों को उनके ही मूल क्षेत्रों से पीछे धकेलता रहा। विडंबना यह रही कि इन मुद्दों पर वैश्विक प्रतिक्रिया सीमित और असंगत रही है। लोकतंत्र और मानवाधिकारों की रक्षा का दावा करने वाले किसी भी देश ने इजरायल की विस्तारवादी नीति का विरोध और फिलिस्तीनियों के अधिकारों को बहाल करने के लिए प्रभावी और निर्णायक हस्तक्षेप नहीं किया। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान में इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई। नई सरकार ने शाह के शासनकाल में इजरायल के साथ रहे सभी संबंधों को पूरी तरह समाप्त कर दिया। ईरान ने इजरायल को श्छोटा शैतानश् और अमेरिका को बड़ा शैतान की संज्ञा देते हुए इजरायल को एक अवैध राष्ट्र घोषित कर दिया। इसके साथ ही ईरान ने इजरायल के साथ सभी राजनयिक संबंध भी खत्म कर दिए। यहीं से इजरायल और अमेरिका के विरुद्ध ईरान के वैचारिक विरोध की स्पष्ट शुरुआत हुई। इस्लामी क्रांति के बाद ईरान ने दुनिया के उपेक्षित, दबे-कुचले समुदायों के समर्थन को अपनी विदेश नीति का आधार बनाया। ईरान के अनुसार फिलिस्तीनियों को उत्पीड़ित करके अपनी ही जमीन पर कैदी बना दिया गया है। जब उन लोगों की मदद कर रहा है, जिन्हें दुनिया ने उनके हाल पर छोड़ दिया है। इन परिस्थितियों में ईरान के लिए सशस्त्र प्रतिरोध एक प्रमुख रणनीति के रूप में उभरा। 1982 में लेबनान पर इजरायल के आक्रमण के बाद ईरान ने हिज्बुल्लाह के गठन में सहयोग दिया, जिससे इजरायल की उत्तरी सीमा पर एक नया दबाव बना। बाद में उसने हमास सहित अन्य समूहों को समर्थन देकर प्रत्यक्ष युद्ध के बजाय प्रॉक्सी युद्ध की रणनीति अपनाई। ईरान ने मध्य-पूर्व में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए इजरायल की सीमाओं के निकट प्रतिरोध की धुरी (एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस) का गठन किया, जिसमें सीरिया की सरकार, लेबनान का हिजबुल्लाह, गाजा का हमास और यमन के हूती विद्रोही शामिल हैं। इनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में इजरायल और अमेरिकी प्रभाव का विरोध करना तथा फिलिस्तीनी संघर्ष का समर्थन करते हुए उनकी भूमि वापस पाना है। अमेरिका ने ईरान के पड़ोसी देशों में अपने सैन्य ठिकाने स्थापित कर क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है और दबाव बनाए रखा है। वहीं, इजरायल श्संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए वेस्ट बैंक में बस्तियों का विस्तार और गाजा की घेराबंदी जारी



रखे हुए है। कई विश्लेषकों के अनुसार, यह संघर्ष केवल भूभाग का नहीं, बल्कि क्षेत्रीय प्रभाव और प्रभुत्व की प्रतिस्पर्धा का भी है। ईरान का मानना है कि इजरायल केवल एक देश नहीं, बल्कि मध्य-पूर्व में अमेरिका और पश्चिमी शक्तियों की एक अग्रिम चौकी है। उसके अनुसार, इजरायल का गठन इस क्षेत्र के संसाधनों पर नियंत्रण रखने और मुस्लिम देशों को कमजोर करने के लिए एक औपनिवेशिक परियोजना के तहत किया गया है। ईरान इस संघर्ष को साम्राज्यवाद और अन्याय के खिलाफ एक व्यापक लड़ाई के रूप में देखता है। इसी संदर्भ में उसने श्अल-कुद्स दिवसश् की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य फिलिस्तीन के समर्थन में वैश्विक एकजुटता को मजबूत करना है। दूसरी ओर, इजरायल इस पूरे परिदृश्य को अपनी सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखता है। अपनी स्थापना के बाद से ही उसे अपने अस्तित्व के लिए लगातार युद्धों और हमलों का सामना करना पड़ा है। इसलिए वह अपनी सैन्य ताकत, खुफिया नेटवर्क और तकनीकी श्रेष्ठता को बनाए रखने की नीति अपनाता है और विशेष रूप से ईरान जैसे विरोधी देशों को कमजोर करने की रणनीति पर भी काम करता है। परमाणु कार्यक्रम इस संघर्ष का एक और केंद्रीय मुद्दा है। इजरायल के पास अघोषित रूप से परमाणु हथियार हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय उस पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाता, वहीं ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाए गए हैं। ईरान इसे पश्चिमी देशों का दोहरा मापदंड मानता है, जबकि इजरायल का मानना है कि यदि ईरान परमाणु हथियार विकसित कर लेता है, तो उसके अस्तित्व को खतरा पैदा हो जाएगा। ईरान का आरोप है कि इजरायल उसके खिलाफ एक गुप्त युद्ध चला रहा है। ईरानी परमाणु वैज्ञानिकों की हत्याओं, साइबर हमलों और सैन्य ठिकानों पर हमलों के पीछे इजरायल की भूमिका मानी जाती है। इजरायल द्वारा सीरिया में ईरानी ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों को भी ईरान अपनी संप्रभुता पर हमला मानता है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया। इस हमले में बड़ी संख्या में इजरायली नागरिकों की मौत हुई और सैकड़ों लोगों को बंधक बनाया गया। इसके बाद इजरायल ने गाजा में व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें अब तक 75,000 से अधिक निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए, इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। गाजा के लगभग 19 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। इसके मानवीय प्रभावों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंताएं व्यक्त की गई हैं। 2024 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने एक राय दी थी, जिसमें 1967 से फिलिस्तीनी क्षेत्रों (गाजा पट्टी, वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम) पर इजरायल के कब्जे को अवैध बताया गया था और बस्तियों के विस्तार को अंतरराष्ट्रीय कानून के विरुद्ध माना गया था। हालांकि, इसका क्रियान्वयन संयुक्त राष्ट्र संघश् और उसके सदस्य देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करता है। फिलहाल यह संघर्ष फिलिस्तीनियों की भूमि और अधिकारों की लड़ाई, ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव और वैचारिक प्रतिबद्धता तथा इजरायल की सुरक्षा और अस्तित्व संबंधी चिंताओं को उजागर करता है। ईरान इसे अन्याय और विदेशी वर्चस्व के विरुद्ध प्रतिरोध की लड़ाई के रूप में प्रस्तुत करता है, जो उसके लिए आत्मसम्मान और न्याय का प्रश्न है। दूसरी ओर, इजरायल अपनी सैन्य और तकनीकी श्रेष्ठता के सहारे स्वयं को सुरक्षित रखना चाहता हैय उसके लिए यह संघर्ष अपने अस्तित्व और सुरक्षा को बनाए रखने का एक अनिवार्य प्रयास है। स्पष्ट है कि यह संघर्ष केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इतिहास, राजनीति, सुरक्षा और न्याय की परस्पर विरोधी धारणाओं का परिणाम है। जब तक इन बुनियादी प्रश्नों का कोई न्यायपूर्ण और सर्वमान्य समाधान नहीं निकलता, तब तक यह टकराव न केवल जारी रहेगा, बल्कि भविष्य में और भी अधिक व्यापक और विनाशकारी रूप ले सकता है।

# सनातन विरोध की राजनीति पर जनता का लोकतांत्रिक प्रहार

*प्रेम शुक्ल*

सोचिए उस माली की मूर्खता को, जो उस वृक्ष की जड़ें काटने निकलता है, जिसकी छांव में वह स्वयं पला-बढ़ा हो। भारत की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों में कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। एक तरफ वह सनातन, जो हजारों वर्षों की तपस्या, त्याग और ज्ञान की नींव पर खड़ा है, जो इस देश की सांसों में रचा-बसा है और दूसरी तरफ कुछ ऐसे राजनेता, जिन्होंने वोट की भूख में अंधे होकर इसी सनातन को अपशब्द कहना, हिंदू आस्था को कोसना और भारत की आत्मा को ललकारना अपनी राजनीति का हथियार बना लिया। उन्हें लगा, हिंदू समाज बिखरा हुआ है, आस्था को रौंदते रहो, कोई प्रतिकार नहीं होगा। लेकिन यह देश गीता की भूमि है। यहां लिखा है-'यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्' जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म का उत्थान होता है, तब एक शक्ति जागती है। इस बार वह शक्ति किसी रणक्षेत्र में नहीं, मतपेटी में जागी और जनता ने वह जवाब दिया, जिसकी इन नेताओं ने कल्पना भी नहीं की थी। सबसे बड़ा उदाहरण तमिलनाडु की राजनीति से सामने आया, जहां द्रमुक नेताओं ने खुले मंचों से सनातन धर्म को 'डेंगू और मलेरिया' जैसी बीमारी तक कह दिया। द्रमुक के ही एक अन्य वरिष्ठ नेता ए. राजा ने इससे भी आगे बढ़कर सनातन की तुलना 'एच.आई.वी.' और 'कुष्ठ रोग' जैसी बीमारियों से कर दी। द्रमुक के प्रवक्ता कॉन्स्टेंटाइन रवींद्रन ने सनातन धर्म को उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों की 'बुद्धि की कमी' का कारण बता दिया और अब इस सनातन-विरोधी राजनीति में एक नया और चिंताजनक अध्याय जुड़ गया है। तमिलनाडु में अभिनेता विजय की पार्टी टी.वी.के. ने हाल ही में सरकार बनाई लेकिन सत्ता की कुर्सी गर्म होने से पहले ही इस दल के नेताओं ने सनातन के विरुद्ध अपना असली चेहरा दिखाना शुरू कर दिया। टी.वी.के. के विधायक और तमिलनाडु मुस्लिम लीग के संस्थापक अध्यक्ष वी.एम.एस. मुस्तफा ने खुले मंच से घोषणा की, 'सनातन को समाप्त करने के लिए ही हम रणक्षेत्र में उतरे हैं।' जो पार्टी अभी-अभी जनता का विश्वास लेकर सत्ता में आई, उसके नेता पहले ही दिन से सनातन को मिटाने की भाषा बोलने लगें, यह तमिलनाडु की जनता के साथ विश्वासघात है और पूरे देश के लिए एक कड़ी चेतावनी। देश ने यह सब देखा और समझ लिया कि यह केवल राजनीतिक बयानबाजी नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करने की सुनियोजित मानसिकता है।

## विचार

# सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना के पूर्ण होने से पूर्वांचल के किसानों की समृद्धि का खुला द्वार

उत्तर प्रदेश के पूर्वी अंचल को सिंचाई सुविधा से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना आज देश की सबसे महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं में गिनी जाती है। यह परियोजना केवल एक जल प्रबंधन योजना नहीं, बल्कि करोड़ों किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने वाली विकास गाथा है। दशकों तक लंबित रहने के बाद इस परियोजना को गति देकर पूर्ण कराया गया, जिससे पूर्वांचल के किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकी और कृषि उत्पादन में व्यापक वृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ है। सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का उद्देश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश में घाघरा, सरयू, राप्ती, बाणगंगा तथा रोहिन नदियों के जल का समुचित उपयोग करते हुए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करना है। इस परियोजना के माध्यम से प्रदेश के 09 जनपदों बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज एवं गोरखपुर को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है। इन क्षेत्रों में वर्षों से किसान वर्षा आधारित खेती पर निर्भर थे, जिसके कारण उत्पादन क्षमता सीमित रहती थी। परियोजना पूर्ण होने के बाद अब इन जिलों में खेती अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और लाभकारी बन गई है। सरयू नहर परियोजना का प्रारम्भ वर्ष 1978 में हुआ था। इसका प्रस्तावित सीसीए (कल्टिवेबल कमांड एरिया) 11.29 लाख हेक्टेयर निर्धारित किया गया था, जबकि अब सिंचन क्षमता लगभग 14.04 लाख हेक्टेयर तय की गई है। इतनी विशाल सिंचाई क्षमता वाली यह परियोजना पूर्वांचल की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाली सिद्ध हुई है। इस परियोजना के अंतर्गत दो प्रमुख बैराजों का निर्माण किया गया है, जिसमें सरयू बैराज तथा राप्ती बैराज है। इसके अतिरिक्त चार महत्वपूर्ण पम्प नहर प्रणालियों अयोध्या पम्प कैनाल, गोला पम्प कैनाल, उतरौला पम्प कैनाल एवं डुमरियागंज पम्प कैनाल का निर्माण भी किया



गया है। इन संरचनाओं ने जल वितरण प्रणाली को मजबूत बनाते हुए दूरस्थ क्षेत्रों तक सिंचाई जल पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस परियोजना के तहत लगभग 6362 किलोमीटर लंबाई की नहरों का निर्माण कराया गया। साथ ही लगभग 3817 किलोमीटर लंबाई में ड्रेनों का भी निर्माण कर जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इससे जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं से स्थानीय निवासियों को राहत मिली है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में हर वर्ष आने वाली बाढ़ किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुँचाती थी, लेकिन ड्रेनेज व्यवस्था के निर्माण से अब जल प्रबंधन अधिक वैज्ञानिक और तकनीकी ढंग से निर्मित हुआ है। इस परियोजना का सबसे बड़ा लाभ किसानों को मिला है। इस नहर से लगभग 29 लाख किसान प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए हैं। सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने से अब किसान केवल परंपरागत फसलों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे बहुफसली खेती, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं नकदी फसलों की खेती भी करने लगे हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। सरयू नहर परियोजना की यात्रा आसान नहीं रही। मूल परियोजना वर्ष 1978 के आधार पर वर्ष 1982 में लगभग 299.20 करोड़ रुपये की लागत से अनुमोदित हुई थी। समय के साथ लागत में कई बार संशोधन किए गए। वर्ष 2002 में प्रथम पुनरीक्षण के दौरान इसकी लागत बढ़कर लगभग 2765.18 करोड़ रुपये हो गई। वर्ष 2010 में द्वितीय पुनरीक्षण के अंतर्गत यह लागत लगभग 7270.29 करोड़ रुपये तक पहुँची, जबकि वर्ष 2017 में तृतीय पुनरीक्षण के तहत लगभग 9802.68 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। अंततः इस परियोजना की कुल लागत लगभग 10184.93 करोड़ रुपये रही। इस परियोजना के निर्माण में अनेक प्रशासनिक और तकनीकी चुनौतियाँ भी सामने आईं। राप्ती मुख्य नहर एवं अन्य वितरण प्रणालियों के समरेखन में वन विभाग की भूमि, रेलवे पुलों तथा राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित अवरोध उपस्थित थे। विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने और समन्वय स्थापित करने के बाद निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया गया। यह परियोजना विभिन्न विभागों के सामूहिक प्रयास, तकनीकी दक्षता और प्रशासनिक इच्छाशक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई। वर्ष 2015 में सरयू नहर परियोजना के महत्व को देखते हुए भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत देश की 99 महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल किया। इसके बाद परियोजना को नई गति मिली और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराया गया। केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से वर्षों से लंबित यह परियोजना निर्धारित लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ी और पूर्ण हुई। 11 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का लोकार्पण किया गया। यह अवसर पूर्वांचल के किसानों के लिए ऐतिहासिक क्षण था। दशकों का इंतजार समाप्त हुआ और लाखों किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त हुआ। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में निर्मित सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना आज केवल सिंचाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास, कृषि उत्पादन वृद्धि, जल संरक्षण और सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का आधार बन चुकी है। इस परियोजना ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि दूरदृष्टि, राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रभावी क्रियान्वयन साथ हों, तो बड़े से बड़े विकास कार्य भी सफलतापूर्वक पूरे किए जा सकते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश की धरती, जो कभी सूखा और बाढ़ जैसी दोहरी समस्याओं से जूझती थी, अब जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के माध्यम से समृद्धि की ओर अग्रसर है। सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना आने वाले वर्षों में प्रदेश की कृषि उन्नति और किसान कल्याण की आधारशिला के रूप में याद की जाएगी।

**प्रेशर सिंचाई प्रणाली, सिंचाई हेतु कृषि विकास की दिशा में एक प्रभावी कदम**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेकों सुविधाएं दी जा रही है। इन्हीं सुविधाओं में सिंचाई सुविधा एक महत्वपूर्ण विधा है। प्रदेश के किसानों को नहरों, राजकीय नलकूपों, निजी नलकूपों, तालाबों, बांध-बन्धियों आदि के माध्यम से सिंचाई सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा अन्य सिंचाई विधाओं पर भी प्रदेश सरकार परियोजनाओं का निर्माण कर रही है। प्रदेश में कृषि क्षेत्र की सफलता अधिकतर सिंचाई व्यवस्था पर निर्भर करती है, लेकिन पारंपरिक नहर आधारित प्रणालियों में जल की बर्बादी, असमान जल वितरण और सीमित पहुँच जैसी समस्याएँ लंबे समय से बनी रही हैं। सरयू नहर परियोजना, जिसकी प्रस्तावित सिंचाई क्षमता लगभग 14.04 लाख हेक्टेयर है, भी इन चुनौतियों से अछूती नहीं रही।

## साहित्य

# कार पर सस्ता, शिक्षा ऋण पर ब्याज दर ज्यादा क्यों



**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत जैसे विकासशील देश में शिक्षा को हमेशा राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है। हम अक्सर कहते हैं कि युवा देश का भविष्य हैं, शिक्षा समाज की रीढ़ है और ज्ञान ही विकास का आधार है। लेकिन जब व्यवहारिक व्यवस्था को देखा जाता है तो तस्वीर कुछ और दिखाई देती है। विडंबना यह है कि आज भारत में कार खरीदना आसान हो रहा है लेकिन उच्च शिक्षा प्राप्त करना लगातार कठिन और महँगा होता जा रहा है। बैंक आपको नई कार खरीदने के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर तुरंत ऋण देने को तैयार मिल जाएंगे, परंतु वही बैंक जब किसी विद्यार्थी को शिक्षा ऋण देते हैं तो ब्याज दरें बढ़ जाती हैं, नियम कठोर हो जाते हैं और भविष्य को जोखिम मान लिया जाता है। यह स्थिति केवल बैंकिंग प्रणाली की तकनीकी समस्या नहीं बल्कि हमारी सामाजिक और आर्थिक प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न भी है।



# राशिफल

**मेषः-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा।

**वृषभः-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

**मिथुनः-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंहः-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्याः-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

**तुलाः-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिकः-**आज का दिन सावधानी पूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनुः-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकरः-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभः-**आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को लेकर यह दिखावा क्यों : सर्वोच्च न्यायालय

*डॉ. ज्ञान पाठक*

विपक्ष हमेशा से यह दावा करता रहा है कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नियंत्रित कर रहे हैं और ईसीआई यह पक्का करने के लिए काम कर रहा है कि देश में भाजपा चुनाव जीते। अब भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा है कि ईसीआई की स्वतंत्रता को लेकर यह दिखावा क्यों? यह सवाल हमें फिर से सोचने पर मजबूर करता है कि क्या मोदी के जमाने में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हैं, विशेषकर पिछले कई सालों में सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों और टिप्पणियों के आलोक में? सर्वोच्च न्यायालय अभी चीफइलेक्शन कमिश्नर एंड अदर इलेक्शन कमिश्नर (अपॉइंटमेंट, कंडीशंस ऑफसर्विस और टर्म ऑफऑफिस) एक्ट, 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पास हुआ था। बेंच ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव एक सचमुच स्वतंत्र ईसीआई पर ही निर्भर करते हैं। सुनवाई के दौरान बेंच ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति में श्एक भी बिल्कुल निष्पक्ष व्यक्ति की गैरमौजूदगी की ओर इशारा किया। कमेटी में कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी पर भी बेंच ने सवाल उठाया और कहा कि ऐसे मंत्री से प्रधानमंत्री की बात न मानने की उम्मीद नहीं की जा सकती, और पूछा कि क्या कमेटी में विपक्ष के नेता की मौजूदगी सिर्फ दिखावटी है। चूंकि मुख्य और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कार्यपालिका द्वारा 2:1 को बहुमत से असरदार तरीके से की जा सकती है, तो चुनाव आयुक्तों की आजादी का यह दिखावा क्यों? बेंच ने कहा कि अगर भारत के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई निदेशक की नियुक्ति प्रक्रिया का हिस्सा हो सकते हैं, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों के लिए एक स्वतंत्र प्रक्रिया क्यों नहीं अपनायी जा सकती, जो ज्यादा जरूरी है क्योंकि इसका सीधा संबंध -लोकतंत्र और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को बनाए रखने से है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि ईसीआई को न सिर्फ निष्पक्ष होना चाहिए बल्कि अपने काम में निष्पक्ष दिखना भी चाहिए। यह ध्यान देने वाली बात है कि पहले मुख्य न्यायाधीश चयन समिति का हिस्सा हुआ करते थे लेकिन मोदी सरकार ने सीजेआई को इस कमेटी से हटा दिया। मौजूदा ढांचे के तहत, सरकार अपनी पसंद के व्यक्ति को नियुक्त कर सकती है। इसलिए मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियां जनता को भरोसेमंद नहीं लगतीं। बेंच के इस टिप्पणी का राजनीतिक महत्व है क्योंकि इसने ईसीआई पर कार्यपालिका के असर, भेदभाव दिखने, और क्या स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए संस्थागत सुरक्षा को कमजोर किया जा रहा है, इस बारे में गंभीर न्यायिक चिंता का संकेत दिया है। हाल ही में हुए पश्चिम बंगाल चुनाव ने चुनाव और नियुक्तियों के बीच सीधा संबंध दिखाया है। एसआईआर के लिए विशेष पर्यवेक्षक और राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी कथित तौर पर भाजपा के प्रति लॉयल रहे और पार्टी को जीतने में मदद की, और जब भाजपा जीती, तो उनको नई राज्य सरकार का सलाहकार और मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से दिखाया था कि कैसे कर्नाटक और हरियाणा में भाजपा के पक्ष में राज्य के चुनावी नतीजों को प्रभावित करने के लिए दूसरे राज्यों के वोटरों को जोड़कर मतदाता सूची में हेरफेर किया गया था। मतदाताओं को कानून के आधार पर जोड़ा गया था। इस खुलासे के बाद, भाजपा के ईशारे पर ईसीआई ने बिहार में एसआईआर शुरू किया, और मतदाता सूची की सफाई के नाम पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये। सर्वोच्च न्यायालय ने लाखों मतदाताओं को सूची में शामिल करवाने के लिए दखल दिया, लेकिन अनेक मतदाता सूची से बाहर रह गए और वोट नहीं दे सके। इससे भाजपा को बिहार और हाल ही में पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतने में मदद मिली। पश्चिम बंगाल के मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव परिणाम से परेशान टीएमसी को अलग केस फाइल करने को कहा है। ज्ञातव्य हो कि सर्वोच्च न्यायालय एसआईआर के तहत केस की भी सुनवाई कर रहा है, लेकिन अभी तक कोई आखिरी फैसला नहीं आया है। इस तरह भाजपा चुनाव जीतती जा रही है, और सर्वोच्च न्यायालय अभी भी केस की सुनवाई ही कर रहा है। यह एक सामाजिक राजनीतिक चिंता है जो सर्वोच्च न्यायालय के दायरे से बाहर है, क्योंकि इसके चुनी हुई सरकार की स्थिति पर फैसला करने की संभावना नहीं है, भले ही बाहर किए गए वोटरों के नाम आखिरकार वोटर लिस्ट में शामिल हो जाएं। हम ऐसा पूर्व के उदाहरणों के आधार पर कह सकते हैं, जिनमें भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मोदी सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को गैर-संवैधानिक पाया जाना भी शामिल है। लेकिन उन चुनावों की स्थिति पर कुछ फैसला नहीं किया जो इस स्कीम द्वारा गैर-संवैधानिक रूप से इकत्र किए गए पैसे से लड़े गए थे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संभावना तो असल में तभी समाप्त हो गई थी, जब हम इस बात पर गौर करते हैं कि चुनावी मुकाबले संरचनात्मक रूप से कितने असमान हो गए हैं। मोदी सरकार ने चुनावों के लिए श्समान अवसर देने से इनकार कर दिया है और चुनाव आयोग इस पर कुछ भी नहीं कर रहा है। मोदी सरकार पर यह आरोप भी लगे हैं कि उसने चुनावों से पहले और चुनावों के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया, जिसका एकमात्र उद्देश्य उनके राजनीतिक अभियानों में बाधा डालना था। मीडिया और पैसे तक पहुंच के मामले में भी भारी असमानता देखने को मिली है। सरकार पर सरकारी मीडिया और प्रशासन का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया गया है। इसी पृष्ठभूमि को देखते हुए, भारत को देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के मामले में ईसीआई की निष्पक्षता पर लोगों का भरोसा फिर से बहाल करने की कोशिश करनी चाहिए। हम आलोचकों, विपक्षी दलों, पूर्व चुनाव आयुक्तों, संवैधानिक विशेषज्ञों और आम लोगों के उन दावों को नजरअंदाज नहीं कर सकते, जिनमें यह कहा गया है कि ईसीआई अब मोदी सरकार के साथ ज्यादा से ज्यादा जुड़ा हुआ नजर आ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियां इस बात का संकेत देती हैं कि ईसीआई की स्वतंत्रता और स्वायत्तता से समझौता किया गया है। जमानत नियम है और जेल अपवाद। न्याय का यह बड़ा सिद्धांत सोमवार को एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय में सुनाया गया और इसके साथ ही पिछले पांच सालों से जेल में बंद उमर खालिद की जमानत का प्रकरण भी चर्चा में आ गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि, बेल नियम और जेल अपवाद, यह सिद्धांत गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए मामलों में भी लागू होता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### जिला बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक सम्पन्न



**फतेहपुर।** जिला बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक सिविल बार हाल में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता बार के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने किया तथा संचालन बार के महामंत्री अनुराग नारायण उर्फपुत्तन मिश्र ने किया। बैठक में एजेंडे के बिंदुओं बार की दुकानों का किराया बढ़ाने जाने के सम्बन्ध में, बार की संपत्ति में अवैध रूप से कब्जा किए हुए लोगों को बेदखल करने के संबंध में तथा अधिवक्ता कल्याण के लिए ट्रस्ट का गठन कर उसमें कोष की व्यवस्था करने के संबंध में, कचेहरी परिसर में वाहनों के प्रवेश पर रोक, वकालतनामा का मूल्य बढ़ाने के सम्बन्ध में तथा अधिवक्ता हित व बार को सुदृढ़ करने हेतु आए अन्य विचारों पर चर्चा की हुई। बैठक में मुख्य रूप से कैलाश प्रताप सिंह, सुशील मिश्र, हितेंद्र सिंह, मणि प्रकाश दुबे, आफ़ताब अहमद, प्रवीण द्विवेदी, इंद्रजीत यादव, वागीश श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश गुप्त, सुनील गुप्ता, मंजुला राजपूत, पुष्पा देवी मौर्य आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### विद्यालय के मेधावियों को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित




**जालौन (उरई)।** एमएल कांवेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। मेधावियों को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। एमएल कांवेंट स्कूल में विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को उनकी पूरे वर्ष की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीता गुप्ता ने की और मुख्य अतिथि डॉक्टर सीपी गुप्ता रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी एकाग्रता और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। बच्चों को आगे भी मेहनत करने की प्रेरणा दी। प्रबंध निदेशक गौरव गुप्ता ने और कार्यक्रम अध्यक्ष नीता गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे शिक्षकों का कड़ा परिश्रम और अभिभावकों का विश्वास है। बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। परीक्षाफल घोषणा में प्लेग्रुप में सोम, नर्सरी में प्रतिका, एलकेजी में लकी, यूकेजी में क्रिश, कक्षा एक में मनु, कक्षा दो में हर्षा, कक्षा तीन में गोपालजी, कचार में जानवी यादव, कक्षा पांच में अनन्या, कक्षा छह में विशाल सिंह, कक्षा सात में कामाक्षा, कक्षा आठ में भव्या, कक्षा नौ में सोम्या एवं कक्षा 11 में गौरी गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पहले पांच स्थानों पर आने वाले मेधावियों को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजू महतेले, धर्मेंद्र सुहाने, अनिल गुप्ता, माधव व्यास, मंगल सिंह चौहान, औसाफअंसारी, सौरभ खरे और दीपक खरे आदि मौजूद रहे।

### अगवा कर 16 दिन तक बंधक रही नीट छात्रा को पुलिस ने किया बरामद



**महोबा।** महोबा जनपद में नीट की छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म का बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। कोचिंग से घर लौटते समय रहस्यमय ढंग से अगवा हुई छात्रा को पुलिस ने 16 दिन बाद बरामद किया है। पीड़िता ने कार सवार दबंगों पर बंधक बनाकर गैंगरेप करने, नशीले इंजेक्शन देने और सिगरेट से दागने के आरोप लगाए हैं। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता को परिजनों को हवाले कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। जनपद में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दबंगों ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। मध्य प्रदेश के सीमावर्ती छतरपुर जिले के एक गाँव की रहने वाली छात्रा महोबा शहर में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। बीती 30 अप्रैल को जब वह कोचिंग से घर लौट रही थी, तभी कार सवार दबंगों ने उसे जबरन अगवा कर लिया। पुलिस ने पूरे 16 दिन बाद छात्रा को बरामद तो कर लिया, लेकिन पीड़िता ने जो आप बीती सुनाई, वह रूह कंपा देने वाली है। पीड़िता का आरोप है कि गांव के मोहित श्रीवास ने अपने साथी अंकित श्रीवास और हल्लू राजपूत सहित करीब आधा दर्जन आरोपियों ने उसे प्रयागराज में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उसे हर दो घंटे में नशीले इंजेक्शन दिए गए और उसके साथ मोहित ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर दरिंदों ने उसे सिगरेट से दागा और चाकू से वार किए। भाई की फोटो दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और जबरन मोहित ने शादी भी रचाई। अब पीड़िता ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है। इस वीभत्स घटना के सामने आने के बाद इलाके में भारी आक्रोश है। अस्पताल में इलाज करा रही पीड़िता दहशत से कांप रही है। अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला निवासी एक महिला ने अपनी 25 वर्षीय पुत्री के गुमसुदा होने के साथ कुछ नामजद लोगो के खिलाफ तहरीर दी थी । तहरीर में आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए अपहर्ता के बरामदगी के लिए चार टीमो का गठन किया गया था जिसमे अपहर्ता की बरामगी करते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है इस मामले में अभी तक तीन को हिरासत में लेते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

# डीएम के माध्यम अधिवक्ताओं ने सीएम के नाम भेजा ज्ञापन

▸ अधिवक्ताओं के ऊपर हुए लाठीचार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें इन लोगों ने कहा की लखनऊ में अधिवक्ता चौंबर हटाए जाने के संबंध में पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज करके अधिवक्ता, महिला अधिवक्ताओं को बुरी तरीके से मारपीट कर घायल किया गया। इसमें बहुत सारे अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उनका इलाज चल रहा है। इन लोगों ने पुलिस के लाठी चार्ज के विरोध में घटना की न्यायिक जांच की मांग किया और दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की भी मांग किया। इसके साथी अधिवक्ताओं के साथ होने वाली घटनाओं के संबंध में अधिवक्ता प्रोटेक्शन कानून लागू करने की भी मांग किया तथा घायल अधिवक्ताओं को उचित मुआवजा राज्य सरकार द्वारा दिए जाने के लिए मांग किया। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, मंजुला राजपूत, नरेंद्र प्रसाद तिवारी, पुष्पा देवी, आदित्य शर्मा, सुनील कुमार गुप्ता, सतीश शर्मा, छाया देवी, अविनाश कुमार सिंह, अनंत नारायण दुबे, महाप्रसाद दुबे, राजेश सिंह गौतम, आशीष गौड़, असलम शेर खान, संतोष कुमारी शुक्ला, विकास श्रीवास्तव, अशोक कुमार सिंह, अतुल कुमार, शुघर सिंह, महेंद्र सिंह यादव सिद्धार्थ शंकर पटेल एडवोकेट, धीरेंद्र कुमार यादव एडवोकेट, शैलेंद्र कुमार सिंह एडवोकेट, महेंद्र एडवोकेट, दिनेश प्रजापति एडवोकेट, शैलेन्द्र एडवोकेट, रितेश एडवोकेट, आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट, सुनील उमराव एडवोकेट, विनय गुप्ता एडवोकेट, दीपक गुप्ता, मनोज गौतम एडवोकेट, संजय यादव एडवोकेट, राजेश धर्मेंद्र विश्वकर्मा एडवोकेट, शाश्वत गर्ग एडवोकेट, हरिश्चंद्र मौर्य एडवोकेट, धीरेंद्र मौर्य एडवोकेट, दिलीप पटेल एडवोकेट, एहसान अहमद एडवोकेट, मयंक यादव एडवोकेट, राकेश चौधरी एडवोकेट नमिता सिंह, मोनू श्रीवास्तव, अमित द्विवेदी, पिंटू सिंह, बृजेश यादव, सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार पर डीएम का बड़ा प्रहार, अटरिया प्रधान बर्खास्त

**उरई (जालौन)।** जनपद में भ्रष्टाचार और योजनाओं में अनियमितता के खिलाफ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विकास खण्ड डकोर की ग्राम पंचायत अटरिया के ग्राम प्रधान दीपू खटीक को पद से बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि विकास खण्ड रामपुरा की ग्राम पंचायत जगम्मनपुर के प्रधान के विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना में रिश्वतखोरी के गंभीर आरोपों पर वित्तीय अधिकार सीज करने की कार्रवाई प्रारंभ करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि गरीबों के हक पर डाका डालने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत अटरिया के प्रधान दीपू खटीक के विरुद्ध जांच में गंभीर अनियमितताएं एवं पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों का लगातार उल्लंघन प्रमाणित पाया गया। आरोप सिद्ध होने पर उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें प्रधान पद से बर्खास्त कर दिया गया। वहीं ग्राम पंचायत जगम्मनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक कुष्ठ रोगी लाभार्थी से आवास स्वीकृति एवं किस्त जारी कराने के नाम पर 25 हजार रुपये रिश्वत लेने का मामला वायरल ऑडियो और वीडियो के माध्यम से सामने आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने जारी नोटिस में कहा गया है कि आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजना में लाभार्थियों से अवैध धन उगाही न केवल भ्रष्टाचार है बल्कि प्रधान पद की गरिमा और जिम्मेदारियों का खुला उल्लंघन भी है। संबंधित प्रधान से 20 दिन के भीतर साक्ष्यों सहित तथ्यात्मक स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जबाव न मिलने पर उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) के तहत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मेकओवर सेमीनार का कार्यक्रम आयोजित



**फतेहपुर।** हुनरमंद स्वाबलंबी बनाने की कला को विकसित करने व मेकअप आर्टिस्ट बनाने की योग्यता विकसित करने की दिशा में मेकओवर बाई आर एम मेकअप स्टुडियो आईटीआई रोड में एक वर्कशाप सेमीनार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डायरेक्टर रेशम मेहरोत्रा ने भारत के सुप्रसिद्ध मेकअप स्टुडियो कम्पनी दिल्ली के सीनियर मेकअप आर्टिस्ट अजय कुमार द्वारा सहभागिता करने वाली महिलाओं छात्राओं को मेकअप आर्टिस्ट के नए आयामों के गुण से परिपूर्ण किया। इस दौरान कई जिलों व फतेहपुर की तहसील कस्बों से आई ब्यूटी पार्लर संचालिकाओं ने सेमीनार वर्कशॉप में भाग लेकर अनेक नई तकनीकियों को सीखा। इसअवसर पर डायरेक्टर रेशम मेहरोत्रा ने कहा हुनर रोजगार विकसित करता है व हुनर हमारी एकेडमी से प्राप्त किया जा सकता है। हमारा उद्देश्य महिलाओं छात्राओं को हुनरमंद बनाकर स्वाबलंबी बनाना है। वर्कशॉप सेमीनार में मधु, प्रियंका, शुभी, ममता, विमला, छवि श्रीवास्तव, रीना, बबीता, वन्दना सहित कई जिलों से आई ब्यूटी पार्लर संचालिकाये छात्राओ ने सहभागिता किया।

## प्रधान संघ जिलाध्यक्ष नदीमउद्दीन को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को बढ़ाये जाने की मांग को लेकर राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित धरने में शामिल होने की आशंका के चलते ग्राम प्रधान संघ जिलाध्यक्ष नदीमउद्दीन पप्पू एडवोकेट समेत कई ग्राम प्रधानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ग्राम प्रधान अध्यक्ष के पुलिस हिरासत में लिए जाने की जानकारी होने पर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। जिला बार एसोसिएशन के हस्तक्षेप पर पुलिस प्रशासन ने ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष को कोतवाली से रिहा करके घर भेज दिया जहां देर शाम तक आवास में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। आवास के आस पास भी पुलिस की तैनाती रही। प्रधान संघ जिलाध्यक्ष ने फोन पर बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर हो रही देरी की वजह से ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को बढ़ाये जाने की मांग को लेकर 20 मई को राजधानी लखनऊ में प्रदेश व्यापी धरना आयोजित किया जाना था। धरने में शामिल होने से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुबह उन्हें आवास से पहले कोतवाली बुलाया व उन्हें हिरासत में लेने की बात कही। वही जिला बार के हस्तक्षेप के बाद उन्हें हॉउस अरेस्ट किया गया है। आवास में मिलने आये ग्राम प्रधान स्वामी शरण पाल, जितेंद्र सिंह, सोनू, सुरेंद्र, उमाशंकर आदि ग्राम प्रधान को भी साथ मे हॉउस अरेस्ट किया गया था।

## एसडीएम की अपील का असर दो दिन में दो गांवों के एक दर्जन वृद्धजनों ने लिया प्रवेश

▸ ग्रामीणों से संवाद में वृद्धजनों ने साक्षर न होने की कही थी बात

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज़।**



ज्वाइंटर मजिस्ट्रेट की शिक्षा के प्रति पहल का असर देखने को मिल रहा है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छानी खास 10 और शेखपुर बुजुर्ग में 2 वृद्धजनों ने गांव के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों की कक्षाओं में दाखिला लिया। रविवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने तहसील क्षेत्र के ग्राम छानी खास और शेखपुर बुजुर्ग पहुंचे थे। तहां उन्होंने ग्रामीणों से गांव के विकास को लेकर संवाद किया था। जब वह ग्रामीणों से बात कर रहे थे तो उन्हें समझ आया कि गांव के कई बुजुर्ग ऐसे हैं जो साक्षर नहीं हैं। इसको लेकर उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा था कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। उम्र के किसी भी पड़ाव पर कुछ भी सीखा जा सकता है। जैसे पहले कोई नई तकनीक आती है तो सब उसे सीखने का प्रयास करते हैं। तकनीक आने पर उसे छोड़ा नहीं जाता है। यही कुछ शिक्षा भी है। यदि किसी कारणवश आप बचपन या युवावस्था में शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके तो अभी भी आप शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि विद्यालय में अपना प्रवेश कराएं। एसडीएम की अपील पर छानी खास गांव के देवीदीन (62), वंशगोपाल (64), भुलई (73), मिश्रीलाल (65), किरन (58), टीकाराम (65) राममूर्ति (66) व फूलन देवी (56) ने प्राथमिक कक्षाओं में और उच्च प्राथमिक विद्यालय में कालका प्रसाद (72) व राजादुलैया (70) ने प्रवेश लिया। शेखपुर बुजुर्ग गांव में भी 72 वर्षीय बृजबिहारी गोस्वामी और 50 वर्षीय गुड्डी देवी बाल्मीकि ने भी अपना प्रवेश कराया और बच्चों के साथ शिक्षा प्राप्त की।

## कोंच ब्लॉक कार्यालय के बाहर शर्बत किया गया वितरित



**कोंच (जालौन)।** पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह की मंगलवार को ही भगवान श्री राम और पवन पुत्र हनुमान जी का पहली बार मिलन हुआ था इसीलिए इस दिन को बड़ा मंगल कहा जाता है इसी को लेकर दिन मंगलवार को नदीगांव रोड विकासखंड कार्यालय परिषद में खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार यादव की उपस्थिति में शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शीतल शरबत को आए हुए आगंतुकों को प्रेम पूर्वक पिलाया गया जिससे ज्येष्ठ माह की कड़ी धूप एवं तपन भरी गर्मी में लोगों को राहत मिली। इस दौरान वीडियो पंचायत देवी शरण सोनी, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत श्रीवास्तव, अकाउंटेंट मनोज श्रीवास्तव सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर कुसुम निरंजन, वरिष्ठ लिपिक धनपत राजपूत सुभाष पड़री, अवधेश पचीपुरी प्रधान, धर्मेंद्र सिंह चमरसेना, संजीब पाल परेथा सहित ब्लाक कार्यालय परिवार मौजूद रहा।


## कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद।

संख्या 81/नाजिर सदर/वाहन नीलामी (2026-27) दिनांक 15 मई, 2026

### नीलामी नोटिस

जिलाधिकारी महोदया फर्रुखाबाद के आदेश दिनांक 11/05/2026 के क्रम में कलेक्ट्रेट फर्रुखाबाद के निष्प्रयोज्य राजकीय वाहन संख्या यू0पी0 76 जी 0223 (इनोवा) न्यूनतम बोली की धनराशि मु0-90,000.00 रू0 (नब्बे हजार रूपये) तथा वाहन की धरोहर धनराशि मु0-20,000,00 रु0 (बीस हजार रूपये) की नीलामी में प्रतिभाग हेतु इच्छुक व्यक्ति जो भी निष्प्रयोज्य राजकीय वाहन संख्या यू0पी0 76 जी 0223 (इनोवा) लेना चाहतें है, वह दिनांक 29/05/2026 को समय 04 बजे स्थान-कार्यालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ के कक्ष संख्या 24 में नीलामी समिति के समक्ष उपस्थित होकर बोली बोल सकते हैं।

उक्त नीलामी से सम्बन्धित सभी शर्तें कार्यालय जिलाधिकारी फर्रुखाबाद के नजारत अनुभाग कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ के कक्ष संख्या 01 नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

**अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/**
**विभागीय अधिकारी, फर्रुखाबाद।**



## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 781/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0आ0/ ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 19/05/ 2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत कार्यो को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए अल्पकालीन निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ताओं हेतु निविदा पत्र के माध्यम से दिनांक 20/05/2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांकः 28/05/2026 को अपरान्ह 03: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं एवं समस्त निविदायें दिनांक 28/05/2026 को ही अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष/द्वारा खोली आयेंगी। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी व नियम शर्तो हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित हो कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (with 18% GST) | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत कम्पिल में कम्पिल सिवारा मार्ग पर डिवाइडर मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | 09.99 लाख | 20,00 | 1000 | एक माह |
| 2 | नगर पंचायत कम्पिल कार्यालय हेतु फर्नीचर क्रयकरण कार्य। में मा0 अध्यक्ष एवं सभासदों के बोर्ड लगवाये जाने का कार्य | 04.30 लाख | 8,600 | 400 | एक सप्ताह |

**(अवनीश कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद**

**(राजवती यादव)**
**अध्यक्षा**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद**


## ट्रैक्टर के टूल्स बाक्स में रखा 1.10 लाख टप्पेबाज लेकर हुआ फरार, घटना सीसीटीवी में कैद

▸ थाना प्रभारी ने कहा तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस घटना के खुलासे में जुटी

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



आनंदी पाल पुत्र अर्जू पाल निवासी गंज करारा (मध्यप्रदेश)अपने ट्रैक्टर ट्राली में गेहूं भरकर नौगांव मंडी में 1 लाख 10 हजार रुपए में बेचकर वापस अपने घर जा रहा था । रास्ते में चमरू गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल लेने हेतु रुक गया और अपने ट्रैक्टर में डीजल भरवाने लगा , तभी ट्रॉली की टूल बॉक्स में रखे हुए 1लाख 10 हजार नोट तोलिया में लपेटकर रख दिए और डीजल भरवाने लगा तभी टप्पेबाज लेकर चमपत हो गया। इस घटना को पेट्रोल पंप स्थित सीसीटीवी में टप्पेबाज साफ तौर पर दिखाई दे रहा की पीछे से आया और टूल बॉक्स से तोलिया में लपेट गए नोटों को उठाकर ट्रॉली के पीछे चला गया और आगे खड़ी मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग गया । जब पीड़ित अपने घर पहुंचा और पैसे निकालने के लिए गया तो उसे रुपये नहीं थे, तब उसको शंका हुई कि मैं डीजल भरवाने के लिए ट्रैक्टर खड़ा किया और कहीं रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा नहीं किया। पीड़ित ने आकर पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में देखा तो पता चला की टप्पेबाज ने मेरे पैसे पार कर दिए। पीड़ित तुरंत अजनर थाने आया और पुलिस को घटना की सूचना दी । थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है पुलिस पेट्रोल पंप सहित हाईवे पर स्थित सभी कैमरा को चेक कर रही और घटना के खुलासे में लगी हुई है।

## कच्चे घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख

**कदौरा (जालौन)।** कदौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बबीना और हंसा गांव के बीच स्थित ग्राम चक्कीपुरवा में मंगलवार दोपहर अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, कदौरा थाना पुलिस एवं डायल 112 मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार आग कल्लू पुत्र रामदी, उम्र लगभग 70 वर्ष के कच्चे घर में लगी, जिसमें रखा भूसा, खटिया एवं गृहस्थी का सामान सहित अन्य घरेलू सामग्री जलकर खाक हो गई। आग की लपटों से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD ARIF S/O MOHAMMAD RAFIQ था जो कि दिनांक 15.04.2026 को मैंने अपना नाम बदलकर MOHD ARIF KHAN S/O MOHAMMAD RAFIQ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए निवासी नहीं बस्ती केवलपुर थाना रूपईडीहा जिला बहराइच, उत्तर प्रदेश।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि चांदनी पाल पुत्री जगदीश माता लल्ली पाल मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जिसका अनुक्रमांक 2125 47619 है। मैंने वर्ष 2021 में हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की थी।
**चांदनी पाल पुत्री जगदीश ग्राम जुमेरपुर पोस्ट मुस्तफाबाद तहसील कैसरगंज जिला बहराइच।**

### सूचना

सभी युद्ध विधवाएं/विधवाओं/विकलांग सैनिक व भूतपूर्व सैनिकों, जिन्हें दुकान चलाने का अनुभव हो, को सूचित किया जाता है कि सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ़ में निम्नलिखित दुकान आवंटन के लिए उपलब्ध हैं जिसके लिए, इस सूचना के जरिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस सन्दर्भ में आप आवेदन पत्र पी.आर.आई. कार्यालय, सिख लाई आर सी से प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञात रहे, आवेदन पत्र के साथ अपना बायोडाटा और जरुरी प्रमाणपत्र पी. आर. आई. कार्यालय, सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ के पते पर दिनांक 30 मई 2026 से पहले सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर के मुख्य द्वार पर रखे हुए बीड बोक्स में डालें या रजिस्टर्ड डाक करें। 30 मई 2026 के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। दुकान का आवंटन उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा।

1. Sweet Shop.


## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन जेल परिसर का किया निरीक्षण

▸ डीएम ने प्रवेश द्वार, महिला/पुरुष बैरक, परिधि दीवार आदि की विस्तृत जानकारी ली

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने मंगलवार को निर्माणाधीन जेल का किया विस्तृत निरीक्षण। जिला मुख्यालय में मंगलवार को जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन जेल परिसर का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की चरणबद्ध प्रगति, गुणवत्ता और उपलब्ध संसाधनों का विस्तार से आकलन किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले मुख्य प्रवेश द्वार, महिला बैरक, पुरुष बैरक, सुरक्षा घेरा तथा परिधि दीवार का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से दीवार की मजबूती, ऊँचाई और सुरक्षा मानकों के अनुरूप किए जा रहे कार्य की जानकारी ली। इसके बाद वे बैरक निर्माण स्थल पहुंची, जहां उन्होंने निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण सामग्री के प्रयोग और कार्य की गति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने प्रशासनिक भवन, मुलाक़ाती कक्ष, महिला बैरक, रसोईघर, चिकित्सा इकाई और भविष्य में स्थापित की जाने वाली सीसीटीवी प्रणाली से संबंधित तैयारियों पर भी अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जेल परिसर की प्रत्येक इकाई आधुनिक सुरक्षा तकनीक और बेहतर संरचनात्मक गुणवत्ता के साथ तैयार होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था, हेलमेट और सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, तथा निर्माण स्थल की स्वच्छता का भी आकलन किया। उन्होंने निर्देश कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का हर स्तर पर पालन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित मानिटरिंग की जाए ताकि गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से परियोजना पूर्ण हो सके तथा जेल परिसर की प्रत्येक इकाई आधुनिक सुरक्षा तकनीक और बेहतर संरचनात्मक गुणवत्ता के साथ तैयार होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा मानकों से समझौते पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नए दौर में हमारी भारतीय संस्कृति हुई विलुप्तः प्राची शुक्ला

## न्यू रेनबो वेल्फेयर सोसाइटी बाराबंकी द्वारा आयोजित दो दिवशीय कार्यक्रम का हुआ समापन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय लोकगीत एवम् लोकनृत्य का दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया। यह कार्यक्रम न्यू रेनबो वेल्फेयर सोसाइटी बाराबंकी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजक संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार था। इस कार्यक्रम के बारे में प्राची शुक्ला ने बताया इस नए दौर में हमारी भारतीय संस्कृति विलुप्त होती जा रही है पहले समय मे घर की महिलाएँ द्वारा सोहर गीत बन्ना -बन्नी ब्याह गीत डांडिया कजरी गीत आदि महिलाएँ स्वयं गाती थी इस कार्यक्रम में लोकगीत एवम् लोकनृत्य के माध्यम ओर से प्रस्तुत किया गया मास्टर रवींद्र यादव संगीतज्ञ ने बच्चों को क्लासिकल गानों के बारे में बताया कुलदीप शर्मा ने किसानों के घरों में गाए जाने वाले गीतों के बारे में बताया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ विवेक सिंह वर्मा शबाना भट्ट ग्राम प्रधान बरेठी बाराबंकी उपस्थित रहे डॉक्टर विवेक सिंह वर्मा ने कहा की संस्था ने कार्यक्रम में लोकगीत एवं लोकनृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति के प्रस्तुति सजीव रहा है। शबाना भट्ट जी द्वारा कलाकारों एवं संस्था के सहयोगियों को प्रमाण पत्र दिया और कार्यक्रम का समापन किया गया उपस्थिति गण मोहम्मद रियाज़ प्रधान प्रतिनिधि , समाज सेवी एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार सरवर अली रिज़वी, धर्म कुमार यादव, शत्रोहान लाल श्रीवास्तव, करन श्रीवास्तव, प्राची शुक्ला एडवोकेट , रवि शुक्ला, कुलदीप शर्मा , कैलाशनाथ पाठक अमरनाथ पाठक, मनीष यादव , सुनील कुमार वर्मा, तिलक चंद्र बेचालाल यादव जब्बार अली देशराज मनीष गौतम सभासद बंकी रीता श्रीवास्तव प्रेरणाश् रीवास्तव आशुतोष कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे हैं अंत में संस्था के प्रबंधक अनुराग श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों एवं कलाकारों को धन्यवाद किया।

## पोस्ता छिलके के साथ युवक गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को एक युवक के कब्जे से तीन पन्नियों में रखा करीब 610 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका डोडा बरामद करके आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। कोतवाली निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि 17 मई की देर रात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक स्टील के डिब्बे में पोस्ता छिलका लेकर किसी वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, लेकिन कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रेम नारायण पुत्र हौसिला प्रसाद रावत निवासी भवनिया पुर मजरे भवानियापुर खेवली थाना रामसनेहीघाट बताया। तलाशी के दौरान उसके पास रखे स्टील के डिब्बे से तीन पन्नियों में भरा लगभग 610 ग्राम पोस्ता छिलका डोडा बरामद हुआ।

# रिक्शा पलटने से आधा दर्जन सवारियां घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के दौलतपुर टोल प्लाजा के निकट कार द्वारा टक्कर मार देने से हैदरगढ़ की ओर आ रहा ई रिक्शा पलट गया। जिससे उसमे बैठी लगभग आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई। सीएचसी लाये गये घायलों में से तीन घायलो को हड्डी की चोट के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। ई-रिक्शा सवार एक ही परिवार के लोग सोनीपत हरियाणा जाने के लिए हैदरगढ़ बस स्टेशन जा रहे थे। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत नैपुरा गांव निवासी गंगाराम सोनीपत हरियाणा में परिवार के साथ रहकर रोजी-रोटी कमाते हैं अभी हाल ही में परिवार में हुई एक शादी में शामिल होने के लिए अपने गांव आए हुए थे। वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मंगलवार को गांव के ही ई रिक्शा व मोटरसाइकिल से परिवार के साथ बस पकड़ने के लिए हैदरगढ़ बस स्टेशन पर आ रहे थे। शाम लगभग 5:00 बजे जब ई रिक्शा दौलतपुर टोल प्लाजा के निकट पहुंचा तभी

गाजीपुर की ओर से सर्विस रोड पर उतरकर लखनऊ की ओर जा रही अज्ञात अर्टिगा कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे रिक्शा पलट गया। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। रिक्शा पलट जाने से उसमे बैठी गंगाराम की पत्नी राम रानी 50 वर्ष, पुत्री आरती 14 वर्ष ,पुत्र शिवांश 8 वर्ष के अलावा गांव के ही बक्षराज व पुत्र धर्मराज 30 वर्ष एवं उनकी बहन कालिंदी 25 वर्ष घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल रामरानी बक्षराज व कालिंदी को अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ न होने के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## श्रद्धा के साथ बड़े मंगल पर भंडारे की धूम, मन्दिरों में भीड़

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा और आसपास के क्षेत्रों में ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी दिखाई पड़ी। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर हनुमान जी को प्रसाद अर्पित किया। जगह-जगह श्रीराम चरित मानस के अखण्ड पाठ के अलावा सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ से वातावरण भक्तिमय बना रहा। संकट मोचन हनुमान मंदिर रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज सहित विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। इन भंडारों में पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल, शरबत आदि प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

## लावारिस हालत में भटक रही महिला को परिजनों से मिलवाया

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मसौली पुलिस ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए लावारिस हालत में भटक रही एक महिला को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई। डायल 112 पीआरवी से सूचना मिलने पर थाना मसौली की मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, उपनिरीक्षक राजकरन, अभय गुप्ता, महिला आरक्षी सविता, किरन, ज्योति तुरंत मौके पर पहुंची और महिला को थाने लाकर भोजन व पानी उपलब्ध कराया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम डिम्पी 37 वर्षीय निवासी डोम चाच कोडरमा झारखंड बताया। टीम के अथक प्रयासों से दूरभाष के माध्यम से उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। सूचना मिलने पर महिला के रिश्तेदार मनोहर कुमार गुप्ता पुत्र शीतल प्रसाद निवासी कस्बा व थाना क्रॉसिंग बाजार जिला मुंगेर बिहार अपनी पत्नी निशा गुप्ता के साथ थाना मसौली पहुंचे। परिजनों ने महिला की शिनाख्त करते हुए बताया कि उसके पति की मृत्यु के बाद से उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता जिस कारण वह 10 / 12 दिनों से लापता थी। विधिवत सत्यापन के बाद महिला को उसके रिश्तेदारों की सुपुर्दगी में सुरक्षित सौंप दिया गया। परिजनों ने थाना मसौली पुलिस की इस मानवीय पहल की खूब प्रशंसा की।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से घायल युवक की मौत, कोहराम



**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोहारी गांव के निकट सोमवार शाम ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से घायल देशराज सिंह की लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक अपनी बहू व पोते के साथ फतेहपुर से दवा लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। मंगलवार को पीएम उपरांत शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बेलहरा के वार्ड कछुवाहनपुरवा निवासी देशराज सिंह (48) सोमवार शाम अपनी बहू व पोते के साथ फतेहपुर से दवा लेकर बाइक से घर लौट रहे थे तभी मोहारी गांव के पास उनकी बाइक सामने से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई,जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बहू को भी चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल देशराज सिंह को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां से चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ के लोहिया अस्पताल भेज दिया जहां देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार दोपहर पीएम उपरांत शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहरा मच गया। परिजनों ने पीताम्बर ईंट भट्ठा की ट्रैक्टर-ट्रॉली से दुर्घटना होने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मृतक देशराज सिंह अपने पीछे पत्नी दीपा सिंह और तीन पुत्र विमल (25), शिवम (22) तथा शुभम (18) को छोड़ गए हैं। असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## युवक ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के बक्शनपुर मजरे पोखरागांव में आज दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। युवक ने आत्महत्या की कोशिश क्योंकि इसका पता नहीं चल सका हैं। बताते हैं कि गांव निवासी विशाल रावत पुत्र दिलीप कुमार 19 वर्ष एक निजी अस्पताल में नौकरी करता था। पिछले कुछ दिनों से ड्यूटी पर नहीं जा रहा था।पता चला है कि मंगलवार की दोपहर युवक घर के लोगों के साथ घर के बाहर बैठा था।अचानक विशाल उठा और घर के अंदर अपने कमरे में चला गया।थोड़ी देर बाद पिता ने उसे आवाज दी।कोई उत्तर न मिलने पर पिता कमरे में गए तो उनकी चीख निकल गई।देखा कि उनका बेटा छत से रस्सी के सहारे लटका हुआ है। उन्होंने उसे पकड़ कर ऊपर उठाया।इसी समय पिता की चीख पुकार सुनकर परिजनों ने दौड़कर उसे नीचे उतारा।हलकान परिजन आनन-फान में उसे इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लेकर आए।यहां उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण पता नहीं चल सका है।

## सुंदरकाण्ड पाठ से भक्तिमय हुआ वातावरण, प्रसाद वितरण में उमड़ी भीड़

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगलवार के शुभ अवसर पर एनएसपीएस परिवार की ओर से समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा तथा संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि शर्मा के नेतृत्व में शहर के सेमरी कोठी सुपर मार्केट स्थित न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर परिसर में सुंदरकाण्ड पाठ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर हनुमान जी की आराधना की। सुंदरकाण्ड पाठ के बाद श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी एवं हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल का विशेष धार्मिक महत्व है, ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारा और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### मानदेय न मिलने पर स्वास्थ्य संविदा कर्मियों ने जताया विरोध



**फतेहपुर, बाराबंकी।** फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों ने दो माह से मानदेय न मिलने पर मंगलवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि 20 मई तक वेतन जारी नहीं हुआ तो 21 मई से पूरे जनपद में 'नो पे-नो वर्क' के तहत कार्य बहिष्कार किया जाएगा।कर्मचारियों ने बताया कि मार्च और अप्रैल माह का मानदेय न मिलने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।बच्चो की फीस,किताबे और घरेलू खर्च चलाने में दिक्कत हो रही है।उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के आह्वान पर हुए प्रदर्शन में कर्मचारियों ने लंबित मानदेय जल्द जारी करने की मांग की।इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह,रीता मिश्रा,डॉ आशीष कुमार,शिव विशाल,आनंद वाजपेयी समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### नहाने गए युवक की तालाब में डूबकर मौत

**जैदपुर, बाराबंकी।** कस्बे के बंजारनपुरवा स्थित तालाब में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के वसीनगर निवासी मो. इसराईल अंसारी का पुत्र मो. शुऐब (28) हैदराबाद में कढ़ाई का कार्य करता था। वह आगामी त्योहार मनाने के लिए सोमवार को अपने घर जैदपुर आया था। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे वह बंजारनपुरवा स्थित तालाब में नहाने गया था। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगो की मदद से युवक को तालाब से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर लाया गया,जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज विनय कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि दाउद अंसारी,सभासद निजामुद्दीन शाह,सभासद अलताफ अंसारी,समाजसेवी कलीम अंसारी सहित बड़ी संख्या मे कस्बे के लोग मौजूद रहे।

### चकबन्दी प्रक्रिया को लेकर एसओसी ने की बैठक



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जदवापुर में सोमवार को चकबंदी की धारा 6 के प्रकाशन व चकबंदी प्रक्रिया को लेकर राजस्व विभाग की बैठक हुई। बैठक में एसओसी,सीओ चकबंदी, एसीओ, कानूनगो व लेखपाल शामिल हुए। उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर अनिल कुमार सरोज,तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया।अधिकारियो ने चकबंदी प्रक्रिया और धारा-6 के प्रकाशन के बारे में जानकारी दी।बैठक में मौजूद सैकड़ों किसानों ने एक स्वर में चकबंदी प्रक्रिया खत्म करने की मांग उठाई।किसानो का कहना था कि चकबंदी से उनकी जोतें बिखर जाएंगी और आपसी विवाद बढ़ेंगे।छोटे किसानों को इससे नुकसान होगा।ग्राम प्रधान संतोष कुमारी,अनूप विश्वकर्मा, मनीष,रामपाल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान बैठक में मौजूद रहे।एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने बताया कि किसानों की आपत्तियां दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई के लिए शासन को भेजी जाएंगी।

## डीएम ने श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

बड़ा मंगल के पावन अवसर पर विकास भवन परिसर में बाल विकास विभाग द्वारा श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने पहुंचकर श्रद्धालुओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बड़ा मंगल केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा की भावना से किए गए कार्य सदैव प्रेरणादायी होते हैं। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार सहित पर बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

## भारत के कर्णधार हैं छात्र छात्राएंः प्रभात साहू

**महराजगंज, रायबरेली।** स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम व सीओ प्रदीप कुमार तथा विशिष्ट अतिथि महराजगंज नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू रहे। स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हाई स्कूल व इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया इस मौके पर विद्यालय के आचार्य व छात्र-छात्राएं व अन्य लोग भारी संख्या में मौजूद रहे। विशिष्ट अतीत प्रभाव साहू ने कहा कि सभी बच्चे भारत के कर्णधार हैं और आप लोगों को जो सफलता मिली है यह सफलता साबित करती है कि अगर मेहनत ढंग से किया जाए तो हर कार्य में हमें सफलता मिलती है।

# बजरंगबली के आशीर्वाद के साथ राहुल का दो दिवसीय रायबरेली दौरा प्रारम्भ

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**



राहुल गांधी आज रायबरेली के दौरे पर हैं। यहां लगभग साढ़े बारह बजे राहुल गाँधी लखनऊ से सडक मार्ग के ज़रिये पहले चूरआ मंदिर पहुंचे जहाँ बजरंगबली के दर्शन कर ठकुराइन खेडा पहुंचे। यहां उन्होंने सांसद निधी से बने बारात घर का लोकार्पण किया और सभा को सम्बोधित किया है।

इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को घेरता हुए कहा आर्थिक तूफ़ान आ रहा है आप लोग तैयार रहें। इस दौरान राहुल गांधी ने छोटे व्यापारी छोटे उद्योगों को संकट मे होने का संकेत देते हुए उन्होंने कहा कि मैं महीनों से कह रहा हूं कि आर्थिक तूफ़ान आ रहा है। देश की रक्षा करें। लेकिन देश का धन अडानी और अम्बानी को जा रहा है। एयरपोर्ट देखो, पावर सेक्टर देखो, सीमेंट देखो सब अडानी और अम्बानी के पास है। उन्होंने कहा कि महंगाई पेट्रोल के दाम बढ़ने वाले हैं, महंगाई आ रही है देश बचाने की आवश्यकता है। राहुल गांधी यहां से खीरों और लालगंज के लिए रवाना हो गए। राहुल गाँधी खीरों मे जन संवाद करेंगे जबकि लालगंज मे महिला संवाद करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी पीएसी वाहिनी के पास सांसद निधि से बनी सड़क का लोकार्पण करेंगे।

# 95 दिव्यांग लाभार्थियों को मिली ट्राई साइकिल

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**



दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग जनों हेतु निशुल्क सहायक उपकरण वितरण योजना के अंतर्गत मंगलवार को विकास भवन सभागार, गौरीगंज में ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।,

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित कर उनके जीवन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। इस दौरान कुल 95 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी एवं मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी सुविधा एवं सम्मान सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि गत वर्ष जिले के सभी विकासखंडों में विशेष कैंप आयोजित कर दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कराया गया था। उसी क्रम में पात्र लाभार्थियों को आज ट्राई साइकिल वितरित की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए। ट्राई साइकिल प्राप्त करने के बाद लाभार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास मौर्या सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# एसपी ने अर्दली रुम का निरीक्षण कर दिये निर्देश



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को देर शाम जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा थाना जगदीशपुर में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा जन शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के उद्देश्य से सर्किल मुसाफिरखाना का अर्दली रूम किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना, सर्किल के प्रभारी निरीक्षक व उपनिरीक्षकगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचकों से विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व महिला संबन्धी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये तथा क्षेत्र के चिन्हित अपराधियों, टॉप-10 अपराधियों तथा हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने और उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट व गुंडा एक्ट के तहत कठोर निरोधात्मक कार्यवाही करने के संबन्ध में आवश्यक आदेश दिए गए।

# डीएम के आदेश के बाद भी दो महीने से जांच लंबित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के विकासखंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत बांसुरा में कथित फर्जी भुगतान और अनियमितताओं का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेश के बावजूद जांच लंबित है और संबंधित अधिकारियों ने केवल नोटिस जारी कर खानापूर्ति कर दी। शिकायत और डीएम का आदेश रामभारती गोस्वामी पुत्र सूरज लाल, निवासी ग्राम फत्तेखेरवा मजरा व पोस्ट कठवा, जनपद सीतापुर ने दिनांक 06-02-2025 को शपथ पत्र सहित साक्ष्यों के साथ जिलाधिकारी को शिकायत दी थी। आरोप था कि ग्राम पंचायत बांसुरा में विकास कार्यों के नाम पर फर्जी बिल लगाकर भुगतान निकाला गया। शिकायत में यह भी कहा गया कि कुछ दुकानों के बिल लगाए गए जो सामग्री बेचती ही नहीं हैं, जबकि कुछ दुकानें धरातल पर मौजूद ही नहीं हैं। आरोप है कि ऐसे बिलों के आधार पर प्रधान और सचिव के माध्यम से धनराशि निकालकर बंदरबांट की गई। जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा आदेश के तहत जिला आबकारी अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया गया और तीन सप्ताह में बयान, स्थलीय जांच, फोटो एवं निष्कर्ष सहित आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। नोटिस जारी, फिर भी नहीं बढ़ी कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से पत्र संख्या 56 (05) / जि.आ.अ./ जांच/बांसुरा/सीतापुर दिनांक 03-06-2025 के माध्यम से ग्राम प्रधान और पूर्व सचिव आशीष वर्मा को तीन दिन में पक्ष स्पष्ट करने का नोटिस दिया गया। आरोप है कि निर्धारित समय में जवाब न मिलने के बावजूद आगे की कार्रवाई नहीं हुई और फाइल ठंडे बस्ते में डाल दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब समयसीमा समाप्त हो चुकी है, तब भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। इससे यह आशंका गहराती है कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जांच अधिकारी का बयान

सीडीओ का संज्ञान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या से बातचीत में उन्होंने कहा कि मामला आपके माध्यम से संज्ञान में आया है, पुनः जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कानून व्यवस्था के दृष्टिगत एसपी ने जनपद भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं आमजनमानस में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत सोमवार को जनपद भ्रमण के दौरान स्वयं, कस्बा जगदीशपुर के गुलाबगंज चौराहा पर पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई। ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत बनाये गये चेकिंग प्वाइंट पर ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से प्रभावी चेकिंग, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने एवं आमजन से शालीनतापूर्वक व्यवहार करने आदि के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गए। ऑपरेशन चक्रव्यूह का उद्देश्य जनपद में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखना व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना है।

# एसपी ने व्यापारी बन्धुओं के साथ की गोष्ठी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जिले के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, बर्तन व सर्राफा व्यवसायियों, पेट्रोल पंप संचालकों, गेस्ट हाउस संचालकों आदि के व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी।

बैठक में व्यापारी बन्धुओं को ÷ऑपरेशन त्रिनेत्र÷ के तहत जागरूक करते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु अपील की गई विशेषत÷ ज्वैलर्स की दुकानों पर अन्दर के साथ बाहर की ओर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने हेतु अपील की गई ताकि किसी भी प्रकार की घटना होने पर खुलासा करने में मदद मिल सके। गोष्ठी में व्यापारी बन्धुओं से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सुझाव लिये गये तथा सड़कों से अतिक्रमण हटाने संबन्धी आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया। व्यापारी बन्धुओं को अपने प्रतिष्ठान से बड़ी धनराशि का परिवहन करते समय स्थानीय पुलिस की सहायता लेने हेतु अवगत कराया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से सूखी मक्का फसल, ग्रामीणों में आक्रोश

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और समय पर आपूर्ति न मिलने से किसानों की मक्का की फसल सूखने लगी है। खेतों में खड़ी फसल पानी के अभाव में बर्बादी की कगार पर पहुंच चुकी है, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी के बीच सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने से किसान बेहद परेशान हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि निर्धारित समय के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। कई गांवों में घंटों तक बिजली गुल रहती है, जबकि रात के समय भी आपूर्ति अनियमित बनी रहती है। इससे ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे और खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा। सबसे अधिक असर मक्का की फसल पर देखने को मिल रहा है, जो इस समय सिंचाई की अत्यधिक जरूरत में है।

किसान नेता रोहित सिंह सहित कई किसानों ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हुई तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों के अनुसार खेती पहले ही महंगे बीज, खाद और डीजल की बढ़ती कीमतों से प्रभावित है, ऐसे में बिजली संकट ने उनकी परेशानियां और बढ़ा दी हैं।

किसान एवं ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के दौरान किसानों के हितों की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले जनप्रतिनिधि अब इस गंभीर समस्या पर मौन साधे हुए हैं। किसानों का कहना है कि गांवों में बिजली व्यवस्था बदहाल होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। गांव के किसान रामऔतार यादव ने बताया कि कई दिनों से पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, जिसके कारण उनकी मक्का की फसल सूखने लगी है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर सिंचाई नहीं हुई तो पूरी मेहनत बर्बाद हो जाएगी। वहीं अन्य किसानों ने भी जल्द समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में तय रोस्टर के अनुसार नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि मक्का सहित अन्य फसलें सूखने से बच सकें और किसानों को राहत मिल सके।

## भीषण गर्मी में एचएम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने राहगीरों को पिलाया पानी

**गुरसहायगंज।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच क्षेत्र के ग्राम डुडवा बुजुर्ग स्थित अंडरपास पर एम पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं एवं विद्यालय के स्काउट–गाइड दल द्वारा राहगीरों को रोककर ठंडा पानी पिलाने का सराहनीय कार्य किया गया। छात्रों की इस सेवा भावना को देखकर राहगीरों ने उनकी जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के स्काउट–गाइड विद्यार्थियों ने अंडरपास से गुजरने वाले राहगीरों, बाइक सवारों एवं अन्य लोगों को पानी पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई। छात्रों ने लोगों से गर्मी में सावधानी बरतने और अधिक पानी पीने की अपील भी की। इस सामाजिक सेवा कार्य में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा की भावना बचपन से विकसित होना बहुत जरूरी है।

# सुलह के बाद फिर बढ़ा विवाद, समझौता केन्द्र में टूट गई पति-पत्नी की सहमति

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



बाह्य न्यायालय परिसर स्थित सुलह-समझौता केंद्र में मंगलवार को एक पारिवारिक विवाद को समाप्त करने का प्रयास अंततः सफल नहीं हो सका। वर्ष 2015 से न्यायालय में विचाराधीन परिवाद संख्या 111/2015 में पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद को खत्म कराने के लिए मध्यस्थता कराई गई थी। प्रारंभिक बातचीत के बाद दोनों पक्ष पुराने मतभेद भुलाकर पुनः साथ रहने पर सहमत हो गए थे। जानकारी के अनुसार श्रीमती मीनू तिवारी और उनके पति अनमोल उर्फ पंकज तिवारी के बीच कई वर्षों से कानूनी विवाद चल रहा है। मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए न्यायालय द्वारा सुलह-समझौता केंद्र भेजा गया था। यहां वरिष्ठ मध्यस्थ प्रेमचंद्र शर्मा ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर रिश्तों की अहमियत समझाई। अधिवक्ता उमेश चंद्र द्विवेदी ने भी दोनों को कानूनी एवं व्यावहारिक सलाह दी। मध्यस्थता के बाद दोनों पक्ष मतभेद बुलाकर एक साथ न्यायालय परिसर से बाहर निकले, लेकिन बाहर आते ही किसी बात को लेकर फिर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक होने लगी। इसके बाद दोनों को पुनः सुलह-समझौता केंद्र लाया गया, जहां काफी देर तक समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई भी पक्ष समझौते की शर्तें मानने को तैयार नहीं हुआ। अंततः समझौता प्रक्रिया विफल हो गई।

# भाकियू की पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**हमारा संगठन किसानों की समस्या को गंभीरता से उठाता हुए हर संभव मदद करने का करता है प्रयास**

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय कार्यालय पर हुई भारतीय किसान यूनियन अवधेश की पंचायत में किसानों की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

सरवन सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ ने कहा कि हमारा एकमात्र ऐसा संगठन है जो किसानों की हर समस्या को गंभीरता से उठाते हुए हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाता है। इस संगठन में किसी भी पदाधिकारी से सदस्यता शुल्क नहीं लिया जाता। विशांत कुमार की अध्यक्षता में हुई पंचायत में सुरेश कुमार, बलराम, मानसिंह, गोविंद, शोभाराम व संत कुमार सहित कई किसानों ने संगठन में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आगामी महापंचायत 24 मई रविवार को विशुनगढ़ रोड स्थित ग्राम रामपुर हृदय में शीलू गुप्ता के कारखाने पर दोपहर बाद 2:30 बजे से होगी। इसमें संगठन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। मैनपुरी, कन्नौज और फर्रुखाबाद इन तीन जनपदों के पदाधिकारियों का आना अति अनिवार्य है।

पंचायत में कुछ संगठन के विरोधी तत्वों को बाहर का रास्ता भी दिखाया जाएगा और विशेष निर्णय लिए जाएंगे। हम सभी 2 बजे लिटिल स्टार गेस्ट हाउस से काफिले में एक साथ निकलेंगे।

## वाटर कूलर खराब, ब्लॉक परिसर में पेयजल संकट गहराया

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भीषण गर्मी के बीच विकास खंड ,कार्यालय परिसर में पेयजल व्यवस्था चरमराने से फरियादियों, ग्रामीणों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ब्लॉक कार्यालय में लगा वाटर कूलर कई दिनों से खराब पड़ा है, जिसके चलते लोगों को बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है या फिर घर से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार करीब एक माह पहले ही वाटर कूलर की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन कुछ ही दिनों बाद वह दोबारा खराब हो गया। इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को पेयजल व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। बीडीओ ने कहा कि ब्लॉक परिसर में आने वाले किसी भी व्यक्ति को पेयजल संबंधी असुविधा नहीं होने दी जाएगी और समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा।

# सब्जी मंडी में अतिक्रमण पर पुलिस का एक्शन शुरू

**कोतवाल कपिल दुबे ने फुटपाथ खाली करने के दिए निर्देश**

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



कोतवाली के पास सब्जी मंडी में अतिक्रमण पर पुलिस का एक्शन शुरू हो गया है। कोतवाल कपिल दुबे ने सब्जी मंडी में भ्रमण करके फुटपाथ खाली करने के निर्देश दिए।

इससे पहले कोतवाली में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू की मौजूदगी में सब्जी विक्रेताओं की बैठक हुई। अधिकांश सब्जी विक्रेताओं का कहना था कि कई लोग अपनी कार खड़ी करके खरीदारी के लिए चले जाते हैं इसके कारण जाम लगने लगता है। इस पर कोतवाल ने कहा सब्जी मंडी में जगह-जगह यहां वाहन खड़ा करना मना है के चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। जो भी वाहन चालक इसका उल्लंघन करें उसकी शिकायत तत्काल कोतवाली में करें। पुलिस उन पर कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा पिछले वर्ष नगर पालिका ने रोड के दोनों तरफ फुटपाथ की जगह छोड़ते हुए साइड में छोटे डिवाइडर बनाए थे। आप सभी लोग अपनी दुकान उस डिवाइडर के पीछे ही लगाएं। सब्जी विक्रेताओं की यह भी शिकायत थी कि उनकी दुकान के आगे ठिलिया वाले खड़े हो जाते हैं इसके कारण उन्हें आगे तक दुकान लगानी पड़ती है। इस पर कोतवाल ने आश्वासन दिया कि सड़क पर ठिलिया नहीं खड़ी करने दी जाएगी। बैठक में सब्जी विक्रेता संगठन के अध्यक्ष राजकुमार सहित नन्हे, रविंद्र कुमार, लाल सहाय, अंसार, मंगल गुप्ता, अजय कुमार, सोनू, ध्रुव, राजेश, शमशाद व पंचू सहित कई सब्जी विक्रेता मौजूद रहे। मालूम हो कि अतिक्रमण हटाने को लेकर एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में गत दिवस हुई बैठक में सीओ सुरेश कुमार मलिक, एसएसआई, ईओ नगर पालिका सुनील कुमार सिंह तथा नायब तहसीलदार रामप्रकाश ने नगर की मुख्य सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए विस्तृत कार्य योजना पर विचार-विमर्श करकेनिर्णय लिया था कि ईओ सुनील कुमार सिंह एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने की पूरी कार्य योजना तैयार करेंगे। इसके बाद व्यापारियों और दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें निर्धारित मानकों और नियमों की जानकारी दी जाएगी। प्रशासन का कहना है कि सभी पक्षों से सहमति बनाकर अभियान चलाया जाएगा, ताकि शहर को जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अवैध कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### वृद्धावस्था पेंशन के लिए बदले नियम,आधार कार्ड अब अमान्य

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत आयु सत्यापन के नियमों में बदलाव किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि अब आधार कार्ड को आयु प्रमाण के रूप में मान्य नहीं माना जाएगा। इसके स्थान पर परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति अथवा हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाण पत्र अनिवार्य किया गया है। नगरीय क्षेत्र के जिन आवेदकों के पास ये अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं, वे राशन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या पैन कार्ड के साथ स्व–घोषणा पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार रजिस्टर या शैक्षिक प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। जिन आवेदनों में वैध आयु प्रमाण संलग्न नहीं हैं, उन्हें पोर्टल पर रिवर्ट किया जा रहा है और इसकी सूचना एसएमएस से दी जा रही है। अधिकारियों ने आवेदकों से जल्द दस्तावेज अपलोड कर आवेदन पुनः सबमिट करने की अपील की है।

### लखनऊ लाठीचार्ज के विरोध में कन्नौज के वकीलों का प्रदर्शन



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने लखनऊ में वकीलों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने हाथों में काली पट्टी बांधकर नई कचहरी परिसर से बाइक जुलूस निकाला और कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामेंद्र त्रिवेदी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ में निहत्थे अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज बेहद निंदनीय और अमानवीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिवक्ताओं को दौड़ा–दौड़ाकर पीटा गया, जिससे पूरे प्रदेश के वकीलों में आक्रोश है। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम रेशमा सहाय को सौंपा गया। महासचिव रामखिलावन यादव समेत अन्य अधिवक्ताओं ने मांग की कि घटना में शामिल पुलिसकर्मियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि कन्नौज बार एसोसिएशन सेंट्रल बार एसोसिएशन के साथ मजबूती से खड़ी है।

### बिजली संकट से बेहाल किसान,सूखी मक्का की फसल लेकर पहुंचे कलेक्ट्रेट



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ऊर्जा मंत्री के जिले में इन दिनों बिजली संकट गहराता जा रहा है। लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसानों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हालात यह हैं कि गुगरापुर ब्लॉक के सैकड़ों गांवों में हजारों बीघा बसंतकालीन मक्का की फसल पानी के अभाव में सूखने लगी है। मंगलवार को आक्रोशित किसान सूखी मक्का की फसल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी से मुलाकात कर बिजली समस्या दूर कराने की मांग उठाई। किसानों ने बताया कि समय पर पर्याप्त बिजली न मिलने से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं, जिससे खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा। किसानों का कहना था कि इस बार आलू की फसल में भारी नुकसान हुआ था। ऐसे में उन्हें बसंतकालीन मक्का की फसल से घाटा पूरा होने की उम्मीद थी, लेकिन बिजली संकट ने उनकी उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया। डीएम ने किसानों की शिकायत गंभीरता से सुनते हुए जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# हमारे मन में है परमात्माः महात्मा हरिशचंद्र

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



**संत निरंकारी भवन में सत्संग**

पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परम पूज्य महात्मा हरिश्चंद्र ने कहा परमात्मा हमारे मन में है। ईश्वर की बनाई हुई मूर्तियों को कोई भी नहीं पूजता लेकिन मनुष्य के हाथों से बनाई मूर्ति को लोग भगवान बना देते हैं।

उन्होंने कहा ईश्वर की बनाई मूर्ति यदि भक्ति करना सीख ले तो परमात्मा हमें शीघ्र ही मिल जायेगा क्योंकि परमात्मा कहीं और नहीं बल्कि संसार के हर मनुष्य के मन के भीतर उसका वास है। जब हम दुसरो का अपमान करते हैं तो हम शरीर के भीतर मौजूद परमात्मा का भी अपमान करते हैं। संत महात्मा समाज के मनुष्यों को सदैव सचेत करते हैं क्योंकि उनको पता होता हैं कि जिस प्रेम को पाने में इंसान अपनी पूरी उम्र लगा देता है लेकिन एक गलत सगंत में पड़ कर वो अपना सब कुछ खो बैठता है। दिलों में प्यार की जगह नफरत तकरार का रुप ले लेता है। इसलिए सन्तो ने कहा भी है रहमत धागा प्रेम का मत तोड़ो चटकाय, टूटे से फिर नहीं जुड़े, जुड़े गांठ पड़ जाए। इस लिए हमने किसी को भूलवश भी इस प्रकार कटु शब्द नहीं कहने चाहिए, जिन्हें सुनकर दूसरों के दिलों पर ठेस पहुंचे। उसको खुशियां देने की वजाय हम पीड़ा देने में लग जाते हैं। हमें अपनी औकात नहीं भूलनी चाहिए कि पहले क्या थे और इसका बोध होने के बाद हम क्या बन गये। संत महात्माओं ने इस पार बृम्ह परमात्मा का दीदार करवा कर हमारा जीवन खुशियों से भर दिया है।



## पंचायत चुनाव वोटर लिस्ट सत्यापन में 2,648 डुप्लीकेट मतदाता चिन्हित

**कन्नौज।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने के लिए कन्नौज में संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन अभियान तेज कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 3,88,087 संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सापेक्ष अब तक 2,29,528 मतदाताओं का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। जांच में 2,648 मतदाता डुप्लीकेट पाए गए हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार ने बताया कि शेष 1,58,559 मतदाताओं का सत्यापन कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विकास खंडों में यह अभियान युद्धस्तर पर चल रहा है। अनंतिम प्रकाशन के अनुसार जिले की 499 ग्राम पंचायतों में कुल 11,56,949 मतदाता हैं, जिनमें 6,20,944 पुरुष एवं 5,36,005 महिला मतदाता शामिल हैं।

## भाकियू (भानु) से जुड़े युवाओं ने किसानों की सेवा का लिया संकल्प



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित गणपति लॉन गेस्ट हाउस में आयोजित भारतीय किसान यूनियन (भानु) की बैठक में संगठन की नीतियों और किसान हितैषी विचारधारा से प्रभावित होकर क्षेत्र के दर्जनों युवाओं ने भाकियू (भानु) की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता लेने वाले युवाओं ने संगठन के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए किसानों की सेवा करने तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। संगठन से जुड़ने वाले प्रमुख युवाओं में उत्तम गुप्ता, दीप वर्मा, सागर शाक्य, पीयूष, करन सक्सेना और पवन पाल शामिल रहे। नए सदस्यों ने कहा कि वे किसानों की समस्याओं को हर स्तर पर उठाएंगे और उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहेंगे। इस अवसर पर भाकियू (भानु) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने सभी युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं का संगठन से जुड़ना किसानों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सैनिक बंधु की बैठक में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के शीघ्र समाधान पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपजिलाधिकारी रेशमा सहाय एवं अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में पूर्व सैनिक राम गुलाम, वीरवधू राम दुलारी और सरोजनी देवी ने पेंशन व चिकित्सा सुविधा से जुड़ी समस्याएं रखीं। वहीं हवलदार धर्मेन्द्र कुमार ने भूमि विवाद का मामला उठाया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल रोहित भटारा ने कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र पूर्व सैनिकों तक पहुंचाया जा रहा है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी व पूर्व सैनिक संगठन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गुरसहायगंज में 132 केवी विद्युत केंद्र स्थापना की मांग तेज

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिगड़ रही विद्युत व्यवस्था को लेकर नगर विकास समिति गुरसहायगंज ने 132 केवी विद्युत केंद्र स्थापना की मांग उठाई है। समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद हरिओम गुप्ता के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड कन्नौज को ज्ञापन सौंपकर नगर में नया 132 केवी विद्युत केंद्र स्थापित कराने की मांग की गई।

द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि गुरसहायगंज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 25 हजार लगभग बिजली कनेक्शन हैं, जिनकी आपूर्ति वर्तमान में छिबरामऊ स्थित 220 केवी विद्युत केंद्र से की जाती है। अधिक लोड होने के कारण आए दिन रोस्टिंग और बिजली कटौती की समस्या बनी रहती है। इसके चलते नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गुरसहायगंज विद्युत केंद्र तक पहुंचने वाली हाईटेंशन लाइन करीब 22 किलोमीटर लंबी है, जो खेतों, जंगलों और दुर्गम क्षेत्रों से होकर गुजरती है। वहीं 33 हजार लाइन की कुल लंबाई लगभग 35 किलोमीटर होने के कारण फॉल्ट की समस्या लगातार बनी रहती है। फॉल्ट आने पर उसे ढूंढने और ठीक करने में काफी समय लग जाता है, जिससे कई-कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है।

नगर विकास समिति के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता का कहना है कि लगातार बिजली संकट के कारण व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। समिति ने मांग की है कि गुरसहायगंज में 132 केवी विद्युत केंद्र की स्थापना कराई जाए, ताकि नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित



**उमर्दा/कन्नौज।** जनपद कन्नौज में बाल विकास सेवाओं को तकनीक-सक्षम और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। खंड विकास कार्यालय उमर्दा में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा ने बाल विकास परियोजना उमर्दा की 140 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन प्रदान किए। वहीं तालग्राम परियोजना में ब्लॉक प्रमुख सुमन सिंह द्वारा 140 कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए।

ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा ने कहा कि स्मार्टफोन उपलब्ध होने से पोषण ट्रैकिंग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी, टीकाकरण संबंधी सूचनाओं के संकलन तथा योजनाओं की ऑनलाइन रिपोर्टिंग अधिक सटीक और समयबद्ध तरीके से हो सकेगी। इससे योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचेगा। कार्यक्रम में संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकारी वाहनों पर कसा शिकंजा, 52 से घटकर हुए 23

**मितव्ययिता अभियान के तहत कई विभागों में वाहनों की संख्या आधी से भी हुई कम**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मितव्ययिता और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के आह्वान के तहत कन्नौज प्रशासन ने शासकीय वाहनों के उपयोग में बड़ी कटौती की है। अब जनपद में 52 वाहनों के स्थान पर मात्र 23 वाहनों से सरकारी कार्य संचालित किए जाएंगे।

ग्राम्य विकास विभाग में 7 की जगह 3 वाहन, वन विभाग में 2 की जगह 1, पशुपालन विभाग में 8 की जगह 4 तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में 10 की जगह 5 वाहन उपयोग में लाए जाएंगे। वहीं स्वास्थ्य विभाग में 5 की जगह 2, बेसिक शिक्षा विभाग में 12 की जगह 4 और राजस्व विभाग में 6 की जगह 3 वाहन रखे गए हैं। जिला विकास अधिकारी और परियोजना निदेशक डीआरडीए अब एक ही वाहन से आवागमन करेंगे। प्रशासन का कहना है कि इससे सरकारी खर्च में कमी आएगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा।

# शिक्षा निदेशक करेंगे इंटर कॉलेजों में निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**सुशीला देवी तेज सिंह कनौजिया इंटर कॉलेज में होगा कार्यक्रम**

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



जनपद के चार प्रमुख इंटर कॉलेजों में प्रोजेक्ट अलंकार राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों का शिलान्यास 23 मई माध्यमिक शिक्षा निदेशक के कर कमलो द्वारा जाएगा। यह कार्यक्रम सुशीला देवी तेज सिंह कनौजिया स्मारक इंटर कॉलेज ताहपुर कन्नौज में संपन्न कराया जाएगा, जिसमें संयुक्त सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग एव वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर विद्यालयों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। यह जानकारी सुशीला देवी तेज सिंह कनौजिया स्मारक इंटर कॉलेज ताहपुर के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने दी। उन्होंने बताया कि स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया, सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर, मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज तथा सुशीला देवी तेज सिंह कनौजिया स्मारक इंटर कॉलेज ताहपुर में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों का द्वशिलान्यास माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल राजेश कुमार वर्मा जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज पप्पू सरोज द्वारा किया जाएगा। इन निर्माण कार्यों से विद्यालयों में शैक्षिक सुविधाओं का विस्तार होगा तथा छात्रों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा। शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश डॉ. महेन्द्र देव द्वारा किया जाएगा। प्रबंधक ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम 23 मई, शनिवार को प्रातः 9 बजे सुशीला देवी तेज सिंह कनौजिया स्मारक इंटर कॉलेज ताहपुर, कन्नौज परिसर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रीय लोगों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने क्षेत्र के शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में पहुंचकर शिक्षा विकास के इस प्रयास का हिस्सा बनने की अपील की है।

विद्यालय प्रबंधक का कहना है कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत होने वाले निर्माण कार्यों से छात्रों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और शिक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। क्षेत्रीय लोगों ने भी सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल बताया है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र ताजुद्दीन व उसकी पत्नी अफसाना से उनके गलत आचरणों के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब इन दोनो से हमारे परिवार के शेष सदस्यों से कोई वास्ता नहीं है। दोनो अपने कृत्यों के खुद जिम्मेदार होगें।

**निजामुद्दीन पुत्र रविवख्श, ग्राम कनौली मौजा परसरामऊ तह. तिर्वा, जनपद कन्नौज।**

# अपना क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का सपा के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने किया उद्घाटन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोना जानकीपुर में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मंगलवार को ग्राम सोना जानकीपुर पहुंचे डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया और डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने अपना क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर व बैटिंग कर उद्घाटन किया। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव को क्रिकेट खेलता देख समर्थकों व खिलाड़ियों में काफी उत्साह जाग गया। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने गांव उलियापुर तथा बैरामपुर की टीमों को खेलने का मौका दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल खेलने से शरीर फिट तो रहता ही है और प्रतिभा का भी निखार होता है। इसलिए चाहें कोई भी खेल हो, हर व्यक्ति को थोड़ा समय निकाला चाहिए। इस मौके पर शुभम यादव हनी, आदेश यादव, आशीष यादव,अमन सूर्यवंशी, दानवीर यादव, रवि यादव, मर्दन सिंह यादव, ग्राम प्रधान बिजेंद्र सिंह यादव के अलावा दोनों टीमों के खिलाड़ी मौजूद रहे।


बैटिंग करते मुख्य अथिति डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

## ई-रिक्शा चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव सोना जानकीपुर निवासी सेवानिवृत सैनिक 75 वर्षीय रामसिंह सोमवार की शाम लगभग 6:30 बजे बाइक से नवाबगंज बाजार से कुछ सामान लेने आ रहे थे। रामसिंह जैसे ही नवाबगंज मंझना मार्ग पर गांव नगला जोधा के निकट पहुंचे। उसी दौरान नवाबगंज की ओर से आ रहे ई-रिक्शा के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रामसिंह बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने नगर के एक चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां मौजूद चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उन्हें किसी दूसरे अस्पताल के लिए ले जाने की सलाह दी। परिजन निजी वाहन से उन्हें उपचार हेतु ले जा रहे थे। तभी रास्ते में घायल रामसिंह ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के पुत्र संदीप कुमार की तहरीर पर गांव नगला पाल निवासी ई-रिक्शा चालक उमेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# बकरीद को लेकर थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक

- थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह ने की भाईचारा बनाए रखने की अपील
- अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी


बैठक लेते थानाध्यक्ष

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

आगामी बकरीद और अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना राजेपुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न मस्जिदों के मौलाना मौजूद रहे। थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों से गांवों में आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे विवादों को तूल न दिया जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब, जुआ और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक के दौरान ग्राम प्रधानों से गांवों की मस्जिदों से संबंधित जानकारी ली गई। वहीं मौलानाओं के साथ बकरीद की नमाज और त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पीस कमेटी की बैठक में प्रधान प्रदीप गुप्ता, प्रधान जीतू तिवारी, प्रधान मनु सिंह, प्रधान शीशराम सिंह सहित क्षेत्र के कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन ने सभी क्षेत्रवासियों से त्योहारों को मिल-जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है।

## नामित सभासदों को उपजिलाधिकारी ने दिलायी शपथ


नामित सभासद

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत के गेस्ट हाउस में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से किया गया। उपजिलाधिकारी ने सदस्यों के प्रति निष्ठा और कर्तव्य की शपथ दिलाई। नगर पंचायत के गेस्ट हाउस में मंगलवार दोपहर हाल ही में चुने गए नामित सभासदों आलोक राजपूत, मोनिका कठेरिया व अवधेश बाथम का शपथ ग्रहण उपजिलाधिकारी कायमगंज अतुल कुमार ने विधि विधान से संपूर्ण कराया। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार यादव ने किया। नगर पंचायत अध्यक्ष राजवती यादव ने नए सदस्यों का स्वागत किया और नगर के विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग करने की बात कही। इस अवसर अरुण दुबे, निशांत गुप्ता, सुनील चक, नंदराम शाक्य, निर्मल कश्यप, रामेत वर्मा, किशनु चतुर्वेदी, निवर्तमान कंपिल मंडल अध्यक्ष सत्यवर्धन सिंह, लालन मिश्रा, स्वदेश राजपूत, रामानंद मिश्रा, शिव शंकर दीक्षित सहित कई भाजपा नेता उपस्थित रहे। नगर पंचायत के सभासद महेश शाक्य, सभासद पति रामबाबू शाक्य, प्रबल शाक्य और सभासद पति बुद्धपाल चौहान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# पीडीए एक आंदोलन है, 2027 में बनेगी सपा की सरकार: डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

- खलासपुर जरारी में पीडीए पंचायत में ग्रामीणों को दिलायी गई सदस्यता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी संगठन द्वारा विधानसभा भोजपुर के खलासपुर जरारी में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया।

विधानसभा भोजपुर के क्षेत्र जरारी के मजरा खलासपुर में विधानसभा कमेटी भोजपुर द्वारा आयोजित पीडीए जन पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने की। संचालन विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव ने किया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि कहा वर्तमान सरकार से समाज का हर वर्ग परेशान है, किसान, युवा, व्यापारी सभी इस सरकार को हटाने का मन बना चुके है। इस सरकार में सिर्फ बयानबाजी के अलावा कुछ भी नहीं है। युवाओं को नौकरी दे पाना तो दूर कोई भी परीक्षा पूर्ण होने से पहले ही पेपर आउट हो जाता है और फिर वह निरस्त हो जाती है। इससे काफी पीड़ा परीक्षा में भाग लेने वालों को सहन करनी पड़ती है। 2027 में जनता ने मन बना लिया है कि अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। वहीं जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा पीडीए आंदोलन एक विकराल आंधी का रूप ले चुका है। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता बहुत मजबूत और समर्पित है इन कार्यकर्ताओं की बदौलत ही 2027 में पूर्ण बहुमत की पीडीए सरकार बनने जा रही है। क्षेत्रीय लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की एवं खलासपुर में अनाथ हुए बच्चों को खाद्यान्न भी वितरित किया गया। इस अवसर पर सर्वेश अंबेडकर, मंदीप यादव, सिराजुल अफाक मुन्ना, डॉ. जेपी सिंह वर्मा, बिल्लू श्रीवास्तव, बंटी यादव, मोहम्मद कैफ, आदिल सिद्दीकी, पंचशील राजपूत, अशोक अंबेडकर, राम लड़ैते वर्मा, कृष्ण गोविंद यादव, दिनेश वर्मा, संतोष वर्मा, अतर सिंह वर्मा, राजकुमार शर्मा, अतुल शर्मा आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष आदि

# डंपर की टक्कर से पल्लेदार घायल, रेफर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डंपर की टक्कर से बाइक सवार पल्लेदार गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हौली निवासी ओमकार के 25 वर्षीय पुत्र कुलदीप सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना भारतमऊ चौराहे के पास उस समय हुई, जब वह सुबह मजदूरी करने के लिए बाइक से अजीजल्पुर सीमेंट उतारने जा रहे थे। बताया गया कि बोहरीकपुर की ओर से तेज गति और लापरवाही से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन चालक डंपर मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कुलदीप को डायल 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉ0 जितेंद्र यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।


अस्पताल में भर्ती घायल

## खबरें एक नजर में

### रंजिशन युवक को मारपीट कर किया घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव सलेमपुर निवासी हसरुद्दीन के परिवार के ही युवक पर मजदूरी के रुपए उधार थे। कई बार तकादा करने के बाद युवक ने हसरुद्दीन को कुछ दिनों पूर्व रुपए दे दिए। लेकिन युवक उससे खुन्नस मानने लगा। मंगलवार दोपहर बाद युवक ने हसरुद्दीन को उसी खुन्नस को लेकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर युवक व उसके परिजनों ने हसरुद्दीन को लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे हसरुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को हसरुद्दीन ने घटना की तहरीर दी। पुलिस ने घायल हसरुद्दीन का मेडिकल परीक्षण करा जांच शुरू कर दी।

### पापा कहने पर चाचा ने भतीजे को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला वसोला निवासी रामदीन पुत्र राजाराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर जिसमे कहा है कि मैने चाचा से पापा कह दिया। इसी बात को लेकर चाचा ने भतीजे को मारापीटा। पुलिस ने रामसिंह का मेडीकल परीक्षण कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

### पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने युवक को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गाँव भरतपुर निवासी लखन पुत्र रामसिह जाटव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि पुरानी रन्जिश को लेकर गाँव के सचिन गाली-गलौज करने लगा। मेरे द्वारा गलियों का विरोध करने पर सचिन ने परिजनों के साथ लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित लखन का मेडीकल परीक्षण करवाया।

### दबंग ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** इमादपुर निवासी कल्लू राठौर पुत्र नत्थू लाल राठौर अपने घर पर बैठे थे, उसी समय मढ़िया निवासी अवधेश कुमार यादव ने लाठी-डंडों से जमकर पीटा। जिससे उसका सिर फट गया। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने हालत गंभीर देखते हुए तुरंत समुदाय स्वास्थ्य केंद्र भेजकर डॉक्टरी परीक्षण कराया।

### दबंगों ने घर में घुसकर युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत वीरपुर निवासी दीपक कुमार ने थाना को लिखित तहरीर दी और बताया मैं अपने घर पर था, पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर के मेरे गांव के अनिल कुमार एवं विनोद कुमार पुत्र अहिवरन सिंह, अमित प्रताप पुत्र विनोद कुमार एवं सुशांत पुत्र अनिल कुमार ने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। जिससे मेरा सिर फट गया। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### डंपर चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव हरदुआ हाल निवासी अचरा तिराहा नवाबगंज निवासी रोजगार सेवक विपिन कुमार यादव सोमवार शाम लगभग छह बजे ब्लाक से बाइक से नवाबगंज बाईपास रोड अचरा तिराहा स्थित अपने घर लौट रहा था। नवाबगंज मोहम्मदाबाद मार्ग पर जिओ कार्यालय के सामने पहुंचते ही सामने से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर लगने से विपिन कुमार यादव बाइक से उछल कर पहियों से कुचल गया। घटना को देख मौके पर लोगो की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची। पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मृतक रोजगार सेवक विपिन कुमार यादव की पत्नी नीलम देवी की तहरीर पर मध्य प्रदेश प्रांत के ग्वालियर के बिजौरी चंद्रपुरा निवासी डंपर के चालक सतेंद्र सिंह के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया।

# न्यायालय के आदेश पर ऑनर किलिंग का तीन पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सतीश चंद्र ने न्यायालय के आदेश पर गांव के ही हरवीर, राजेश, इंद्रपाल के विरुद्ध ऑनर किलिंग सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार हरवीर की पुत्री की 25 मार्च समय 10 से 11 बजे अपने घर के अंदर फांसी लगाने से मृत्यु हो गई थी। हरवीर व उनके स्वजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए पुत्री के शव का दाह संस्कार कर दिया था। मृत्यु के बाद गांव वालों में अफवाह होने लगी कि मेरे पुत्र प्रांशु व हरवीर की पुत्री को आपत्तिजनक स्थिति में देखने के कारण पुत्री की हत्या कर शव का दाह संस्कार कर दिया है, जबकि मेरा पुत्र प्रांशु 17 वर्ष घटना के समय रिश्तेदारी में था।

5 अप्रैल को हरवीर, राजेश, इंद्रपाल अपने-अपने हाथों में नाजायज असलाह लेकर मेरे के घर पर चढ़कर आए। मैंने दरवाजा नहीं खोला। गाली-गलौज करते रहे। 7 अप्रैल को कई गांव वालों के सामने हरवीर, राजेश, इंद्रपाल ने ऐलानियां कहा कि हमने अपनी लड़की मार दी है, तुम अपने लड़के के हाथ पैर कटवा दो, नहीं तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। हरवीर की पत्नी ने थाने में मेरे दोनों पुत्रों व अन्य के विरुद्ध झूठा प्रार्थना पत्र दे दिया है, उक्त व्यक्ति हर समय मेरे व मेरे बच्चों के विरुद्ध षडयंत्र कर रहे हैं। कभी भी कोई अप्रिय घटना कारित सकते हैं। मेरे व मेरे स्वजनों को बराबर जान का खतरा बना हुआ है। उपरोक्त लोगों ने स्वयं अपनी पुत्री की हत्याकर शव का दाह संस्कार कर दिया है। उक्त के संबंध में पुलिस से शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तब जाकर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर मेरापुर पुलिस ने मृत पुत्री के पिता सहित तीन लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी। उल्लेखनीय है की मृतिका किशोरी के पिता ने प्रांशु पुत्र सतीश व प्रदीप पुत्र शैलेंद्र के विरुद्ध दुष्कर्म सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।

# बड़े मंगल पर सूरज अल्ट्रासाउंड पर हुआ भण्डारे का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भण्डारे में भक्तों की उमड़ी भीड़

ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल पर शहर के आवास विकास स्थित सूरज अल्ट्रासाउंड डायग्नोस्टिक सेंटर पर भण्डारे का आयोजन हुआ। सूरज ग्रुप के चेयरमैन डॉ. राजीव कुमार पाठक ने विधि विधान से पूजन कर भगवान हनुमान की आरती उतारी और मंदिर पहुंचकर हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन कर भोग लगाया। सनातन धर्म में हर मंगल को हनुमान जी का पूजन करने से सुख समृद्धि की प्राप्ती होती है। आवास विकास स्थित अल्ट्रासाउंड के बाहर पाण्डाल लगाकर भण्डारा आयोजित हुआ। साधु-संतों को भोज कराकर दक्षिणा देकर विदा किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संत जनों ने भण्डारा सम्पन्न कराया। डॉ. वैभव पाठक ने दक्षिणा देकर संतों को विदा किया। डॉ. आयुष पाठक ने भण्डारे की व्यवस्था देखी और सभी को प्रसाद ग्रहण कराया। पूरे दिन चले भण्डारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर के प्रमुख लोगों ने पहुंचकर भण्डारे में भाग लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


प्रसाद वितरित करते डॉ. राजीव पाठक, डॉ. वैभव, डॉ. आयुष पाठक

# रियल जूस पीने से युवक की बिगड़ी हालत, पैकेट फाड़ा तो निकला कचरा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रियल जूस पीने से युवक की हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर आये। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया। जब परिजनों ने पैकेट फाड़कर देखा तो उसमें कचरा निकला, यह देख सभी के होश उड़ गये।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव ममापुर निवासी विवेक कुमार गंगवार ने बताया कि वह बीते दिनों से बीमार चल रहे हैं और बुखार आ रहा है। मंगलवार को एक निजी चिकित्सक की सलाह पर उन्होंने कायमगंज के रोडवेज बस अड्डा के पास स्थित एक दुकान से रियल जूस खरीदा। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने जूस में पाइप लगाकर 24 घूंट पिया तो उसका टेस्ट खराब लगा। इसके बाद उन्होंने एक गिलास में रियल जूस को खोल तो उसमें कचरा निकला। पीड़ित ने बताया कि कुछ ही इस समय में उसे उल्टियां होने लगी। जिससे तबीयत खराब हो गई। इस पर वह दुकान मालिक के पास पहुंचा तो बताया कि दूसरी पैकिंग खोली तो उसका भी टेस्ट अच्छा नहीं था। पीड़ित का कहना है कि उक्त दुकान में भारी माल के भंडारण की जांच कराई जाए। पीड़ित ने बताया कि जूस एक्सपायरी होगा, लेकिन लेवल नया लगा दिया होगा। जिसके बाद परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

# उतार-चढ़ाव वोल्टेज के कारण लोगों के फुंके उपकरण

- बिजली ट्रिपिंग से आमजन का दैनिक जीवन भी प्रभावित

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी के बीच नगर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई है। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बिजली ट्रिपिंग ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। रविवार रात हालात उस समय और बिगड़ गए, जब अत्यधिक ट्रिपिंग और तेज वोल्टेज उतार-चढ़ाव के कारण नगर के कई घरों में टीवी, फ्रिज, इनवर्टर, कूलर, पंखे और अन्य विद्युत उपकरण फुंक गए। अचानक हुए धमाकों और स्पार्किंग की आवाजों से कस्बे में हड़कंप मच गया। लोग घबराकर देर रात तक घरों से बाहर निकल आए। कस्बावासियों के अनुसार रविवार रात बिजली दर्जनों बार तेजी से ट्रिप हुई। कभी बिजली कुछ सेकेंड के लिए आती तो तुरंत चली जाती। इसी दौरान कई घरों में तेज स्पार्किंग हुई और उपकरण धू-धू कर जलने लगे। घटना के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कई परिवारों ने आनन-फानन में अपने घरों की मेन लाइन बंद की, तब जाकर स्थिति कुछ सामान्य हुई। कस्बा निवासी राजीव गुप्ता ने बताया कि अचानक तेज आवाज के साथ उनका एलईडी टीवी और इनवर्टर फुंक गया। अनिल बाथम के घर में फ्रिज खराब हो गया, जबकि सुरेन्द्र सैनी के यहां दो पंखे जल गए। रामबाबू के घर का कूलर और सेटअप बॉक्स खराब हो गया। लोगों का कहना है कि हजारों रुपये के नुकसान के बावजूद विभागीय अधिकारी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कस्बे में लगातार हो रही बिजली ट्रिपिंग से आमजन का दैनिक जीवन भी प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के कारण दिन में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। रात में बिजली बार-बार गुल होने से छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार सबसे अधिक परेशान हैं। पानी की मोटरें न चल पाने से कई मोहल्लों में पेयजल संकट भी गहराने लगा है। व्यापारियों का कहना है कि बिजली की आंख मिचौली से दुकानों और छोटे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में अवर अभियंता रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अत्यधिक ओवरलोड के कारण ट्रिपिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस बाबत उच्चाधिकारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाएगा, तब तक समस्या से पूरी तरह राहत मिल पाना संभव नहीं है। विभाग द्वारा नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।


खराब पड़ा ट्रांसफार्मर

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न

- खराब प्रगति पर बाल विकास परियोजना अधिकारी मोहम्मदाबाद व क्षेत्रीय मुख्य सेविका को कारण बताओ नोटिस जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार लखनऊ के निर्देशों के क्रम में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन तथा अनुश्रवण हेतु जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में बाल विकास विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार मनरेगा, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार एन.आर.एल.एम., अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी एन.आर.सी., समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, समस्त मुख्य सेविका सहित संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

डीएम ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का सही ढंग से वजन एवं लंबाई मापन सुनिश्चित कर सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों का चिन्हांकन करते हुए उनके स्वास्थ्य प्रबंधन एवं पोषण सुधार के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, ताकि उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाया जा सके। माह जून 2026 में आयोजित होने वालेसंभव अभियान की सफलता हेतु प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों की ड्यू-लिस्ट तैयार कर वजन एवं लंबाई मापन सुनिश्चित करने तथा ग्रोथ मॉनीटरिंग डिवाइस की उपलब्धता एवं कार्यशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।


बैठक लेती डीएम

डीएम ने निर्देशित किया कि समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पोषण ट्रैकर एप पर सैम एवं मैम बच्चों का वजन एवं लंबाई सही-सही अंकित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी निरीक्षण के दौरान गलत आंकड़े पाए जाने पर संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मुख्य सेविका एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। बैठक में समस्त मुख्य सेविकाओं को उनकी दैनिक एवं पाक्षिक डायरी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को क्षेत्रीय मुख्य सेविकाओं एवं कार्यकत्रियों का नियमित अभिमुखीकरण प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित कर विभागीय कार्यो मेंगतिशीलता लाने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी अपने विगत माह की निरीक्षण आख्या दिनांक 19 मई तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं जिन केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव हो, उनका सर्वे कर तत्काल आख्या जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित किए जाने तथा केवल नियमानुसार पात्र लाभार्थियों को ही योजना का लाभ दिए जाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं मुख्य सेविकाएं सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के घर-घर भ्रमण कर उन्हें स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए जनजागरूकता का प्रसार सुनिश्चित करें। डीएम ने खराब प्रगति वाले क्षेत्रों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जिन मुख्य सेविकाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं है, उन्हें जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। इसी क्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी मोहम्मदाबाद एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य सेविका को खराब प्रगति के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए गए।

# पुलिस के वाहन चेकिंग का भाजपा नेता व व्यापारियों ने किया विरोध

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज नगर में बीते कुछ दिनों से कमालगंज तिराहे पर पुलिस द्वारा लगातार वाहन चेकिंग का भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं व्यापारियों ने जमकर किया। विरोध एवं उच्च अधिकारियों के सामने इस मामले को उठाने का समर्थन किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार के साथ जा रहे भाजपा पदाधिकारी को पुलिस ने चेकिंग के दौरान रोक लिया। जिस पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा पदाधिकारी से पुलिस की तिखी नोंकझोंक हो गई। नोकझोंक होती देखकर आसपास के व्यापारी इकट्ठे हो गए और सभी व्यापारियों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष का समर्थन किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि पुलिस हर हर रोज कमालगंज तिराहा पर चेकिंग के लिए खड़ी हो जाती है। जिसमें नगर के लोगों को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है एवं किराए पर व्यापारियों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। कोई दवा लेने जा रहा है, कोई सब्जी लेने जा रहा है, कोई दूध लेने जा रहा है, इसलिए हेलमेट लगाना लोग भूल जाते हैं एवं कस्बे के अंदर इधर से उधर जाने के लिए बराबर कागज दिखाने और हेलमेट चेकिंग के नाम पर डेली चालान कर दिए जाते हैं। वहीं व्यापारियों ने विरोध करते हुए बताया कि नगर के अंदर निजी काम से बाइक पर जा रहे नगर के लोगों का आए दिन चालान हो रहा है। जिससे व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं व्यापारियों द्वारा इस मामले को उच्च अधिकारियों के सामने उठाने का समर्थन किया गया।

# नगर की समस्याओं को लेकर भाकियू स्वराज गुट ने दिया धरना

▸ ईओ को ज्ञापन सौंप समाधान करने की उठायी मांग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत की विभिन्न समस्याओं के समाधान न होने को लेकर भाकियू स्वराज गुट के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने पूर्व में ही मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन का ऐलान किया था। उसी को लेकर मंगलवार सुबह भाकियू जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा के आवास पर भाकियू कार्यकर्ता एकत्रित हुए और कार्यकर्ताओं का हुजूम डीजे के साथ हाथों में लाठी-डंडे लेकर नारेबाजी करते हुए मुख्य बाजार मार्ग होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। यहां जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ता परिसर में जमीन पर बैठे और नगर की समस्याओं का समाधान न होने पर खरी खोटी सुनाने लगे। भाकियू जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि जिस उम्मीद से नगर वासियों ने सहयोग कर अनिल कुमार राजपूत को चेयरमैन बनाया था। उनकी उम्मीद पूरी करने में वह असफल हो रहे हैं। तीन वर्ष बीतने के बाद नगर की स्थित में कोई सुधार नहीं हो सका है और आवश्यक कार्य भी नहीं कराए जा रहे हैं।

पप्पू राठौर, प्रदीप राठौर उर्फ पप्पू, बजरंगी आदि ने भी अपनी अपनी भड़ास निकाली। अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह को अपने साथ जमीन पर ही बिठाकर एक एक समस्या को हल कराने पर विस्तृत चर्चा की। ईओ ने कार्यकर्ताओं के द्वारा बताई गई समस्याओं का तीन माह में समाधान करने का वायदा किया। कार्यकर्ताओं ने नगर के वार्ड 8 शास्त्री नगर में स्थित तालाब की सफाई न होने से मार्ग व गलियों में जलभराव की होने वाली समस्या को रोकने, नगर में स्थित तालाबों पर अतिक्रमण होने से रोकने व तालाबों की साफ- सफाई कराने, वार्ड 6 में सतीश के घर से मिश्रा ट्रेडिंग कंपनी तक नाली निर्माण कराने, नगर वासियों को मच्छरों के प्रकोप से बचाने के लिए दवा का नियमित छिड़काव कराने, नगर के वार्ड 11 में गुनगुन होटल से रामदेव कठेरिया के घर तक सीसी निर्माण कराने, नगर के वार्ड 12 गोविन्द नगर में पप्पू राठौर के प्लाट से अनुज तिवारी के घर तक सीसी, नाली का निर्माण कराने आदि 6 मांगो का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ईओ प्रमोद कुमार सिंह को सौंपा। ईओ ने सभी मांगो को 3 माह के अन्दर पूरा करने का भरोसा दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, पप्पू राठौर, प्रदीप राठौर, विनीत राठौर, वीरेश दिवाकर, मानेंद्र सिंह, आशु ठाकुर, अमित ठाकुर, राजीव राठौर, जुगनू राठौर, पिंटू शर्मा, संजय शर्मा, वेदप्रकाश, अवधेश पाठक आदि मौजूद रहे।


ईओ को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

# आईसेक्ट फर्रुखाबाद को मिला बेस्ट सेंटर अवार्ड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आईसेक्ट के अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट को लखनऊ में संपन्न राज्य स्तरीय विकसित भारत कॉन्क्लेव में बेस्ट सेंटर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिला प्रबंधक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि श्रेष्ठ कार्य, गुणवत्ता परक प्रशिक्षण, स्टूडेंट क्वालिटी ट्रेनिंग के लिए एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट को बेस्ट सेंटर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। आइसेक्ट के उपाध्यक्ष अरविंद चतुर्वेदी, जोनल हेड लियाकत अली खोखर आदि ने अवार्ड प्रदान किया एवं विकसित भारत के योगदान में उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट फर्रुखाबाद आईसेक्ट इंडिया के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उनका कौशल संवर्धन कर रोजगार के लिए तैयार कर रहा है। इंस्टीट्यूट विगत 24 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है। इंस्टीट्यूट से निकलने वाले छात्र-छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं और समाज में अग्रणी भूमिका में है। सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इंस्टीट्यूट स्थापना से ही ग्रामीण शिक्षा पर विशेष कार्य कर रहा है। इंस्टीट्यूट द्वारा कौशल विकास सहित केन्द्र व प्रदेश सरकार की कई योजनाएं निरंतर संचालित होती हैं। जिनमें छात्रों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है। इस अवसर पर काउंसलर फाल्गुनी भैरवानी, सुपर्णा मिश्रा, राधिका सोमवंशी, शैलेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

सेंटर पर मनाया गया 25वां स्थापना दिवस


सम्मानित होते सुरेन्द्र पाण्डेय

# इंटर ग्रुप शूटिंग कम्पटीशन कैंप में कैडेट्सों ने लिया भाग


शूटिंग का प्रशिक्षण लेते कैडेट्स

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-32) इंटर ग्रुप शूटिंग कंपटीशन कैंप के पहले दिन कैंप कमांडेंट कर्नल एएस मलिक ने सभी 174 एनसीसी कैडेट्स का ओपनिंग एड्रेस आयोजित किया। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट्स को अनुशासित रहकर प्रशिक्षण लेने की बात कही। उन्होंने बताया कि कोई भी एनसीसी कैडेट कैंप के दौरान कैंप परिसर से बाहर नहीं जाएगा। खाने पीने तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखेंगे। गर्मी बहुत ज्यादा पड़ रही है, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। बचने के लिए लगातार पानी पीते रहे, वॉशरूम तथा लिविंग एरिया हमेशा क्लीन रखें। आपस में किसी प्रकार का वाद विवाद ना करें। यदि कोई लाइन डिसिप्लिन तोड़ता है तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। मोबाइल प्रशिक्षण के दौरान कोई भी एनसीसी कैडेट्स नहीं रखेगा। समय से प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हो, टाइम से सोना, लाइट ऑफकरना, दिन में लाइट का ना जलाना, वॉशरूम का प्लस सही से प्रयोग करना शामिल है। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट्स को आश्वासन दिया कि किसी भी बटालियन के इस ग्रुप कंपटीशन में भेदभाव नहीं होगा। कम्पटीशन में निष्पक्ष निर्णय लिया जाएगा। ओपनिंग एड्रेस का समापन एनसीसी सॉन्ग से किया गया। प्रातः 8:30 से शूटिंग प्रशिक्षण पीआई प्रशिक्षक द्वारा प्रारंभ किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स का प्रशिक्षण स्वयं कैंप कमांडेंट कर्नल एएस मलिक तथा एडम अफसर कर्नल अमनदीप सिंह खरौड की देखरेख में किया गया। सभी एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण लेकर अत्यंत प्रसन्नचित मुद्रा में दिखे। कैंप में कैप्टन बलविंदर सिंह, कैप्टन गिरिजा शंकर, थर्ड अफसर नरेंद्र कुमार, कैम्प जेसीओ सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार दिनेश सूबेदार शैलेंद्र सिंह, सूबेदार गिरिराज किशोर आदि पी स्टाफने शूटिंग प्रशिक्षण दिया।

# लखनऊ घटना की तहसील सदर के अधिवक्ताओं ने की निंदा


ज्ञापन सौंपते तहसील सदर के अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तहसील बार एसोसिएशन के सचिव अतुल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। अधिवक्ताओं ने दिये गये ज्ञापन में मांग की कि दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की जाये। दो दिन पूर्व लखनऊ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठी-चार्ज किया गया, चैम्बर गिरा दिये गये। अधिकांश अधिवक्ता घायल हुए है उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस घटना से अधिवक्ताओं में रोष है। तहसील बार एसोसिएशन इस घटना की निंदा करता है और मांग करता है कि दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाये। अधिवक्ताओं के विरुद्ध पुलिस ने मनगढ़ंत कहानी बनाकर जो मुकदमा दर्ज किया है उसे वापस लिया जाये। अधिवक्ता साथियों के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाये। एडवोकेट प्रोटेक्शन पारित कर लागू किया जाये। लखनऊ में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जाये आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर तहसील सदर के अधिवक्तागण मौजूद रहे।

दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग

# आलू की खरीददारी न होने पर किया विरोध प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मंडी सातनपुर में सरकारी आलू खरीद केंद्र पर किसानों का आलू नहीं खरीदने का विरोध प्रदर्शन अशोक कटियार के नेतृत्व में किया गया। एशिया प्रसिद्ध सातनपुर आलू मंडी में गत 28 अप्रैल को सरकारी खरीद केंद्र का शुभारंभ हुआ था। जिसकी अवधि मात्र 20 दिन खुला रहा। पिछले दिन 18 मई को बन्द कर दिया गया।

इन 20 दिनों में किसानों का एक किलो आलू भी नहीं खरीदा गया। बिल्कुल भी आलू नहीं खरीदने से गुस्साए किसानों ने विरोध में प्रदर्शन किया। अशोक कटियार ने कहा आलू की घोर मंदी से बदहाल किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित 650 रुपए कुंतल भाव में खरीद होने की आशा जगी थी, लेकिन सरकारी खरीद केंद्र पर किसानों का आलू न खरीदकर क्रूर मजाक किया गया। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जनपद में शीघ्र ही आलू पर आधारित उद्योग की स्थापना की जाए। सरकार द्वारा पोलैंड, चीन, रूस आदि में अपने प्रतिनिधि मंडल भेजकर वहां से तकनीक मंगाकर आलू से बोदका, स्टार्च, शराब व कार्बोहाइड्रेट वाली व कैंसर रोधी दवाएं आदि बनाने हेतु उद्योग लगवाए जाएं। आलू को राशन की दूकानों पर वितरण करवाया जाए तथा पड़ोसी देशों में निर्यात करवाया जाए, इसके साथ ही सरकार ने दिल्ली, हरियाणा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में कहीं 200 यूनिट, कहीं 300 यूनिट फ्री बिजली देने की बात की है फिर उत्तर प्रदेश को क्यों अछूता किया गया है। यहां उत्तर प्रदेश में भी 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाए। इस मौके पर अशोक कटियार, आकाश कटियार, राजवीर कठेरिया, विजय आचार्य, राजीव यादव लालू, परशुराम वर्मा, रामलड़ैते राजपूत, सुधीर वर्मा रिंकू, अरविन्द राजपूत, मुन्ना सिंह, श्रीचंद मिश्रा, योगेन्द्र सिंह राठौर, आलू निर्यातक सुधीर शुक्ला, हरिश्चंद्र राजपूत, रक्षपाल सिंह, सुभाष चन्द्र आदि मौजूद रहे।


विरोध जताते किसान भाई

## खबरें एक नजर में

### सदर विधायक ने किया 33/11 के.वी. उपकेन्द्र का उद्घाटन


नये उपकेंद्र का शुभारम्भ करते सदर विधायक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने नये विद्युत उप केंद्र व ट्रांसफार्मरों का उद्घाटन किया। अतिरिक्त 05 एमवीए परिवर्तक की स्थापना हुई। स्थापना होने से राजीव गांधी नगर, नबाव न्यामत खां, सिंधी कालोनी, रेलवे रोड, गढ़ी कोहना, जटवारा, रस्तोगी मोहल्ला इन मोहल्लों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होगी। नया कोल्ड फीडर का निर्माण किया गया। निर्माण से मैनरोड देवरामपुर, स्टेशन रोड, शिवनगर कालोनी, घेरशामू खां मोहल्लों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होगी। नया डिग्गीताल फीडर का निर्माण किया गया। फीडर निर्माण से डिग्गीताल एवं तलैया फजल इमाम मोहल्लों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होगी। नया महावीरगंज फीडर निर्माण ने कालीदेवी, स्माइलगंज, मदारवाडी, महावीरगंज, सुनहरी मस्जिद, सिकत्तरबाग, नितगंज़ा मोहल्लों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होगी। इस मौके पर अधिशासी अभियंता व अन्य लोग मौजूद रहे।

### आवारा कुत्तों की नसबंदी में लापरवाही का आरोप, डीएम से शिकायत


जानकारी देते अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका द्वारा आवारा कुत्तों की नसबंदी के नाम पर बड़ी लापरवाही किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक सामाजिक संगठन की ओर से जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ता आयुष सक्सेना व हर्ष माथुर ने बताया कि नगर पालिका की ओर से जिले में करीब तीन हजार आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए टेंडर जारी किया गया था। आरोप है कि नसबंदी के बाद कुत्तों को जिन स्थानों से पकड़ा गया था, वहां वापस छोड़ने के बजाय अन्य स्थानों पर छोड़ा जा रहा है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में कहा गया है कि कई स्थानों पर जांच करने पर पता चला कि जिन क्षेत्रों से कुत्तों को नसबंदी के लिए ले जाया गया था। वहां उन्हें वापस नहीं छोड़ा गया। आरोप लगाया गया कि संबंधित फर्म द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। शिकायतकर्ता आयुष सक्सेना, अनुभव मिश्रा व हर्ष माथुर आदि लोगों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर संबंधित फर्म के खिलाफ कार्रवाई करने और आवारा कुत्तों को उनके मूल स्थानों पर पहुंचाने की मांग की है।

### बकरीद की नमाज सड़क पर न अदा करने की हिदायत


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली परिसर में आने वाली बकरीद के संबंध में पीस कमेटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने शांति व्यवस्था एवं आपसी भाईचारे की अपील की है। उन्होंने बताया कि बकरीद की नमाज सड़क पर अदा न कर मस्जिद परिसर में अदा करें। पीस कमेटी की बैठक में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री/नगर अध्यक्ष अमित सेठ, उधोग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष सुवोध गुप्ता, मंशाराम, अतुल गुप्ता, अमित पालीवाल, अमित गुप्ता, विनीत सक्सेना, अनुराग कौशल, हिमांशु शर्मा, मनीष अरोड़ा, श्यामू गुप्ता, अखिल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रा.वि. हजरतपुर में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर में आयोजित भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन बड़े उत्साह एवं सांस्कृतिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। शिविर का आयोजन 13 मई से 19 मई तक किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं, कविता, कहानी, संवाद, भाषा खेल एवं भारतीय सांकेतिक भाषा से जुड़ी अनेक गतिविधियों में भाग लिया। शिविर का संचालन कक्षा 5 के छात्र चंद्रसेन ने किया। लोगों ने छात्र चंद्रसेन के आत्मविश्वास और मंच संचालन की सराहना की। समापन समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। बच्चों ने हिंदी, तमिल, पंजाबी, गुजराती, बंगाली तथा अन्य भारतीय भाषाओं में अभिवादन प्रस्तुत कर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को सजीव किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कविता पाठ, कहानी मंचन, संवाद प्रस्तुति तथा सांकेतिक भाषा के माध्यम से संदेश प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर को मेरी भाषा मेरी पहचान, श्भाषाएँ जोड़ती हैं तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे आकर्षक संदेशों से सजाया गया था। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर, चित्रकथाएँ एवं भाषा चार्ट विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। शिविर के दौरान बच्चों को खेल-खेल में भाषा सीखने, आत्मविश्वास से बोलने तथा अपनी मातृभाषा एवं भारतीय संस्कृति पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय में प्रतिदिन भाषा खेल, शब्द श्रृंखला, पहेली प्रतियोगिता, लोकगीत, कविता अभिनय तथा रचनात्मक गतिविधियाँ कराई गई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भाषा मित्र, कविता रत्न, कहानी स्टार एवं रचनात्मक बालक जैसे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने बताया कि इस प्रकार के शिविर बच्चों में भाषा कौशल, रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को विकसित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


कार्यशाला में मौजूद बच्चे

# जिला एथलेटिक्स टीम का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा 29वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 1 जून से 2 जून को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित होगा। प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष वर्ग की आयोजित होगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ी 24 जून 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। राज्य स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए जिला टीम का चयन 22 जून को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में होगा। प्रतिभाग करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ी सचिव योगेश शुक्ला से सम्पर्क करें। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 24 से 28 जून तक उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली 65वीं राष्ट्रीय इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# अग्निकाण्ड पीड़ितों की सहायता हेतु व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन


डीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता सगठन के पदाधिकरियों के साथ जिला मुख्यालय फतेहगढ़ पहुँचकर जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में कहा कि कायमगंज सब्जी मंडी में 17 मई को हुए अग्निकांड में छह दुकाने फल मंडी की पूरी तरह जलकर खाक हो गई थी। पीड़ित व्यापारियों को प्रशासन से सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी से मांग की। उन्होंने अपनी आख्या लगाई और कहा हम संबंधित अधिकारियों से बात करके शीघ्र ही सूचित करेंगे। कायमगंज में जब तक फायर ब्रिगेड की स्थापना नहीं होती है। तब तक एक गाड़ी परमानेंट कायमगंज मुख्यालय में रखने की व्यवस्था की जाए। डीएम ने आश्वासन दिया फायर ब्रिगेड विभाग से जानकारी करके ऐसी व्यवस्था करने का प्रबंध करेंगे। मंडी में ट्यूबवेल चालू अवस्था में रखे जाएं तथा जनरेटर भी चालू अवस्था में रखे जाए, ताकि मौका पड़ने पर पानी आसानी से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को उपलब्ध हो सके। दुकानदारों की दुकानें पूरी तरह जल गई हैं। उन व्यापारियों को उचित समय के लिए मंडी समित में जो खाली दुकान हैं, उन पर बैठने की व्यवस्था कराई जाए। सौंपने के दौरान सत्यनारायण वर्मा, पीड़ित दुकानदार इफ्तेखार खान, शानू भाई, भाई मियां, मोहम्मद उमर, संजय शर्मा, शीलू भाई आदि उपस्थित थे।

# सभासदों ने जलभराव की समस्या से निदान को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज नगर पंचायत के वार्ड 13 नेहरूनगर के गनीपुर जोगपुर क्षेत्र में मंझना रोड से बरतल जाने वाले मार्ग पर वर्षो से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को सभी सभासदों ने अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। यह जलभराव विशेष रूप से दो तालाबों के बीच सड़क पर देखा जाता है, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। यह समस्या कई वर्षों से चली आ रही है। वार्ड के सभासद बृजमोहन ने इस संबंध में नगर पंचायत अधिकारियों को कई बार अवगत कराया था। उन्होंने समस्या के समाधान के लिए कई बार निरीक्षण सूचनाएं भी दीं, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार दोपहर को सभी सभासद नगर पंचायत कार्यालय पर एकत्र हुए। इसके बाद वे अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार के कार्यालय पहुंचे और उन्हें जलभराव की समस्या के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। सभासदों ने अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार से इस समस्या का तत्काल और स्थायी समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कुलदीप कुमार राजपूत, बृजमोहन, अमन राठौर, राहुल यादव, अनिल शाक्य सहित कई अन्य सभासद मौजूद रहे।

# दूसरे दल छोड़कर आये लोगों को सपा की दिलायी गई सदस्यता

▸ पार्टी कार्यालय पर हुआ स्वागत, पीडीए को मजबूत करने का किया आवाह्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी जिला संगठन की बैठक पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। मुखिया के निर्देशों के आदेशानुसार पीडीए आंदोलन की जमीन को मजबूत करने की तैयारी शुरु की गई। पार्टी कार्यालय पर दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में दूसरे दल छोड़कर आये लोग शामिल हुए। जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि पीडीए को मजबूत करने के लिए पार्टी का कुनबा दिनों-दिन बढ़ रहा है। जिला महासचिव इलियास मंसूरी एवं सदर विधानसभा प्रभारी पवन कठेरिया के प्रयास से दूसरे दल के लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले आदर्श सक्सेना, विशाल जाटव, अंशुल कुमार, नीरज कुमार जाटव, राजीव कुमार कठेरिया, रवि शर्मा, नितिन शर्मा, उत्कर्ष कटियार, रजत कठेरिया, प्रभु दयाल कठेरिया, प्रदीप श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शाक्य, हरिश्चंद्र दिवाकर, अमित शाक्य, महेंद्र कठेरिया, विशाल कठेरिया, अमित कुमार सक्सेना, श्रीकांत राठौर, रोहित राठौर, सचिन श्रीवास्तव, अमित कुमार, कौशलेंद्र माथुर आदि लोगों ने अपने साथियों के साथ दूसरे दलों को छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा पीडीए आंदोलन को मजबूत करने में लगे हुए हैं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र कठेरिया, शिव शंकर शर्मा, राजपाल यादव, जुल्फिकार अब्बास जैदी, मुदस्सिर खां, लियाकत खां, शिवम पटेल, अर्चित शर्मा आदि मौजूद रहे।


स्वागत के दौरान मौजूद नवनियुक्त कार्यकर्ता

# ग्रीष्मावकाश की खुशी में बच्चों ने विद्यालय स्टाफ के साथ किया श्रमदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पौधों में पानी लगाने के दौरान मौजूद बच्चे

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में ग्रीष्मावकाश की खुशी में बच्चों ने स्कूल स्टाफके साथ पांच दर्जन गमलों एवं क्यारियों में जमकर भरा पानी। मुख्यमंत्री की घोषणा से बच्चों ने खुश होकर स्कूल परिसर की सफाई, वृक्षारोपण जल संरक्षण, संचारी रोग नियंत्रण, ईको क्लब के माध्यम से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पौधों में खूब पानी लगाया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि स्कूल परिसर हरा भरा बना रहे इसके लिए वह छुट्टियों में भी हर रविवार को पौधों में पानी देने आते रहेंगे। गर्मी की छुट्टी में सभी बच्चों को होमवर्क दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक के निर्देश पर रसोइयों ने बच्चों को पूड़ी सब्जी और मेवा युक्त खीर खिलाई। सुरुचिपूर्ण भोजन मिलने पर सभी बच्चे बहुत खुश नजर आए। इस अवसर पर विकास वर्मा, जयवीर सिंह, कमलेश राजपूत, मेमवती, पिंकी राजपूत, भगवान देवी, सत्यवती, आशा मौजूद रहे।

# विद्युत संविदा कर्मचारियों ने वेतन भुगतान को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी ने खंड कार्यालय कायमगंज क्षेत्र में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता शिव शंकर विद्युत वितरण खंड कायमगंज को ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों ने बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान कराने सहित कई मांगें उठाई और समस्याओं के समाधान की मांग की। संघ की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया कि खंड कायमगंज के अंतर्गत उपकेंद्रों पर कार्यरत आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों को माह अप्रैल 2026 का वेतन अब तक नहीं दिया गया है। कर्मचारियों ने जल्द से जल्द भुगतान कराने की मांग की। कार्य क्षेत्र अधिक होने और कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण संविदा कर्मियों को कार्य करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि सीमित स्टाफ के चलते कार्य का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। संविदा कर्मचारियों ने श्रम विभाग के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें आठ घंटे और 26 दिन के हिसाब से वेतन दिया जाता है, जबकि उनसे 12 घंटे तक लगातार तथा पूरे 30 दिन कार्य लिया जा रहा है। ऐसे में अतिरिक्त समय तक कार्य लेने पर ओवरटाइम अथवा अतिरिक्त भुगतान दिए जाने की मांग की गई है। कंपनी द्वारा लाइनमैन एवं एसएसओ को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है, ताकि कर्मचारी सुरक्षित तरीके से कार्य कर सकें। कर्मचारियों ने कहा कि सुरक्षा संसाधनों के अभाव में हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। अंडरग्राउंड ब्रेकडाउन का टेंडर समाप्त हो जाने के बावजूद कार्य कराया जा रहा है। कर्मचारियों ने मांग की कि दो दिन के भीतर कंपनी द्वारा भुगतान किया जाए और नियमों के विपरीत कार्य न कराया जाए। ऐसा न होने पर कर्मचारियों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने प्रशासन से जल्द समाधान कर संविदा कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से लेने की मांग की है।


विरोध प्रदर्शन करते विद्युत संविदा कर्मी

# शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेले में 36 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 02 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया व रिक्तियां 150 के सापेक्ष मेला मे 41 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 41 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 36 अभ्यर्थियों का मारूति सुजुकी इण्डिया लि0 गुजरात-32 (अप्रेन्टिसशिप/एफ0टी0सी0), एन0टी0एफ0 इण्डिया प्रा0लि0 मानेसर हरियाणा-04 जॉब ट्रेनी अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, बृजेश कुमार कार्यदेशक, सुनील कुमार प्लेसमेन्ट प्रभारी, रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, विजेन्द्र सिंह भास्कर, राजकिशोर महतो एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।


रोजगार मेले में मौजूद अभ्यार्थी

## खबरें एक नजर में

### हिंदू आस्था से जुड़े प्राचीन पीपल के पेड़ की कटाई पर बवाल, ग्रामीणों में आक्रोश



**पसगवां खीरी।** पसगवां थाना क्षेत्र के ताजपुर चौकी अंतर्गत सोहक ग्राम पंचायत के मजरा रमपुरा में हिंदू धर्म में पूजनीय माने जाने वाले एक प्राचीन पीपल के पेड़ को काटे जाने का मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना को लेकर गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने इसे धार्मिक आस्था से खिलवाड़ बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के बाहर स्थित यह भारी भरकम पीपल का पेड़ वर्षों पुराना था और आसपास के लोग इसकी पूजा-अर्चना करते थे। लोगों का कहना है कि कुछ अराजक तत्वों ने चोरी-छिपे पेड़ को कटवा दिया। सूत्रों के मुताबिक पेड़ काटने वाला व्यक्ति किरियारा गांव निवासी दूसरे समुदाय का बताया जा रहा है। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि धार्मिक महत्व वाले पेड़ को जानबूझकर निशाना बनाया गया है, जिससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। मामले की सूचना मिलने के बाद वन विभाग भी सक्रिय हो गया। जानकारी लेने पर वन दरोगा अखिलेश ने बताया कि विभाग को घटना की सूचना मिल गई है। प्रारंभिक जांच में खेत स्वामी की भूमिका सामने आई है, जिस पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना को लेकर गांव में चर्चाओं का दौर जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

### विशेष लोक अदालत में वादों को सुलह समझौते से निपटारा कराकर लाभ लें: सचिव

**प्रतापगढ़।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रतापगढ़ श्रीमती शाम्भवी द्वितीय द्वारा बताया गया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा 21, 22 व 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसके लिए जनपद प्रतापगढ़ जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। साथ-साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ द्वारा यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 जिसका आयोजन उच्च न्यायालय के निर्देशन में किया जा रहा है, में अपने वादों को सुलह समझौते के माध्यम से निपटारा कराया जा सकता है।सचिव द्वारा जनता से यह अपील की गई है कि जिनके वाद वर्षो से लम्बित है वे अपने वाद को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराकर लाभ प्राप्त करें। सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ में सम्पर्क कर सकते है।

### पटल प्रभारी द्वारा शिक्षकों की ड्यूटी दूर लगाने पर शिक्षकों ने तहसील का घेराव किया



**प्रतापगढ़।** प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों व शिक्षामित्रों तथा अनुदेशकों की ड्यूटी सुपर वाइजर और प्रगणक के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा उनके कार्यालय व निवास स्थान के नजदीक लगायी गयी थी,परन्तु सबको मकान सूचीकरण भी आवंटित हो गयी थी लेकिन सोमवार शाम पटल प्रभारी द्वारा बड़ी संख्या में अवैध तरीके से शिक्षकों के ड्यूटी स्थल में परिवर्तन कर दिया गया। जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त हो गया और विद्यालय समय के पश्चात सभी शिक्षक तहसील परिसर पहुंचे। पटल प्रभारी द्वारा अभद्रता किये जाने पर शिक्षक आक्रोशित हो गये और शिक्षकों ने पटल प्रभारी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया।बाद में उप जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार ने शिक्षक प्रतिनिधियों से वार्ता की और समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।इस विरोध प्रदर्शन में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ पन्ना लाल यादव राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र प्रताप सिंह यूटा अध्यक्ष संजय सिंह शिक्षामित्र संघ अध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष अमित सिंह पुष्पा खरे, विजय लक्ष्मी सुषमा देवी, स्वाती गिरि, मिथिलेश यादव सहित सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए।

### धानी चौकी क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा है अवैध मिट्टी खनन

**महराजगंज।** वृजमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी धानी के आसपास क्षेत्रों में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन माफियाओं का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि दिन-रात जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। लगातार बढ़ रही इस गतिविधि ने स्थानीय प्रशासन और मुकामी पुलिस की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। धड़ल्ले से हो रही मिट्टी खनन से पूरा चौकी क्षेत्र प्रभावित हैं इससे साबित होता है कि मिट्टी खनन माफियाओं के जादू से मुकामी पुलिस तमाशबीन बनी हुई है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं वहीं दिन प्रतिदिन बढ़ती मिट्टी खनन माफियाओं की सक्रियता से उर्वरा शक्तियां क्षीण होती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया बिना किसी भय के सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए खेतों और सार्वजनिक भूमि से मिट्टी निकाल रहे हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। गांव की सड़कों पर तेज रफ्तार से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही से आम लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई न की जा रही है यही कारण है कि खनन माफियाओं के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध कारोबार इतने बड़े पैमाने पर संचालित हो रहा है। सूत्रों की मानें तो रात के अंधेरे में अवैध खनन का खेल और भी तेज हो जाता है, जहां भारी मशीनों की गूंज से पूरा इलाका प्रभावित रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता लोगों के बीच संदेह पैदा कर रहा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध खनन में लिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पर्यावरण संतुलन को सुरक्षित रखा जा सके।

### चौकी इंचार्ज के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई, पुलिसकर्मियों ने दी शुभकामनाएं

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** मतवार चौकी इंचार्ज कन्हैया राय के स्थानांतरण पटेहरा कला चौकी पर होने से हलिया में मंगलवार को भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने फूल माला पहनाकर और उपहार देकर विदा किया।विदाई के दौरान चौकी इंचार्ज को गुलदस्ते और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। टेबल पर मिठाई, माला और उपहार रखे गए थे। पुलिसकर्मी और महिला सिपाहियों ने भी समारोह में हिस्सा लिया और उनके कार्यकाल की सराहना की थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि चौकी इंचार्ज का कार्यकाल अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जनता से बेहतर समन्वय के लिए याद रखा जाएगा। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में हलिया थाना व चौकी स्टाफ के साथ कई स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। विदाई के दौरान भावुक माहौल देखने को मिला। इस दौरान एसआई घनश्याम सिंह, श्याम लाल, महेंद्र प्रताप यादव, शिवजी यादव, हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे आदि मौजूद रहे।

### हथेड़ा गांव में 100 केवीए ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, धू-धू कर जला

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव के गुलाब तिराहा स्थित 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में सोमवार की दोपहर अचानक आग की चपेट में आ गया और धू-धू कर जलने लगा। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों के मुताबिक ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरा ट्रांसफार्मर जलकर राख हो गया। घटना के बाद गांव की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे लोगों को गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तुरंत नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि फसल और घरेलू कामकाज दोनों प्रभावित हो रहे हैं। सूचना पर पहुंची बिजली विभाग की टीम ने मौके का जायजा लिया और क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कोटार नाथ मंदिर में गर्मी में श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए शीतल जल और शरबत का वितरण

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** कोटार नाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष नीरज सिंह व सदस्यों ने तेज गर्मी और हीट वेव के बीच कोटार नाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाने के लिए लोगों द्वारा शीतल जल और शरबत वितरण का आयोजन किया गया। युवाओं की टोली ने पिकअप वाहन से पानी और शरबत लाकर मंदिर पर आए श्रद्धालुओं को वितरित किया। पुरुष, महिलाएं और बच्चे कतार में खड़े होकर ठंडा पानी और शरबत ले रहे हैं। सेवा में लगे युवाओं ने हाथों में गिलास और बर्तन लेकर श्रद्धालुओं की सेवा की।आयोजकों ने बताया कि परषोत्तम मास और गर्मी के मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं को लू और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए यह सेवा शुरू की गई है। श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की और इसे पुण्य का काम बताया। ऐसे आयोजन से न केवल श्रद्धालुओं को राहत मिल रही है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी बढ़ रही है।इस दौरान नीरज सिंह, श्याम सुन्दर चौबे, प्रदीप कुमार, विपिन सिंह, प्रमोद मिश्रा, रामानंद मौर्य आदि मौजूद रहे।

---

**ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले स्कूल पहुंचीं गोला एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी**

# क्लास वर्क न कराने पर शिक्षकों को फटकारा

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने से एक दिन पहले मंगलवार को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने अहमदनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। सुबह करीब 9:30 बजे विद्यालय पहुंचीं एसडीएम ने कक्षाओं में जाकर बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति और विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि कुछ शिक्षक बच्चों को छुट्टियों का होमवर्क देने में लगे हुए थे, जबकि कक्षाओं में नियमित क्लास वर्क नहीं कराया जा रहा था। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए शिक्षकों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि विद्यालय का अंतिम शिक्षण दिवस होने के बावजूद बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। केवल होमवर्क देकर औपचारिकता पूरी करना उचित नहीं है, बल्कि बच्चों को अंतिम दिन भी नियमित रूप से पढ़ाया जाना चाहिए ताकि उन्हें शैक्षणिक लाभ मिल सके।

एसडीएम ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कक्षा में सक्रिय रूप से शिक्षण कार्य कराया जाए और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, मिड-डे मील, विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं और शिक्षकों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने उत्साहपूर्वक उनके सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एसडीएम ने बच्चों को टॉफी और बिस्कुट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को छुट्टियों का सदुपयोग करने और नियमित अध्ययन जारी रखने की सीख भी दी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति और उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने विद्यालय स्टाफ को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यालय परिसर की सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखी जाए। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के अचानक निरीक्षण से विद्यालय स्टाफ में हड़कंप मचा रहा। शिक्षकों ने उन्हें विद्यालय संचालन से जुड़ी जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा विद्यालय पहुंचकर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लेने की सराहना की।

## ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर मितौली क्षेत्र में जगह-जगह लगे भंडारे



**मितौली खीरी।** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर कस्बा मितौली सहित क्षेत्र भर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से ही मंदिरों और भंडारा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही तथा लोगों ने भगवान श्रीहनुमान जी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी मितौली आवास पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता, तहसीलदार प्रभारी दिनेश कुमार तथा क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए बृहद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत



**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के कस्ता-ममरी रोड पर हुए बीते बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसे में घायल साइकिल सवार मजदूर की लखनऊ में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है, वहीं पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबिकापुरवा निवासी बाबूराम करीब 55 वर्ष भट्ठे पर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह प्रतिदिन की तरह बुधवार को साइकिल से काम पर जा रहा था। इसी दौरान कस्ता-ममरी रोड पर किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से बाबूराम को तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में इलाज के दौरान बाबूराम ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की पहचान और तलाश के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा अन्य माध्यमों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। बाबूराम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## चार चोरी की मोटरसाइकिलों संग तीन शातिर गिरफ्तार

- बाइक चोर गिरोह का खुलासा
- निघासन व सिंगाही क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली निघासन पुलिस ने सर्किल क्षेत्र में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सिंगाही रोड स्थित मोटे बाबा मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया। मंगलवार को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों को न्यायालय भेज दिया।

क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार के पर्यवेक्षण तथा कोतवाल अवधराज सिंह सेंगर के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आदित्य यादव, उपनिरीक्षक तकी मोहम्मद, कांस्टेबल राजकुमार, प्रभात सिंह, प्रशांत तेवतिया और राहुल शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लवकुश निवासी ग्राम पचपेड़ा थाना सिंगाही, कपिल निवासी ग्राम धर्मापुर थाना मझगई और निहाल पाल निवासी शिवलालपुरवा थाना निघासन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इनमें तीन हीरो स्प्लेंडर प्लस और एक हीरो एचएफ डीलक्स बाइक शामिल है। पुलिस के अनुसार बरामद मोटरसाइकिलें अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई थीं। इनमें सीएचसी निघासन परिसर से चोरी हुई बाइक, रकेहटी सब्जी बाजार से चोरी हुई मोटरसाइकिल तथा सिंगाही बाजार क्षेत्र से चोरी की गई दो अन्य बाइकें शामिल हैं। पुलिस ने सभी बरामद वाहनों को कब्जे में लेकर संबंधित मुकदमों से जोड़ते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ निघासन शिवम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ पूर्व से कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी लवकुश पर छह, निहाल पाल पर पांच और कपिल पर आठ आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर अन्य चोरी की घटनाओं और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की जानकारी जुटाने में लगी है। कोतवाल अवधराज सिंह सेंगर ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### दुबार चौकी के सामने ओवरलोड बालू वाहनों से वसूली का वीडियो वायरल

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज दुबार पुलिस चौकी की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि चौकी के सामने से गुजरने वाले ओवरलोड बालू लदे वाहनों से सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों द्वारा खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है। इस कथित वसूली का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो दैनिक जागरण पुष्टि नहीं कर रहा है। बताया जा रहा है कि दुबार चौकी के सामने प्रतिदिन बालू लदे ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली की जाती है। आरोप है कि मामले की पड़ताल करने पहुंचे एक पत्रकार ने जब मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो उसे रोकने का प्रयास किया गया। इसी दौरान चौकी से कुछ दूरी पर मौजूद एक स्थानीय दुकानदार ने पत्रकार पर वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाया और कथित रूप से धमकी भी दी। आरोप के मुताबिक, पत्रकार द्वारा स्ट्रिंग आपरेशन किए जाने की भनक लगने पर कुछ लोगों को उसके पीछे लगाया गया था। बाद में बाइक से पहुंचे एक व्यक्ति ने पत्रकार को रोककर उसका मोबाइल फोन छीन लिया और वीडियो जबरन डिलीट कर दिया। यह भी आरोप लगाया गया कि उक्त व्यक्ति ने पत्रकार के सामने ही दुबार चौकी इंचार्ज को फोन किया। पत्रकार को धमकाने और मोबाइल छीनने से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। अब लोगों की निगाहें पुलिस के आला अधिकारियों पर टिकी हैं कि वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है। इस संबंध में चौकी प्रभारी कुंवर मनोज सिंह ने कहा कि वायरल वीडियो किसी प्राइवेट व्यक्ति का है पुलिस कर्मियों का इससे कोई संबंध नहीं है।

## अवैध खनन पर निघासन क्षेत्राधिकारी की बड़ी कार्रवाई, एक जेसीबी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

- कड़िया गांव के पास रात में छापेमारी, अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हुए खनन माफिया

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ पुलिस ने सोमवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक जेसीबी मशीन को सीज कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि कड़िया गांव के आसपास रात के समय अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने की शिकायत लगातार मिल रही थी। सोमवार रात ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर निघासन क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार के निर्देशन में सिंगाही और तिकुनिया पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस टीम के पहुंचते ही खनन में लगे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। अंधेरे का फायदा उठाकर खनन माफिया मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने मौके से मिट्टी से लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और खनन कार्य में इस्तेमाल की जा रही एक जेसीबी मशीन को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने सभी वाहनों को तिकुनिया कोतवाली लाकर सीज कर दिया है। साथ ही मामले की सूचना खनन विभाग को भी भेज दी गई है, ताकि नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा सके। पुलिस अब फरार आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने कहा कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाकर ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन में लिप्त लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

## राजगढ़ में बिजली की कटौती से गर्मी ने किया जीना दुश्वार, गर्मी का पारा चढ़ा

**राजगढ़ (मिर्ज़ापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के राजगढ़ पावर हाउस से बिजली कटौती जारी है बिजली कटौती होने से गर्मी ने जीना किया दुशवार। टेंपरेचर हाई लेवल पर चला गया है और भीषण गर्मी पड़ रही है लेकिन सही तरीके से बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। राजगढ़ पावर हाउस से संचालित होने वाले फीडर राजगढ़ फीडर, भवानीपुर फीडर, खोराडीह फीडर, करौदा फीडर संचालित होते हैं। इतनी ज्यादा पैसा गर्मी पड़ रही है कि अगर बिजली ना आए तो लोग परेशान हो जाते हैं सबसे ज्यादा परेशानी पानी की होती है। बिजली न होने से 30 गांव प्रभावित हो रहे हैं इसके अलावा हर घर नल योजना के तहत पानी की सप्लाई पर भी प्रभाव पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मैं आदेश दिया था कि मैं के महीने में कटौती न की जाए इसके बावजूद बिजली की कटौती लगातार जारी है जिससे जल मानस को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है इसके अलावा पशुपालक भी परेशान हो रहे हैं। इन चारों फीडरो का यही हाल है। बिजली कटौती से सभी वर्ग परेशान हो रहे हैं झूलते हुए केबल के तार दुर्घटना को दावत दे रहे हैं इसके अलावा बिजली के खंभे भी लोहे की जाली पर टिके हुए हैं। सरदार पटेल मिनी स्टेडियम के पास बिजली का खंभा स्टेडियम की जाली के पास टिका हुआ है अगर जाली नहीं होती तो केवल का तार टूट गया होता और बिजली प्रभावित हो जाती है लेकिन बिजली विभाग को यह सब नहीं दिख रहा है।

## नरेंद्र कुमार यादव को मिली बरौंधा चौकी की कमान

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जिले में कई उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इसी क्रम में नरेंद्र कुमार यादव को बरौंधा पुलिस चौकी का नया चौकी इंचार्ज बनाया गया है। वहीं बरौंधा चौकी में तैनात रहे चौकी इंचार्ज संजय कुमार का स्थानांतरण टेढ़वा चौकी कर दिया गया है। सोमवार को नवागत चौकी इंचार्ज नरेंद्र कुमार यादव ने बरौंधा चौकी पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के प्रधानों, पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना होगा।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप क्षेत्र में अमन-चैन और कानून व्यवस्था कायम रखना उनकी जिम्मेदारी है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगी। इस मौके पर सदानन्द तिवारी तिवारी, रामकृत चौहान, पप्पू कुशवाहा, श्याम बिहारी सहित क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ शातिर युवक गिरफ्तार

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जनपद महराजगंज में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना फरेंदा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में फरेंदा पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर अभियुक्त को अवैध असलहे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान किशन पुत्र इंद्रजीत विश्वकर्मा, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी ग्राम सिधवारी टोला हरिबंशपुर, थाना फरेंदा, जनपद महराजगंज के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। फरेंदा पुलिस द्वारा अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा उससे पूछताछ कर अन्य संभावित आपराधिक गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने का अभियान लगातार जारी रहेगा। इस सराहनीय कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मधुकर सिंह, उपनिरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक मनीष कुमार राम, हेड कांस्टेबल हरिकेश नाथ यादव तथा हेड कांस्टेबल तेज प्रताप यादव शामिल रहे। पुलिस टीम की इस सक्रिय कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## पुरुषोत्तम मास में शिव मंदिरों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**महराजगंज।** पुरुषोत्तम मास के शुभारंभ होते ही जनपद के छोटे बड़े शिव मंदिरों पर भक्तों के आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। पुरुषोत्तम मास का शुभारंभ 17मई दिन रविवार से हुआ है इस मास को अधिक मास भी कहते हैं। इस मास के शुभारंभ होने से वैवाहिक कार्यक्रम, मुण्डन संस्कार, उपनयन, गृह प्रवेश, नये घर का आदि शुभ कार्य प्रतिबंधित हो जाते हैं। आज इस मास को लेकर भूत-भावन भगवान शिव के मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप सहित अन्य पूजन अर्चन वन्दन शुरू हो गये है जिससे शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है आलम यह हों गया है कि सुबह से लेकर शाम तक शिव मंदिरों पर पूजन अर्चन वन्दन शुरू रहता है ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा लेहड़ा तपा शिवमय हो गया है। अधिक मास के शुभारंभ से चारों तरफ हर हर महादेव का जयघोष सुनाई दे रहा है न चाहते हुए भी इस घोर कलियुग में धर्म के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था से दिन प्रतिदिन शिवालयों पर श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे। आज जनपद का हर छोटा-बड़ा शिवमन्दिर आस्था का प्रमुख केन्द्र बन गया है। पुरुषोत्तम मास का शुभारंभ 17मई से हुआ है और समापन15जून को होगा।इन सवालों के घेरे में अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए शिवभक्तों ने अपने अंदाज में शिवमन्दिरों की ओर रुख कर लिया है।

## लखनऊ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में फरेंदा बार एसोसिएशन का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन फरेंदा के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेंद्र गौतम को तीन सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमकुमार सिंह एवं मंत्री अजीत मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में कानून के रक्षकों पर इस प्रकार की कार्रवाई बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि थाना ठाकुरगंज पुलिस द्वारा निहत्थे अधिवक्ताओं पर बल प्रयोग कर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। अधिवक्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार थाना ठाकुरगंज प्रभारी सहित दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही घायल अधिवक्ताओं के समुचित इलाज, आर्थिक सहायता एवं सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बार पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में लगातार अधिवक्ताओं के साथ हो रही घटनाएं चिंता का विषय हैं। सरकार को अधिवक्ताओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करना चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राम सहाय गुप्ता, अरविंद कुमार मिश्र, विनय श्रीवास्तव, सतेंद्र सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुनील मणि त्रिपाठी, मोहम्मद हई खां, सुरेन्द्र पाण्डेय, मनोज कुमार मिश्र, अरविन्द उपाध्याय, अतुल श्रीवास्तव, अनिल मौर्य, ओंकार मौर्या, शशांक त्रिपाठी, मृदुल यादव, अनिमेष चौधरी, रत्नेश त्रिपाठी, गिरधारी जायसवाल, मोहम्मद उस्मान, तेज प्रताप सिंह, विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।